


प्रयागराज, गुरुवार, 30 मार्च, 2023

चैत्र मास, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 11, अंक 337, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स



प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news


### योगी कैबिनेट ने 22 प्रस्तावों पर लगाई मुहर, छात्रों को मिलेगी बड़ी राहत, बिजली व्यवस्था सुधरेगी

# नगर निकाय चुनाव में आरक्षण का रास्ता साफ

### यूपी निकाय चुनाव के लिए ओबीसी आरक्षण संशोधन प्रस्ताव पर लगी मुहर, 48 घंटे में जारी हो सकती है अधिसूचना, युवाओं के लिए बड़ा ऐलान, 25 लाख स्मार्टफोन का मिलेगा तोहफा, चार निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने के प्रस्तावों को मंजूरी, ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर की भी होगी स्थापना, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को उत्तर प्रदेश में भी लागू करने का निर्णय लिया, अयोध्या में 3 मार्गों को चौड़ा करने और उनके विस्तारीकरण के प्रस्तावों को मंजूरी, 465 करोड़ रुपये खर्च होंगे

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में बुधवार को लोकभवन में कैबिनेट बैठक हुई। बैठक में कई फैसलों पर मुहर लगी। वहीं निकाय चुनाव में आरक्षण को लेकर पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट को दी भी कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है।

इसमें ओबीसी आरक्षण संशोधन विधेयक को मंजूरी दी। नगर निकाय चुनाव में पिछड़ा वर्ग आरक्षण को लेकर ये बदलाव किया गया। योगी सरकार की कैबिनेट बैठक में मुहर लगने के बाद निर्वाचन आयोग अगले 48 घंटे में अधिसूचना जारी कर सकता है।



यूपी कैबिनेट बैठक के बाद वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और नगर विकास विभाग के मंत्री अरविंद कुमार शर्मा ने प्रेस कान्फ्रेंस में फैसलों की जानकारी दी। शर्मा ने कहा, हमने 5 दिसंबर को ओबीसी को 27 फीसदी आरक्षण के साथ सभी संवैधानिक प्रक्रिया का पालन करते हुए निकाय चुनाव आरक्षण की घोषणा की गई थी, लेकिन हाईकोर्ट के निर्देश के बाद पिछड़ा वर्ग आयोग गठित किया गया था। 9 मार्च को ही ओबीसी आयोग की रिपोर्ट मिलने के बाद सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी मिल गई है। शर्मा ने कहा, ओबीसी आयोग की सिफारिशों के अनुसार, नगर पालिका अधिनियम और नगर निगम अधिनियम में संशोधन करने होंगे। इसके लिए अध्यादेश लाया जाएगा।

पिछले चुनावों में अभी तक हुए आरक्षण को शून्य माना जाएगा। महापौर, नगरपालिका और नगरपंचायतों के लिए नए सिरे से आरक्षण व्यवस्था लागू होगी. ऐसे में माना जा रहा है कि पिछले चुनाव में आरक्षण के आधार पर होने वाले चक्रानुक्रम आरक्षण की जगह ताजा तरीके से आरक्षण दिया जाएगा। एक दो सीट अनुसूचित जाति के लिए भी आरक्षित की जा सकी है।

वहीं चार निजी विश्वविद्यालयों को आशय पत्र जारी करने के प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय शाहजहांपुर, टीएस मिश्रा विश्वविद्यालय लखनऊ, फारुख हुसैन विश्वविद्यालय आगरा और विवेक राष्ट्रीय विश्वविद्यालय बिजनौर शामिल हैं।

वहीं राम मंदिर निर्माण के दृष्टिगत अयोध्या में 3 मार्गों को चौड़ा करने और उनके विस्तारीकरण के प्रस्तावों को मंजूरी मिली। इस पर 465 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा रायबरेली-डलमऊ- फतेहपुर मार्ग को 700 मीटर की लंबाई में चार लेन में परिवर्तित किया जाएगा। इसेसे रायबरेली एम्स को चार लेन कनेक्टिविटी उपलब्ध हो सकेगी। केंद्र सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन को उत्तर प्रदेश में भी लागू करने का निर्णय लिया है। बाराबंकी, रायबरेली और मऊनाथ भंजन में बंद पड़ी कताई मिलों की निष्प्रयोज्य भूमि को एमएसएमई पार्क तथा आइटी/आइटीईएस पार्क की स्थापना के लिए उपयोग में लाने का निर्णय। 15 साल से अधिक पुराने पंजीकृत वाहनों की स्क्रैपिंग के लिए उन पर बकाया कर में छूट देने का निर्णय लिया गया है। वहीं उप्र गुंडा नियंत्रण अधिनियम की धाराओं में संशोधन करते हुए डीएम के अलावा एडीएम, पुलिस कमिश्नर, संयुक्त पुलिस आयुक्त और अपर पुलिस आयुक्त को भी अधिकार देने का निर्णय भी लिया गया। इसके अलावा ऊर्जा और निकाय के प्रस्तावों को पेश किया गया। इनमें से एक था ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर की स्थापना का। इसे भी मंजूरी मिली है। ग्रीन एनर्जी कॉरिडोर देश में कई जगह बनने की बात कही थी। फेज टू प्रोग्राम के तहत 4 हजार मेगावाट की रिन्यूएबल एनर्जी को बुंदेलखंड क्षेत्र में यह परियोजना लगनी है।

उत्तर प्रदेश सरकार जल्द ही यूपी के युवाओं के लिए 25 लाख स्मार्टफोन बांटेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अगुवाई में बुधवार को हुई कैबिनेट मीटिंग में इस पर मुहर लगी। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने बुधवार को कैबिनेट बैठक के बाद युवाओं को इस बड़े तोहफे का ऐलान किया। 25 लाख स्मार्टफोन और 10 लाख टैबलेट खरीद के लिए यूपी सरकार जल्द ही निविदा जारी करेगी। खन्ना ने कहा कि बीजेपी सरकार के संकल्प पत्र में जो दो करोड़ स्मार्टफोन बांटने का लक्ष्य रखा गया था, उसका यह बड़ा हिस्सा है।

#### *ऑनलाइन मिलेंगे जन्म-मृत्यु प्रमाणपत्र*

नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने कहा, अर्बन सेक्टर की सेवाओं का डिजिटलाइजेशन होगा। जन्म, मृत्यु, प्रापर्टी आदि के प्रमाणपत्र ऑनलाइन मिलेंगे। सरकार को रियल टाइम डेटा उपलब्ध होगा। भारत सरकार द्वारा नेशनल अर्बन डिजिटल मिशन के जरिये इसमें मदद दी जा रही है। एक सोसाइटी बनाकर ये कार्य किया जाएगा।

#### *10 हजार किलोमीटर का विद्युतीकरण*

एके शर्मा ने बताया, विद्युत लाइनों को 10 हजार किलोमीटर तक बदला जाएगा। ऑप्टिकल फाइबर लेने बिछाने का प्रस्ताव। डेटा सेंटर पर आएगा रियल टाइम डाटा। विद्युत उपयोग की रियल टाइम जानकारी मिलेगी। इसमें 70 प्रतिशत लोन, 10 प्रतिशत केंद्र और 20 प्रतिशत यूपी सरकार की लागत होगी। *एजेंसी*

# कर्नाटक में चुनाव की तारीख का ऐलान

### 10 मई को विधानसभा चुनाव और 13 को आयेंगे नतीजे: वायनाड में उपचुनाव पर चुनाव आयोग ने कहा- 6 महीने का वक्त है, इंतजार करेंगे

**नई दिल्ली।** कर्नाटक में विधानसभा चुनाव 10 मई को होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने बुधवार को कहा कि वोटिंग एक चरण में कराई जाएगी। कर्नाटक में 5.21 करोड़ मतदाता हैं, जो 224 विधानसभा सीटों पर मतदान करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि जो लोग 1 अप्रैल को 18 साल के होंगे, वो भी वोट डाल सकेंगे। इसके लिए हमने एडवांस एप्लिकेशन मंगवा ली है। राज्य में मौजूदा भाजपा सरकार का कार्यकाल 24 मई को खत्म हो रहा है। इस बार मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और जेडीएस के बीच रहेगा। पिछली बार जेडीएस-कांग्रेस साथ थी, लेकिन इस बार जेडीएस अलग चुनाव लड़ेगी।



चुनाव आयोग ने 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीट पर उप-चुनाव का ऐलान भी किया है। राहुल गांधी की संसद सदस्यता रद्द होने के बाद खाली हुई वायनाड सीट पर चुनाव की घोषणा नहीं की गई है। इस पर सवाल पूछा गया तो राजीव कुमार ने कहा- खाली सीट पर चुनाव कराने के लिए 6 महीने का वक्त होता है। ट्रायल कोर्ट ने राहुल गांधी को 30 दिन का वक्त दिया है ताकि वो ऊपरी अदालत में अपील दायर कर सकें। इसलिए अभी हम इंतजार करेंगे। राजीव कुमार ने कहा कि आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय पार्टी के दर्जे की भी हम समीक्षा कर रहे हैं।

#### *4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव भी होंगे*

इसके अलावा पंजाब और यूपी समेत 4 राज्यों की 5 विधानसभा सीटों पर भी 10 मई को उपचुनाव होंगे। नतीजे 13 मई को आएंगे। पंजाब की जालंधर, ओडिशा की झारसुगुड़ा, उत्तर प्रदेश की छानबे और स्वार, मेघालय की सोहियोंग सीट पर उप-चुनाव होंगे।

उधर, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व सीएम सिद्धारमैया ने कहा, '2023 का चुनाव मेरा आखिरी चुनाव होगा। इसके बाद मैं चुनावी प्रक्रिया से दूर रहूंगा।' उन्होंने कहा कि वह वरुणा सीट के अलावा, कोलार सीट से भी चुनाव लड़ेंगे।

# यूपी विधानसभा के सामने पढ़ी नमाज

### लखनऊ में उजमा परवीन ने कहा- हिंदुस्तान में कहीं भी नमाज पढ़कर दिखा देंगे...जांच के दिए आदेश

**लखनऊ।** ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) की नेता रहीं उजमा परवीन ने सोमवार को विधानभवन के पास मेट्रो स्टेशन के गेट के बाहर नमाज पढ़ी। उन्होंने इससे संबंधित वीडियो व तीन फोटो अपने ट्विटर हैंडल से पोस्ट किए। मंगलवार को वीडियो, फोटो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर पुलिस के उच्चाधिकारियों ने जांच के आदेश दिए हैं। बाजारखाला निवासी उजमा सीएए-एनआरसी विरोधी प्रदर्शन में सक्रिय रही थीं। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में लखनऊ पश्चिम सीट से एआईएमआईएम की प्रत्याशी भी घोषित हुईं, लेकिन कुछ वजहों से उनका नामांकन रद्द हो गया था। डीसीपी सेंट्रल अपर्णा रजत कौशिक ने बताया कि ट्वीट की जांच की जा रही है। पता किया जा रहा है कि नमाज कहां पढ़ी गई है। यदि कानून का उल्लंघन किया गया होगा तो उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।



उजमा परवीन ने कहा कि विधानभवन के पास मेट्रो स्टेशन के गेट के बाहर मैंने नमाज अदा की थी, जिसका वीडियो व फोटो मैंने पोस्ट किया। यह देश मेरा है। किसी दूसरे की भावनाओं को आहत किए बगैर कहीं भी नमाज पढ़ सकते हैं। वही मैंने भी किया। *एजेंसी*

# नफरत फैलाने वाले भाषणों पर सख्त हुआ सुप्रीम कोर्ट

### हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा-जब नेता राजनीति में धर्म का इस्तेमाल करना बंद कर देंगे, तो नफरत भरे भाषण भी रुक जाएंगे, वाजपेयी-नेहरू की मिसाल देकर बोला शीर्ष कोर्ट- याद कीजिए, लोग उन्हें सुनने दूर-दूर से आते थे

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में बुधवार को जस्टिस केएम जोसेफ और जस्टिस बीवी नागरत्ना की बेंच ने हेट स्पीच मामले पर सुनवाई की। जस्टिस बीवी नागरत्ना ने पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की मिसाल देते हुए कहा, 'वाजपेयी और नेहरू को याद कीजिए, जिन्हें सुनने के लिए लोग दूर-दराज से इकट्ठा होते थे। हम कहां जा रहे हैं?' वहीं जस्टिस केएम जोसेफ ने कहा- हर रोज टीवी और सार्वजनिक मंचों पर नफरत फैलाने वाली बयान दिए जा रहे हैं। क्या ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकते? जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे। नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे। उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे।' लाइव लॉ के मुताबिक, जस्टिस केएम जोसेफ ने मामले में राज्य सरकार के रवैये पर तल्ख टिप्पणी की। उन्होंने कहा, 'राज्य नपुंसक हैं। वे समय पर काम नहीं करते। जब राज्य ऐसे मसलों पर चुप्पी साध लेंगे तो फिर उनके होने का मतलब क्या है?'



#### *हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल: याचिकाकर्ता*

शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए।

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। संगठन पिछले चार महीने में 50 से अधिक रैलियां आयोजित कर चुका है।

#### कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता

पिछली सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि हेट स्पीच को लेकर कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता है। अगर हर छोटी अवमानना की याचिका पर सुनवाई होने लगे तो सुप्रीम कोर्ट देश भर से हजारों याचिकाओं से भर जाएगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस केएम जोसेफ ने इस बात पर जोर दिया कि अवमानना याचिका की सुनवाई होनी चाहिए।

नफरती बयानों यानी हेट स्पीच को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने तल्ख टिप्पणी की है। जस्टिस केएम जोसफ ने कहा- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक तानाबाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। उसके नाम पर विवाद हो रहे हैं। *एजेंसी*

## अतीक को सजा सुनाने वाले जज की बढ़ी सुरक्षा

**लखनऊ।** माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद की सजा सुनाने वाले न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला की सुरक्षा बढ़ाई गई है।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, उन्हें वाई श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। उमेश पाल अपहरण कांड में फैसला आने के बाद शासन की ओर से यह कदम उठाया गया है। जानकारी के मुताबिक, न्यायाधीश दिनेश चंद्र शुक्ला ने न्यायिक सेवा में आने के बाद भदोही जिले से करियर की शुरूआत की। वह मूलरूप से रायबरेली के रहने वाले हैं। बता दें कि कल ही यानी मंगलवार को राजू पाल हत्याकांड के गवाह रहे उमेश पाल अपहरण कांड में एमपीएमएलए कोर्ट ने माफिया अतीक, दिनेश पासी व अधिवक्ता खान शौलत हनीफ को उम्रकैद की सजा सुनाई है। कोर्ट ने आरोपियों पर 9300 रुपये का अर्थदंड भी लगाया था। इसके साथ ही एक-एक लाख रुपये क्षतिपूर्ति देने का भी आदेश दिया। यह क्षतिपूर्ति पीड़ित परिवार को दी जाएगी।

## स्वार और छानबे सीट पर उपचुनाव की घोषणा

### 10 मई को वोटिंग, यूपी के रामपुर में सवा साल में चौथा चुनाव, यहां अब्दुल्ला आजम था एमएलए



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के रामपुर जिले की स्वार विधानसभा और मिजार्पुर की छानबे सीट पर उपचुनाव कराने का एलान चुनाव आयोग ने कर दिया है। रामपुर की स्वार विधानसभा सीट सपा नेता आजम खां के पुत्र अब्दुल्ला आजम की विधायकी रद्द किए जाने की वजह से खाली हुई थी। दोनों ही सीटों पर 10 मई को वोटिंग होगी और 13 मई को परिणाम आएंगे। अब्दुल्ला आजम को मुरादाबाद की कोर्ट ने 13 फरवरी 2023 को 15 साल पुराने मामले में दो साल की सजा सुनाई थी। 29 जनवरी 2008 को छजलैट पुलिस ने पूर्व मंत्री आजम खान की कार को चेकिंग के लिए रोका था, जिससे उनके समर्थक भड़क गए थे। इसके बाद समाजवादी पार्टी के कार्यकताओं ने जमकर हंगामा किया था। इस हंगामे में अब्दुल्ला समेत नौ लोगों को आरोपी बनाया गया था। पुलिस ने इस मामले में हंगामा करने वाले सभी लोगों पर सरकारी काम में बाधा डालने और भीड़ को उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया था। इस मामले में कोर्ट ने आजम खां के साथ अब्दुल्ला आजम को भी दो साल की सजा सुनाई थी। इसके बाद विधानसभा सचिवालय की ओर से 15 फरवरी को अब्दुल्ला आजम की विधायकी रद्द किए जाने संबंधी आदेश जारी किया गया था। *एजेंसी*

# कुशीनगर में सीएम योगी ने दी विकास परियोजनाओं की सौगात

### सीएम योगी बोले- एक साथ चल रहे नवरात्र रमजान, कहीं कोई हलचल नहीं, सीएम ने खड्डा तहसील में 451 करोड़ रुपये की लागत से 329 परियोजनाओं का लोकार्पण तथा 1546 करोड़ रुपये की लागत से विभिन्न विधानसभाओं में 461 परियोजनाओं का शिलान्यास किया

**कुशीनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश के नागरिक सुख, समृद्धि व शांति में विश्वास करते हैं। उपद्रव में नहीं, उत्सव में विश्वास करते हैं। माफिया नहीं, महोत्सव में विश्वास करते हैं। प्रदेश के लोगों में बड़ा सामर्थ्य है और सरकार इस सामर्थ्य को समृद्धि से जोड़ने में लगी है। सीएम योगी बुधवार को कुशीनगर जिले के खड्डा स्थित गांधी किसान इंटर कॉलेज आयोजित शिलान्यास-लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे रहे थे। इस दौरान जनपद को सौगात देते हुए उन्होंने 451 करोड़ रुपये की लागत वाली 106 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण किया। समारोह में मुख्यमंत्री ने सभी लोगों को चैत्र नवरात्र व श्रीराम नवमी की बधाई दी। कहा कि यह वही प्रदेश है जहां पहले विकास का पैसा चंद लोगों की जेब में चला जाता था। यहां तक कि राशन भी चंद लोगों की जेब में ही जाता था। पर्व-त्योहार आते ही दंगों के भय से लोग घरों से बाहर नहीं निकलते थे। शासन-प्रशासन पर्वों को प्रतिबंधित कर देता था। आज उत्साह व उमंग के साथ हर पर्व व त्यौहार मनाए जा रहे हैं। वर्तमान में नवरात्र व रमजान एक साथ चल रहे हैं लेकिन कहीं भी कोई हलचल नहीं है।



#### *हर व्यक्ति तक पहुंचेगा शासन की योजना का लाभ*

मुख्यमंत्री ने कहा कि शासन की हर योजना का लाभ हर व्यक्ति तक पहुंचेगा इसमें कोई भी डकैती नहीं डाल सकता। उन्होंने कहा कि विकास में धन की कमी आड़े नहीं आएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक जबरदस्त सकारात्मक माहौल बन चुका है। मां लक्ष्मी की भी कृपा है कि किसी भी चीज की कमी नहीं है। हम संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं और बड़ी बड़ी परियोजनाएं शुरू की जा रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि कुशीनगर मेरे लिए अपने घर जैसा है। लंबे समय तक आप सबके बीच रहकर यहां की समस्याओं को जानने तथा कार्य करने का मुझे लंबा अनुभव है। आपके बीच रहकर जो जाना और सीखा उस अनुभव का लाभ आज उत्तर प्रदेश के सभी नागरिकों को मिल रहा है। सीएम ने कहा कि कुशीनगर के समस्याओं में एक प्रमुख इंसेफेलाइटिस की समस्याथी। बड़ी संख्या में मासूम बच्चे असमय काल कवलित होते थे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में बीते 6 वर्ष में कार्ययोजना बनाकर किए गए कार्य से कुशीनगर, देवरिया, गोरखपुर, महाराजगंज समेत समूचे पूर्वी उत्तर प्रदेश में इंसेफेलाइटिस से कोई भी मासूम दम नहीं तोड़ेगा। इसके लिए हमने पुख्ता व्यवस्था कर दी है। कुशीनगर में भी मेडिकल कॉलेज होगा, पहले या एक सपना था लेकिन आज हकीकत है।

#### *जल्द साकार होगा अंतरराष्ट्रीय उड़ान का सपना*

मुख्यमंत्री ने कहा कि कुशीनगर में एयरपोर्ट भी सपना था लेकिन अब यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट बन चुका है। कोरोना संकट के चलते यहां से फ्लाइट की संख्या में अभी इजाफा नहीं हुआ है लेकिन आने वाले दिनों में यहां से अनेक उड़ाने शुरू हो जाएंगी। देश मे हर जगह से उड़ान की मांग आने के साथ ही सिंगापुर, बैंकाक, दक्षिण पूर्व एशिया के देशों व श्रीलंका तथा अरब देशों से भी फ्लाइट की मांग आ रही है। जल्द ही यहां से अंतरराष्ट्रीय उड़ान का सपना भी साकार होगा।

#### *जल्द आएंगे कुशीनगर में कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने*

सीएम योगी ने कहा कि किसानों, महिलाओं, नौजवानों समेत हर तबके को विकास परियोजनाओं व शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने के साथ ही कृषि बाहुल्य होने के चलते कुशीनगर में कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की सौगात दी गई है। शीघ्र ही वह कृषि विश्वविद्यालय का शिलान्यास करने भी आएंगे। कुशीनगर समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के सभी जिले इस कृषि विश्वविद्यालय से लाभ प्राप्त करेंगे।

कृषि के क्षेत्र में युवाओं को नौकरी, रोजगार, नवाचार का अवसर मिलेगा तो किसान नए शोध व नवीन तकनीकी से लाभान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की समृद्धि में कुशीनगर के सर्वाधिक उपजाऊ भूमि का भी महत्वपूर्ण योगदान है यहां के प्रगतिशील किसानों ने जिले को पहचान दिलाई है।

# कूनो नेशनल पार्क से आई खुशखबरी

### कूनो में चीता ने 4 शावकों को जन्म दिया: सियाया के साथ नजर आए बच्चे, पहली खेप में नामीबिया से आई थी यह फीमेल चीता

**इंदौर।** भारत में पांच दशक बाद पहली बार चीते का जन्म हुआ है। कूनो नेशनल पार्क में नामीबिया से आई फीमेल चीता सियाया ने बुधवार को 4 शावकों को जन्म दिया। केंद्रीय वन मंत्री भूपेंद्र यादव ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। सियाया के प्रेग्नेंट होने की जानकारी 20 दिन पहले कूनो नेशनल पार्क के मैनेजमेंट को मिली थी। तभी से उसे स्पेशल ट्रीटमेंट दिया जा रहा था। दो दिन पहले फीमेल चीता साशा की मौत हो गई थी। पिछले साल 17 सितंबर को पीएम नरेंद्र मोदी ने अपने जन्मदिन के अवसर पर नामीबिया से लाए गए 8 चीतों को कूनो में छोड़ा था, जिन्हें 50 दिन छोटे बाड़ों में क्वारैंटाइन रखने के बाद बड़े बाड़े में शिफ्ट कर दिया गया। करीब दो महीने पहले तीन फीमेल और दो मेल चीतों को एक बाडे. में छोड़ा गया था। इसी साल 18 फरवरी को दक्षिण अफ्रीका से 12 चीतों की दूसरी खेप कूनो लाई गई थी। 6 जनवरी को चीतों के बीच मेटिंग देखी गई है। हालांकि उस समय कूनो प्रबंधन ने इसकी पुष्टि नहीं की थी। चीतों का गर्भकाल 90 दिनों का होता है। इस लिहाज से मेटिंग के 82 दिनों बाद बच्चे पैदा हुए हैं।



#### *सीएम शिवराज बोले- चीता पुनर्स्थापना प्रोजेक्ट सफलता की दिशा में*

एक अच्छी खबर है..खुशखबरी है..हम एक दिन पहले दुखी हुए थे..किडनी के संक्रमण के कारण सासा को बचा नहीं पाए थे..लेकिन सियाया ने अब 4 शावकों को जन्म दिया है और सभी स्वस्थ हैं..मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन को भी प्रणाम करता हूं। चीता पुनर्स्थापना करने का प्रोजेक्ट सफलता की दिशा में जा रहा है। *एजेंसी*

# हंगामे के बीच संपन्न हुई क्षेत्र पंचायत की बैठक

## बैठक के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में हुई तीखी नोंकझोंक

**बैठक**

**पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय ने सदन की कार्यवाही का किया बहिष्कार**

**पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय ने विकास कार्यों में लगाया अनियमितता का आरोप**


क्षेत्र पंचायत की बैठक में उपस्थित लोग

**बहरिया।** बुधवार को विकास खंड बहरिया मुख्यालय पर ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र की अध्यक्षता में आयोजित क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक भारी हंगामे के बीच संपन्न हो गई। इस दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष में जमकर आरोप प्रत्यारोप का दौर चला। बाद में पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए अपने समर्थक दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्यों के साथ सदन से बाहर निकल आये।

बता दें कि बुधवार को बहरिया ब्लाक मुख्यालय पर क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक आयोजित की गई थी। जिसमें बहरिया के पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय बतौर सदस्य शामिल हुई। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय विकास खंड बहरिया में क्षेत्र पंचायत से कराये गये विकास कार्यों में भारी अनियमितता का मुद्दा उठाया। जिस पर ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र ने पूर्व ब्लाक प्रमुख द्वारा लगाये गये आरोपों को सिरे से इंकार किया। इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर तीखी नोकझोक हुई। बाद में पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए सदन से बाहर निकल आये। योगेश पांडेय के सदन से बाहर निकलते ही उनके समर्थक दर्जनों क्षेत्र पंचायत सदस्य भी सदन की कार्यवाही का बहिष्कार करते हुए बाहर निकल आये। पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय ने मीडिया से वार्ता के दौरान आरोप लगाया कि ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र द्वारा बहरिया ब्लाक में कराये जाने वाले कार्यों को क्षेत्र पंचायत सदस्यों को ना देकर अपने चहेते लोगों को दिया जा रहा है। जिससे क्षेत्र पंचायत सदस्यों को कोई भी कार्य नहीं मिल पा रहा है। इसके साथ ही विकास खंड बहरिया के अंतर्गत क्षेत्र पंचायत से कराये गये विकास कार्यों में भारी अनियमितता बरती गई है। वहींए ब्लाक प्रमुख शशांक मिश्र ने पूर्व ब्लाक प्रमुख योगेश पांडेय द्वारा लगाये गये सभी आरोपों को सिरे से इंकार किया है। शशांक मिश्र ने कहा कि योगेश पांडेय सिर्फ खिसियानी बिल्ली खंभा नोचे वाली कार्य कर रहे हैं। विकास खंड में किसी भी कार्य में कोई अनियमितता नहीं बरती गई है। यदि कोई शिकायत है तो योगेश पांडेय आकर मुझसे लिखित शिकायत करें। उसकी जांच कराकर कार्यवाही की जाएगी। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक का सफल संचालन जेईएमआई हौसिला प्रसाद मिश्र ने की। इसके साथ ही बैठक में एमएलसी निर्मला पासवान विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुई थी। इस मौके पर खंड विकास अधिकारी श्रीश गुप्ता, वरिष्ठ लेखाकार अरुण त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारीए ग्राम प्रधानए जिला पंचायत सदस्य व बीडीसी उपस्थित रहे।

# बीडीओ ने सेक्रेटरी और सेक्टर प्रभारी को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**कार्रवाई**

**कारण बताओ नोटिस जारी होते ही अधिकारियों और कर्मचारियों में मचा हड़कंप**

**मीरकपुर गांव में प्रधानमंत्री आवास आवंटन में बरती गई धांधली का मामला**

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के मीरकपुर ग्रामसभा में पात्र व्यक्तियों को अपात्र करते हुए अपात्रों को प्रधानमंत्री आवास का लाभ दिये जाने के मामले में खंड विकास अधिकारी बहरिया ने एडीओ आईएसबी और संबंधित सेक्रेटरी को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। बीडीओ द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी होने के बाद ब्लाक के अधिकारियों और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है।

खंड विकास अधिकारी बहरिया श्रीश गुप्ता ने बताया कि मंगलवार को मीरकपुर गांव में आवास की जांच करने गया था। जांच में पाया कि मीरकपुर गांव निवासिनी इंद्रावती देवी पत्नी रामानंद के पास पक्का मकान है। किंतु मीरकपुर ग्राम पंचायत की तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पूजा सिंह और सेक्टर प्रभारी राम अवध यादव ने उसे पात्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास को आवंटित कर दिया था। इसके साथ ही मीरकपुर गांव की ही ऊषा देवी पत्नी योगेश कुमार को पात्र होने के बाद भी अपात्र करते हुए प्रधानमंत्री आवास के लाभ से वंचित कर दिया था। जिसे गंभीरता से लेते हुए तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पूजा सिंह और सेक्टर प्रभारी राम अवध यादव कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए दो दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। दो दिन में स्पष्टीकरण प्रस्तुत ना करने पर मीरकपुर ग्राम पंचायत की तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी पूजा सिंह और सेक्टर प्रभारी राम अवध यादव के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी।


गेहूं में आग लगने के बाद जुटी भीड़

# शार्ट सर्किट से गेहूं की फसल में लगी आग

**बहरिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गोपालापुर गांव में बुधवार की दोपहर गेहूं की खड़ी फसल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। जिसके चलते कई बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो गई। स्थानीय लोगों की मदद से गेहूं की फसल में लगी आग पर काबू पा लिया गया। मिली जानकारी के अनुसार गोपालापुर गांव में बुधवार की दोपहर गेहूं की फसल में शार्ट सर्किट से आग लग गई। फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और आग को काबू करने में जुट गए। जब तक लोग आग पर काबू पाते कई बीघे गेहूं की खड़ी फसल जलकर राख हो चुकी थी। इस संबंध में तहसीलदार फूलपुर ओम प्रकाश शुक्ल का कहना है कि फसल में आग लगने की सूचना मिलते ही राजस्व की टीम को मौके पर भेजा गया हूं। रिपोर्ट मिलने के बाद संबंधित लोगों को हुए नुकसान का मुआवजा शासन द्वारा मुहैया करा दिया जाएगा।

# गौरीशंकर नादान के निधन से कलाकारों में शोक

**करछना।** क्षेत्र के कुलमई गांव निवासी आकाशवाणी दूरदर्शन के लोक कलाकार गौरीशंकर नादान के निधन से कलाकारों में गहरा शोक व्याप्त है। बुधवार को रामपुर के लोकमंगल संस्थान में हुई शोकसभा के दौरान जुटे कलाकारों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए अपने साथी को श्रद्धांजलि अर्पित की। वरिष्ठ लोक गायक श्यामलाल बेगाना ने कहा कि अपनी पारंपरिक और माटी के गीतों को बदलते चकाचौंध के बीच भी गौरीशंकर नादान ने मंच पर जीवंत करते रहे। ऐसे साथी के असमय चले जाने से जमुनापार लोक कलाकार जगत में एक बड़ी क्षति है। संस्थान के निदेशक और जागृति मिशन के संयोजक डॉ.भगवत पांडेय ने कहा कि समय-समय पर संस्थान और महोत्सव जैसे आयोजनों में गौरी शंकर की बेहतरीन प्रस्तुतियों कि हम सब साक्षी रहे हैं।ऐसे बेहतरीन कलाकार का असमय निधन बहुत दुखद है। लोगों ने दो मिनट का मौन रखते हुए दिवंगत आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की। इस मौके पर कवि राजेंद्र शुक्ला, रामलोचन सांवरिया, वीरेंद्र कुसुमाकर,जीतेंद्र जलज, अशोक बेशरम लोक कलाकार रामबाबू यादव, मोहिनी श्रीवास्तव, कुंवर सिंह, नींबू लाल यादव, पंचम लाल यादव, सभा यादव, इंद्रजीत यादव, फूलचंद, रणजीत सिंह, मोनू मस्ताना, राम सुचित गोलू, सत्यवान सत्यार्थी सहित कई कवि और लोक कलाकार मौजूद रहे।

# रामनवमी मेला में आज होगा झांकियों का सांस्कृतिक प्रदर्शन

## कलाकार करेंगे प्रशुराम लक्ष्मण संवाद, मेघनाथ वध, महाकाल तांडव का मंचन

**राम नवमी**

**सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर पुरस्कृत कर आयोजन कमेटी करेगी उत्साहवर्धन**



**लालगोपालगंज।** स्थानीय कस्बा में आयोजित तीन दिवसीय रामनवमी मेला के दूसरे दिन विविध कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। विद्युत सजावट कम्प्टशन, लोक कलाकारों द्वारा नवटंकी के साथ क्षेत्र के विभिन्न मोहल्लों से निकाली जाने वाली झांकियों का प्रदर्शन होगा। सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों के मंचन के बाद सर्वश्रेष्ठ आयोजन को कमेटी द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।

मेला के दूसरे दिन गुरूवार को रामनवमी मेले में अपार भीड़ इकट्ठा होने की संभावना है। इस एतिहासिंक मेला को संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों रिहर्सल कर लिया है। प्रथम दिवस शोभा यात्रा से मेला का समापन होगा। दूसरे दिन विविध प्रकार के आयोजन होंगे। साउंड कम्प्टीशन, अद्भुद बिजली सजावट कम्प्टीशन के अलावा झांकियों का प्रदर्शन होगा। झांकियां अपने स्थानों से उठकर नगर का भ्रमण करेंगी, उसके बाद हनुमान चौराहा पर बने कमेटी के मंच के सक्ष लाखों श्रद्धालुओं के मौजूदगी में सांस्कृतिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों का मंचन करेंगी। जिसमें विभिन्न कमेटियों के कलाकारों द्वारा सति वियोग, प्रशूराम-लक्ष्मण संवाद, मेघनाथ वध, महाकाल तांडव आदि का मंचन किया जएगा। सर्वश्रेष्ठ प्रस्तुति को आयोजक कमेटी द्वारा पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया जाएगा।


### नगर पंचायत द्वारा चुस्त-दुरूस्त रखी गई व्यवस्था

**लालगोपालगंज।** तीन दिवसीय रामनवमी मेला को सकुशल संपन्न कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन ने भी चुस्त दुरूस्त व्यवस्था रखी है। अधिशासी अधिकारी संतोष वर्मा ने बताया कि प्रथम वरीयता में पूरा मेला क्षेत्र में साफ सफाई कराकर एंटी लारवा का छिउक व कराया गया है। शाम के समय चार की संख्या में पानी के टैंकर लगाकर सड़कों पर पानी का छिड़काव कराया गया, ताकि भीड़ बढ़ने के बाद धूल न उड़े। इसी के साथ पूरे मेला क्षेत्र में फागिंग कराई गई है। मुख्य मार्गों, गलियों और मेला प्रांगण में खराब पड़ी स्ट्रीय लाइटों को युद्धस्तर पर ठीक करा दिया गया है। बताया कि इस कार्य के लिए छः टीमों का गठन किया गया था। सभी टीमों में एक सुपरवाईजी और इनके उपर वरिष्ठ लिपिक कृष्ण कुमार, रामकैलाश यादव, अब्दुल खालिक को लगाया गया है। मेरा द्वारा भी अवचक निरीक्षण किया गया, जहां कहीं भी समस्या दिखी अधिनस्थों को हिदायत दी गई।

### क्या कहते हैं मेला कमेटी के पदाधिकारी



विगत पांच दशकों से रामनवमी मेला को सर्वसमाज के सहयोग से संपन्न कराया जा रहा है। लालगोपालगंज का रामनवमी मेला सद्भावना एकता और अखंडता की मिसाल है।
**-प्रदीप केसरवानी**
**मेला अध्यक्ष-पूर्व चेयरमैन लालगोपालगंज**


पूर्वजों ने लालटेन और ढ़िबरी की रोशनी में भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव का कार्यक्रम आरंभ किया था। आज वह कार्यक्रम एक विशोल रूप है। मेला में लाखों रामभक्त दर्शन और अपना सहयोग देने आते हैं।
**-प्रवीण कुमार (रानू जायसवाल)**
**महामंत्री -रामनवमी मेला आयोजन कमेटी**


रामनवमी मेला को देखने के लिए आस पास के गावों के हजारों लाखों लोग आते हैं। उनकी सुरक्षा के लिए पुलिस व प्रशासनिक अधिकारी मुस्तैद रहते हैं। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित करता हूं।
**-सर्वेश केसरवानी**
**विशिष्ठ मंत्री-रामनवमी मेला आयोजन कमेटी**


भवान राम के जन्मोत्सव के अवसर पर यह पहला स्थान है जहां तीन दिवसीय मेला का आयोजन होता है, मेला में इतनी भव्यता होती है, जो देखने योग्य है। समाज व नगरवासियों के सहयोग से मेला सकुशल संपन्न कराया जाता है।
**-गौरवराज अग्रवाल**
**उपाध्यक्ष-रामनवमी मेला आयोजन कमेटी**


पचास वर्ष से अधिक समय से हर वर्ष लालगोपालगंज में पुरूषोत्तम भगवान राम का जन्मोत्सव तीन दिवसीय मेला के रूप में मनाया जाता है। हम मांग करते हैं कि प्रदेश व केन्द्र सरकार मेला संपन्न कराने के लिए आर्थिक सहयोग करे।
**-हरिकृष्ण दास (बंगाली)**
**निरीक्षक-रामनवमी मेला आयोजन समिति**


लालगोपालगंज का रामनवमी मेला एक एतिहासिक मेला है। हमारे यहां भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव विगत 50 वर्षों से मनाया जाता है। मेला से आपसी भाईचारा को बल मिलता है। कामना है कि मेला सकुशलता है संपन्न होता रहे।
**-अनूप केसरवानी**
**कोषाध्यक्ष-रामनवमी मेला आयोजन समिति**

## संक्षेप

### सम्राट अशोक जयंती पर जुटे लोग



**खीरी।** बुधवार को देव भूमि इंटरनेशनल स्कूल खीरी में सम्राट अशोक महान का 2327 वा जयंती समारोह में लोगों ने जुट कर बड़े ही धूमधाम से कार्यक्रम आयोजित किया ।जिसमें संबोधन के दौरान श्वेता भारती जिला उपाध्यक्ष जन अधिकार पार्टी ने कहा कि हम सभी को सम्राट अशोक के पद चिन्हों पर चलना चाहिए ।जब सम्राट अशोक द्वारा बनाए गए राजचिन्ह को भारत सरकार अपना राजचिन्ह मान सकती है तो हम सब भी सम्राट अशोक महान के विचारों से जुड़कर अपने देश भारत को पुनः सोने का चिड़िया बना सकते हैं ।कार्यक्रम में इंद्र बहादुर कुशवाहा, चंद्रशेखर आदिवासी, अवकाश प्राप्त प्रवक्ता राम प्रसाद कुशवाहा ,संगठन मंत्री सीमा कुशवाहा ने भी संबोधित किया ।वही मौजूद सभी लोगों ने अशोक के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम आयोजक अशोक कुमार सिंह व पिंकी कुशवाहा ने मौजूद सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया । संचालन जिला सलाहकार साहब लाल ने किया ।वही कार्यक्रम में रंजीत सिंह , अनुज कुमार, विजय नामदेव, पुष्पा देवी, बाबू लाल आदिवासी, शारदा प्रसाद कुशवाहा समेत कई बच्चे शामिल रहे।

### जन शिक्षण संस्थान की प्रशिक्षणार्थियों को मिली सिलाई मशीन



**नैनी।** कौशल विकास और उद्यमिता मंत्रालय भारत सरकार के अधीन संचालित नैनी पीडीए के जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थियों को विश्वकर्मा सम्मान योजना के अंतर्गत सिलाई मशीन एवं प्रमाण पत्र वितरित किए गए। केंद्र की संचालिका जूही सक्सेना ने बताया कि जिला उद्योग केंद्र की ओर से विश्वकर्मा सम्मान योजना के तहत विभिन्न संस्थानों की प्रशिक्षणार्थियों का चयन किया गया जिसमें नैनी पीडीए जन शिक्षण संस्थान के प्रशिक्षणार्थी रंजना सिंह स्नेहा शर्मा पूजा यादव रुचि यादव मेनका यादव एवं केंद्र संचालिका जूही सक्सेना को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राधे-राधे स्वयं सहायता समूह की कोषाध्यक्ष अंजनी सक्सेना ने कहा की विश्वकर्मा सम्मान योजना, मुख्यमंत्री योगी सरकार द्वारा महिलाओं को स्वरोजगार एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए बहुत अच्छा प्रयास है।

### प्रधान संघ बहरिया के निर्विरोध अध्यक्ष बने राजकुमार यादव

**बहरिया।** विकास खंड बहरिया के सभागार कक्ष में बुधवार को प्रधान संघ के अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें चतुरपुर ग्रामसभा के ग्राम प्रधान राजकुमार यादव एडवोकेट को ग्राम प्रधानों ने सर्वसम्मति से निर्विरोध अध्यक्ष के तौर पर चुना। इसके साथ ही ग्राम प्रधानों ने अभईपुर के ग्राम प्रधान राम नरेश भारतीय को उपाध्यक्षए अतनपुर के ग्राम प्रधान सुरेश भारतीय को महासचिवए बादलपुर के ग्राम प्रधान संजीव कुमार को कोषाध्यक्षए भानेमऊ के ग्राम प्रधान सोनू मलिक को महामंत्री और सराय मदन के ग्राम प्रधान शारदा प्रसाद यादव को प्रधान संघ का संरक्षक चुना गया। बैठक का संचालन अनिल पटेल ने की।

# उरुवा ब्लॉक के सिरसा न्यू पीएचसी में लगा स्वास्थ्य मेला, जुटी भारी भीड़

**स्वास्थ्य मेला**

**मेले में 575 लोगों ने पंजीकरण कराकर कराया इलाज**


स्वास्थ्य मेले में उपस्थित सांसद डॉ. रीता बहुगुणा जोशी व अन्य

**उरुवा।** बुधवार को सीएचसी रामनगर के तहत न्यू पीएचसी सिरसा में स्वास्थ्य मेले की शुरूआत हुई। मुख्य अतिथि के आने के पूर्व ही हजारों ग्रामीणों की भीड़ मेले में इकट्ठा हो गई थी। जिसके लिए मौके पर पहुंचे खंड विकास अधिकारी दिनेश सिंह ने निर्देश दिया कि सभी को मेले का लाभ दिया जाए। इस पर सीएचसी रामनगर के अधीक्षक डॉ. नीरज कुमार पटेल तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. दुष्यंत सिंह ने सभी को निर्देशित किया कि सभी लोग अपने अपने काउंटर पर पहुंचे और लाभार्थियों को संतुष्ट कर मेले को संपन्न बनाएं। न्यू पीएचसी सिरसा में लगने वाले स्वास्थ्य मेले में अनेक काउंटर लगाए गए थे। जिससे लाभार्थी हर स्टाल पर जाकर योजनाओं की जानकारी ले रहे थे। मेले में पूर्व विधायक करछना कलेक्टर पांडेय, सीएमओ डॉ. आशू पांडेय, एसीएमओ सतेंद्र राय, खंड विकास अधिकारी उरुवा दिनेश सिंह, अधीक्षक डॉ. नीरज सिंह पटेल, डॉ.दुष्यंत सिंह,डॉ.राममूर्ति यादव, फार्मासिस्ट महेन्द्र सिंह, सीडीपीओ रमेश कुमार, खंड शिक्षा मिशन प्रबंधक विनय कांत शुक्ल,डॉ. अमरेश तिवारी, बाबा ओझा, अमरेंद्र शुक्ल, आशीष मिश्र उर्फ मुन्ना पुतुल मिश्र सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कर रहे मनोज सविता तथा सांसद प्रतिनिधि शिवा पांडेय सभी योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों को मेले में लगे काउंटर से सुविधाएं प्राप्त करने का निर्देश दे रहे थे। दोपहर 12 बजे के बाद मुख्य अतिथि के रूप में पहुचीं इलाहाबाद सांसद प्रोफेसर डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने फीता काटकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ. रीता बहुगुणा जोशी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रदेश की जनता के स्वास्थ्य को लेकर बहुत ही गंभीर है और स्वास्थ्य संबंधी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह स्वास्थ्य मेला लगाया गया है। उन्होंने सीएमओ को निर्देशित किया कि जनपद के सभी ब्लाकों में ऐसे ही स्वास्थ्य मेलों का आयोजन किया जाना चाहिए। इस मेले के आयोजन से प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम नागरिकों तक पहुंच पायेगा। उन्होंने आम नागरिकों का आह्वान करते हुए कहा कि आयोजित स्वास्थ्य मेला में स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य सहयोगी विभागों के द्वारा अपने अपने स्टाल लगाकर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। जिसे मेले के हर स्टाल पर पहुंचकर जनकल्याणकारी योजना का लाभ अवश्य उठाएं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा आईसीडीएस के सहयोग से लगे हेल्दी बेबी शो में कुपोषित से स्वस्थ हुए बच्चों की माताओं का कम्पटीशन कराकर प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कृत किया गया। जिसमें तीन महीने में कुपोषण से पूरी तरह स्वस्थ हुए प्रथम स्थान प्राप्त बच्चे की मां को 1 साड़ी सेट और पांच हजार नकद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। कुपोषित से स्वस्थ हुए दूसरे स्थान प्राप्त मां को 1 साड़ी सेट तथा तीन हजार रुपये एवं तृतीय स्थान पर रही कुपोषित से स्वस्थ हुए बच्चे की मां को 1 साड़ी सेट और दो हजार रुपये की नकद राशि देकर सांसद श्रीमती जोशी ने पुरष्कृत किया। मेले में अनेक गर्भवती महिलाओं की गोद भराई तथा धात्री महिलाओं का हुआ अन्नप्राशन मेले में धात्री महिलाओं के बच्चों का अन्नप्राशन तथा गर्भवती महिलाओं की गोद भराई सांसद द्वारा की गई। जिसमें सांसद ने बाल विकास पुष्टाहार विभाग के स्टाल पर जाकर छह गर्भवती महिलाओं की गोदभराई और 5 धात्री महिलाओं के बच्चों का अन्नप्राशन भी कराया। कार्यक्रम के पूर्ण होने तक का 575 लोगों ने अपना पंजीकरण कराकर अस्पताल के डॉक्टरों से इलाज कराया तथा अन्य योजनाओं का लाभ लिया।

# पांच किलो अनाज देकर युवाओं को बेरोजगार बना रही है भाजपा सरकार : उज्जवल

**करछना।** विकास खंड करछना गेट के सामने आयोजित सपा कार्यकताओं द्वारा होली मिलन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व कैबिनेट मंत्री सपा नेता उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि भाजपा की सरकार ने गरीबों किसानों एवं युवाओं के साथ सौतेला व्यवहार किया है किसानों को समय पर खाद नहीं दी गई गरीब जनता मंहगाई की मार झेल रही है तथा पांच किलो गेहूं देकर युवाओं को बेरोजगार बनाने का काम किया है भाजपा सरकार ने,उन्होंने कहा कि जिस पढ़ें लिखे युवा को नौकरी मिलनी चाहिए उसे पांच किलो अनाज देकर भाजपा सरकार ने युवाओं को बेरोजगार बना दिया और कहा कि गांव की सड़कों का बुरा हाल है,आज लोगों को जागरूक करने की जरूरत है सब को मिलकर सरकार बदलनी होगी संगठित होकर भाजपा की सरकार को सबक सिखाने का कार्य करें और समाजवादी की सरकार बनाने में जुट जाएं का जोश कार्यकर्ताओं में भरा, होली मिलन समारोह का आयोजन पूर्व ब्लाक प्रमुख करछना विजय राज सिंह उर्फ राजू सिंह एवं बाबा यादव सपा नेता मुगारी के नेतृत्व में आयोजित किया गया जिसमें हजारों सपा कार्यकर्ताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया, इस मौके पर पूर्व ब्लाक प्रमुख रंग बहादुर पांडेय, जिला पंचायत सदस्य डॉ विजय बाबू यादव,ननकेश बाबू यादव,डी आर सिंह एडवोकेट, शिव बाबू सिंह,भुगाई सिंह, हंसराज सिंह एडवोकेट, चिंता मणि शुक्ला अध्यक्ष बार एसोसिएशन करछना,समर जीत यादव, रणजीत सोनकर, संतोष पाण्डेय, मदन मोहन द्विवेदी, राजेश्वर पांडेय, सहित बड़ी संख्या में प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित हजारों की संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।


## कार्यालय, प्रधानाचार्य, मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज, प्रयागराज

**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के विभिन्न विभागों, ट्रामा सेन्टर एवं पी०एम०एस०एस०वाई० में संविदा के आधार पर आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य के पदों पर सेवायोजन हेतु विज्ञप्ति :-**

मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज के विभिन्न विभागों एवं पी० एम० एस० एस०वाई में आचार्य, सह-आचार्य एवं सहायक आचार्य के रिक्त पदों पर संविदा के आधार पर सेवायोजन हेतु जारी विज्ञप्ति संख्या - संविदा पत्रा0 / 2023 / 8295 दिनांक 22 मार्च 2023 द्वारा इच्छुक अभ्यर्थियों से नये आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। उक्त पद हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 06.04.2023 सायं 05:00 बजे तक प्रधानाचार्य कार्यालय के डाक अनुभाग में अपना आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं। पदों की विस्तृत जानकारी वेवसाइट www.mlnmc.in तथा इस कार्यालय के सूचना पट पर देखी जा सकती है।

**प्रधानाचार्य**
**मोती लाल नेहरू मेडिकल कालेज प्रयागराज।**

संख्याः- संविदा पत्रा0 / 2023 / 8296 दिनांक 22/3/2023

## उत्तर मध्य रेलवे

निविदा सूचना सं. 12820222023 दिनांक- 27.03.2023

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/प्रयागराज निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | ई-निविदा सूचना संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. में) | अमानत राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 12820222023-379 | संशोधित अनुमान-मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय इलाहाबाद के नवीन कंट्रोल ब्लॉक में द्वितीय लिफ्ट का प्रावधान। | Rs. 23,61,863.89 | Rs. 47,300.00 |

निविदा बंद होने की तिथि- 18.04.2023 at 15.00 PM, कार्य समापन की अवधि- 03 माह, कार्य की प्रकृति- लागू नहीं।, नोट- 1. निविदा दिनांक 18/04/2023 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे।, 2. पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेलवे वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। 472/23 (D)

North central railways www.ncr.indianrailways.gov.in @northcentralrailway @CPRONCR

## उत्तर मध्य रेलवे

**ई-प्रापण निविदा सूचना संख्या 09/2023 दिनांक 24.03.2023**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरि. मंडल सामग्री प्रबंधक, उ.म.रे., प्रयागराज निम्नलिखित मदों के लिये ई-प्रापण निविदा आमंत्रित करते हैं।

| क्र. सं. | निविदा संख्या | विवरण | मात्रा | ई.एम.डी. (₹) | निविदा खुलने की तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 19235164 | हैण्ड हैल्ड टर्मिनल/स्कैनर तीन साल वारन्टी के साथ स्पेसीफिकेशन संलग्न। | 19 नग | 41,000/- | 24.04.2023 |


नोटः 1. उपरोक्त सभी ई प्रापण निविदाओं का पूरा विवरण IREPS वेबसाइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। 2. उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-बिड के अतिरिक्त अन्य किसी भी प्रारूप में बिड स्वीकार नहीं की जाएगी। वेंडरों को चाहिए कि वे अपने आपको आई टी एक्ट 2000 के अंतर्गत CCA द्वारा जारी Class III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र के साथ IREPS की वेबसाइट पर पंजीकृत करायें। 3. निविदा की दरें केवल डिजीटल हस्ताक्षरित फाइनेंसियल रेट पर ही विचारणीय हैं। दरें तथा अन्य वित्तीय प्रभार अन्य किसी भी फार्म/लेटर हेड पर यदि संलग्न हैं तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा तथा सीधे तौर पर अमान्य कर दिया जायेगा। 4. संलग्न किये जाने वाले सभी प्रपत्र हस्ताक्षरित होने चाहिये। 5. ड्राइंग की कीमत के लिये निर्धारित प्रेक्षक-650- एवं बयाना राशि (ई.एम.डी.) जमा करने के लिये विनियोग विविध भंडार 00844517 है। उपरोक्त निविदा सूचना को उत्तर मध्य रेलवे की वेबसाईट https://www.ncr.indianrailways.gov.in पर अपलोड कर दिया गया है। किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के समाधान के लिये IREPS की वेबसाइट की हेल्पलाइन से सम्पर्क किया जा सकता है। 463/23 FA

North central railways @CPRONCR @northcentralrailway www.ncr.indianrailways.gov.in



सम्राट अशोक महान की जयंती मनाते इविवि के छात्र

# प्रयागराज



## मौसम

| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 33.00 |
| न्यूनतम : | 20.00 |
| सूर्योदय : | 06.03 |
| सूर्यास्त : | 06.15 |

## ट्रेन से गिरकर अज्ञात युवक की मौत

**थरवई।** बुधवार को थाना क्षेत्र थरवई के जैतवारडीह गांव के सामने सारनाथ एक्सप्रेस जो बनारस से चलकर प्रयागराज की ओर जा रही थी 15 वर्षीय अज्ञात युवक ट्रेन के गेट पर बैठा था अचानक चलती ट्रेन से गिर गया मौके पर मौत हो गई स्थानीय लोगों की सूचना पर 108 एंबुलेंस की मदद से युवक को एसआरएन अस्पताल ले जाया गया जिसमें डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया।

### अतीक के दो नाबालिग बेटों के गायब होने का मामला

# वकीलों की हड़ताल के चलते नहीं हो सकी सुनवाई, अब 1 अप्रैल को होगी सुनवाई

**प्रयागराज।** उमेश पाल शूट आउट केस में नामजद माफिया अतीक अहमद के दो नाबालिग बेटों के कथित तौर पर लापता होने के मामले में बुधवार को सुनवाई नहीं हो सकी। जिला कोर्ट में वकीलों की हड़ताल के चलते मामले की सुनवाई टालनी पड़ी। अब एक अप्रैल को मामले की अगली सुनवाई होगी। शाइस्ता परवीन ने प्रयागराज की सीजेएम कोर्ट में अर्जी दे रखी है कि उनके नाबालिग बेटों को पुलिस घर से उठाकर ले गई और बता नहीं रही है कि उन्हें कहा रखा है। इसपर कोर्ट ने धूमनगंज थाने से रिपोर्ट तलब की थी। पिछली कई सुनवाई पर धूमनगंज थाना प्रभारी कोर्ट में गोलमोल जवाब देती रही।

कोर्ट ने जब पुलिस को कड़ी फटकार लगाई और कहा कि अगर सही सही नहीं बताया कि बच्चों को कहां रखा है तो थानाध्यक्ष के ऊपर अवमानना केस



चलेगा। इसपर धूमनगंज थाना प्रभारी ने 24 मार्च को हुई पिछली सुनवाई पर विस्तृत रिपोर्ट पेश की थी। उन्होंने अपनी रिपोर्ट में बताया था कि दोनों नाबालिग बच्चे राजरूपपुर स्थित बाल संरक्षण गृह में रखे गए हैं। इसके बाद करीब एक महीने से अतीक अहमद के नाबालिग बेटे एजम और अबान को लेकर चल रहा सस्पेंस खत्म हुआ था।

अब अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के वकील राजरूपपुर के बाल संरक्षण गृह में फिजिकल वेरिफिकेशन के बाद कोर्ट में रिपोर्ट देंगे। प्रयागराज पुलिस का दावा था कि 2 मार्च को अतीक के दोनों बेटे अपने घर के पास लावारिस हालत में पाए गए थे।

नाबालिग होने की वजह से दोनों को बाल संरक्षण गृह में दाखिल करा दिया गया है। हालांकि पुलिस ने कभी यह नहीं बताया कि दोनों बेटे किस बाल संरक्षण गृह में रखे गए हैं। सी जेएम कोर्ट ने इस बारे में कई बार प्रयागराज पुलिस से रिपोर्ट मांगी थी। साफ तौर पर जानकारी नहीं देने की वजह से सीजेएम कोर्ट ने थाना प्रभारी को व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन का दावा था कि उमेश पाल शूट आउट केस के 3 घंटे बाद है पुलिस ने उनके घर से उनके दो नाबालिग बेटों को हिरासत में लिया था। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल रहा है। माफिया अतीक अहमद की फरार पत्नी शाइस्ता परवीन की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई बुधवार को नहीं हो सकी। वकीलों की हड़ताल के चलते अब 1 अप्रैल को सुनवाई होगी। शाइस्ता परवीन ने अपने एडवोकेट के माध्यम से प्रयागराज की एमपी एमएलए कोर्ट में अग्रिम जमानत अर्जी दाखिल की है।

शाइस्ता परवीन भी उमेश पाल शूट आउट में आरोपी हैं। उनपर उमेश पाल शूट आउट कांड की साजिश रचने का आरोप लगा था। यह भी आरोप है कि शाइस्ता शूटरों के संपर्क में थीं और कई वीडियो में वो शूटरों के साथ देखी गई हैं। इसके अलावा उन्होंने शूटर्स को बतौर पेशगी एक-एक लाख रुपए एडवांस दिया था। शाइस्ता इस समय फरार चल रही हैं और उनपर पुलिस ने 25 हजार रुपए का इनाम घोषित कर रखा है।

## इविवि छात्रसंघ-भवन पर मनाया गया अशोक सम्राट की जयंती

**प्रयागराज।** इविवि के छात्रसंघ भवन पर छात्रों ने सम्राट अशोक की जयंती बड़ी धूमधाम के साथ मनाई। जहां दर्जनों छात्र एकत्रित होकर सम्राट अशोक की तस्वीर पर माल्यार्पण कर लगाए नारे। सभी छात्रों ने बारी-बारी से उनके जीवन के महत्वता पर अपना व्याख्यान दिया। वहीं छात्रों ने बताया कि सम्राट अशोक के दादा, चंद्र गुप्त मौर्य को बांग्लादेश, अफगानिस्तान और पाकिस्तान दहेज में मिला था। छात्र नेता संदीप विश्वकर्मा ने कहा कि महान सम्राट अशोक की जयंती हम लोगों ने बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया। छात्र नेता ने बताया कि सम्राट अशोक के दादा चंद्र गुप्त मौर्य को अफगानिस्तान और पाकिस्तान दहेज में मिला था। अखंड भारत का निर्माण किया गया था। आगे सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोग इनकी जीवनी और इतिहास को पढ़ें। इनके कहे हुए सिद्धांतों पर चलकर पुनः अखंड भारत का निर्माण किया जाय।

## जवाबी कीर्तन सुन श्रोता हुए भाव विभोर






जवाबी कीर्तन गाते कलाकार नीलम विश्वकर्मा व सचदेवा शरारती

**उरुवा।** विकास खंड क्षेत्र उरुवा स्थित रामनगर शीतला धाम में दर्शन व पूजन के लिए श्रद्धालुओं दर्शनार्थियों का सिलसिला लगातार जारी रहा। मंगलवार की रात को मां शीतला का वार्षिक श्रृंगार पूजन उत्सव के बाद आए कीर्तनकारों और बालाजी धाम के गुरुजी तथा समाजसेवी इं. नित्यानंद उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य लोगों का मां शीतला समिति के अध्यक्ष उमाशंकर पंडा ने माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत में कीर्तनकारों ने गीत गाकर माता की वंदना किया। पुनः इसके बाद दोनों कीर्तनकारों द्वारा जवाबी कीर्तन और गाना शुरू हुआ। कानपुर से आए गायक सचदेवा शरारती ने अपने गायन में कहा कि 'सकल विश्व की मां तुम ही आत्मा हो, तू ही मां रमा हो तुम ही मां उमा हो'। वहीं एमपी छतरपुर से आईं गायक कलाकार नीलम विश्वकर्मा ने गणेश वंदना के बाद मां की वंदना की। उन्होंने अपने गायन में कहा अपने गायन में कहा कि ' 'गणराज तुम्हारी महा महिमा सुर नायक से सिर नाते रहे,तिन्हू लोकन के तन धारी सबै पद पंकज शीश नवाते रहे',अबोध को आ बोध दे दे,भर दे गुण और ज्ञान,ओ माता माता मैं हूं अज्ञान,आदि गीतों को सुनकर श्रोता भाव विभोर हो गए। इस अवसर पर इंजी. नित्यानंद उपाध्याय,रमाकांत पांडेय,प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव,शंकरलाल केसरी, मोतीलाल पाल, काशीराम पाल, जगदीश सिंह, जितेंद्र सिंह सहित कई गणमान्य और हजारों श्रोता मौजूद रहे।


## संक्षेप

### योगदान फाउंडेशन की ओर से सिरसा गंगा घाट पर बनाया गया चेंजिग रूम




**मेजा।** नगर पंचायत सिरसा गंगा घाट पर महिलाओं के लिए अभी तक कोई भी चेंजिंग रूम नहीं बनाया गया था जिसकी समस्या कई वर्षों से चली आ रही है । इसकी जानकारी जैसे ही बरिष्ट समाज सेवी अनुज तिवारी को मिली उन्होंने तत्काल वहां लोगों के साथ जाकर विजिट किया और एक पक्का चेंजिंग रूम बनाने का फैसला लिया अपने योगदान फाउंडेशन के माध्यम से लेकिन वहां के महाराज जी लोगों ने बताया कि पक्का निर्माण यहां उचित नहीं है क्योंकि बारिश में पानी ऊपर तक आ जाती है जिसके वजह से मिट्टियां चट्टान की तरह टूट टूट कर गंगा जी में बह जाती है जिसके कारण पक्का निर्माण ध्वस्त हो जाएगा। यह सलाह मुझे उचित लगा और हमने वहां बल्ली फ्लैक्स पन्नी से अपने योगदान फाउंडेशन के माध्यम से वहा पर माताओं बहनों के लिए चेंजिंग रूम बनाया जिसमें बड़े भैया गुरु शुक्ला, डब्बू दुबे, सागर गुप्ता, सुंदर पांडे ये सब लोग वहा जा कर काफी सहयोग और मेहनत किए जिसके कारण सिरसा गंगा घाट पर पहली बार यह नेक कार्य हो पाया ।

### गेहूं की खड़ी फसल में लगी आग, जलकर हुई राख



**जंघई।** सरायममरेज थानांतर्गत जंघई ग्राम सभा दशमी बाग के समीप राधेश्याम सरोज की खड़ी गेहूं की फसल बुधवार को दोपहर में जलकर राख हो गई। राधेश्याम सरोज के पुत्र सुभाष चंद्र के मुताबिक दोपहर में करीब एक बजे ग्रामीणों ने सूचना दिया कि आपके गेहूं के खेत में आग लग गई है परिजन दौड़ कर पहुंचे तो फसल जल रही थी ग्रामीणों ने प्रयास करके आग बुझाई लेकिन तब तक करीब दो बीघा खड़ी फसल जल चुकी थी। सुभाष ने बताया कि पहले भी हमारे गेहूं की फसल में किसी ने आग लगा दिया था और आज भी लगा दिया। रंजिश के कारण हमारी फसल को जलाया जा रहा है अतिशीघ्र कानूनी कार्रवाई हेतु प्रार्थना पत्र देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग करूंगा। सूचना पर डायल 100 पहुंची, प्रधान एवं लेखपाल ने नुकसान की भरपाई के लिए उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। ग्रामीणों एवं किसानों में मायूसी एवं कष्ट दिखाई पड़ा अपनी आंखों के सामने अपनी लागत, परिश्रम बर्बाद होता देखकर, क्योंकि कुछ दिनों बाद फसल की कटाई होने वाली थी कि अचानक जलकर राख हो गई।

### मऊआइमा में सम्राट अशोक महान की जयंती बड़ी धूम धाम से मनाया गया



**मऊआइमा।** मऊआइमा के सराय केशव उर्फ बागी में सम्राट अशोक महान की 563 वीं जयंती बडी धूमधाम से मनाया गया। मऊआइमा विकास खंड के ग्राम सराय केशव उर्फ बागी में अवध लाल मौर्या के आवास पर सम्राट अशोक महान की जयंती बडी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें आए हुए आगंतुकों ने अशोक महान की जीवन पर प्रकाश डाले तथा उनके बताए हुए मार्ग दर्शन कर चलने की अपील की गई।इस 9 पर अध्यक्ष अवध लाल मौर्या, विशिष्ट अतिथि गुरु प्रसाद मौर्य विधायक फाफामऊ, मुख्य अतिथि डा आरके वर्मा विधायक रानीगंज,प्रदेश महासचिव भारतीय बौद्ध संघ हरीश मौर्य,अंकेश पटेल जिलापंचायत सदस्य,संचालक राजेश जायसवाल,संयोजक चंदू मौर्य विवेक मौर्य जगन्नाथ,खुशीराम दिवाकर, बच्चा भगत,जगत लाल यादव, धर्म राज पटेल, श्याम मूर्ति मौर्य आदि बडी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### माँ ऐन्द्री महागौरी के रूप में भव्य श्रृंगारिक पूजन



**हनुमानगंज।** नवरात्रि के आठवें दिन माँ ऐन्द्री का महागौरी के रूप में भव्य श्रृंगारिक पूजन अर्चन किया गया। अष्टमी के दिन कुमारी कन्याओं का भी पूजन अर्चन किया गया। वासंतिक नवरात्र के आठवें दिन शक्तिपीठ माँ ऐन्द्री धाम जमुनीपुर में माँ ऐन्द्री का महागौरी के रूप में भव्य श्रृंगारिक पूजन किया गया । प्रातःकाल से भक्तों की भारी भीड़ माँ की पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़ी । शतचण्डी महायज्ञ में याज्ञिक विद्वानों द्वारा मंत्रों के माध्यम से अरण्य मंथन कर अग्नि देव का आह्वान किया गया जिससे हवन का भी कार्य प्रारंभ हो गया. अष्टमी के 201 कुमारी कन्याओं का विधिवत पूजन अर्चन किया गया. रात्रि श्रृंगारिक आरती में माँ के भव्य स्वरूप के दर्शन के लिये श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी।

## रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने झूंसी स्टेशन का किया निरीक्षण

**निरीक्षण**

**भाजपा नेता मोहित केशरवानी ने रेलवे सुरक्षा आयुक्त को सौंपा ज्ञापन**

**झूंसी।** रेलवे सुरक्षा आयुक्त मो. लतीफ खान बुधवार को झूंसी स्टेशन पर पहुंच रेलवे लाइन के दोहरीकरण के कार्य का निरीक्षण किया। उनके साथ डीआरएम वाराणसी रामआश्रय पांडे सहित रेलवे के कई अफसर मौजूद रहे। इस दौरान झूंसी में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव को लेकर ज्ञापन भी सौंपा गया।

वाराणसी से प्रयागराज तक रेलवे लाइन के दोहरीकरण का कार्य चल रहा है जो वाराणसी से झूंसी तक लगभग पूरा हो गया है। जिसका निरीक्षण करने बुधवार को रेलवे सुरक्षा आयुक्त मो. लतीफ खान पहुचे उन्होंने रेलवे लाइन दोहरीकरण का निरीक्षण कर रेलवे लाइन के कार्य मे लगे अधिकारियों से कार्य प्रगति की जानकारी ली और दिशा निर्देश दिए फिर वो रामनाथपुर स्टेशन की ओर निकल गए। इस दौरान भाजपा नेता मोहित केशरवानी ने रेलवे सुरक्षा आयुक्त को ज्ञापन सौप झूंसी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव की मांग की उन्होंने बताया कि उसी स्टेशन संगम के करीब है और झूंसी में पूर्वांचल की बड़ी आबादी रहती है। एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव से सभी को बहुत सहूलियत होगी।

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

**सेमिनार**

**राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 स्वयं को पहचानने, बाल केंद्रित शिक्षा स्वयं अधिगमी तथा अभिक्षमता का सृजन करने पर बल देती है : प्रोफेसर धनंजय यादव**



सेमिनार में उपस्थित प्रोफेसर

**प्रयागराज।** बुधवार को उप शिक्षा निदेशक प्राचार्य राजेंद्र प्रताप के मार्गदर्शन में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन हुआ। जिसके मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के शिक्षाशास्त्र के विभागाध्यक्ष प्रोफेसर धनंजय यादव ने कहा कि शिक्षा नीति 2020 स्वयं को पहचानने, बाल केंद्रित शिक्षा स्वयं अधिगमी तथा अभिक्षमता का सृजन करने पर बल देती है। राष्ट्रीय सेमिनार में विशिष्ट अथिति असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रुचि दुबे (इविवि), श्यामा प्रसाद मुखर्जी स्नातकोत्तर महाविद्यालय फाफामऊ से डॉ रमेश सिंह रहे। सर्वप्रथम डायट प्राचार्य डायट एवं वक्तागण द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के उपरांत नई शिक्षा नीति 2020 पर उद्बोधन हुआ। वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कुशलतम वक्तव्य प्रस्तुत किए। इलाहाबाद विश्वविद्यालय के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ रुचि दुबे ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रत्येक अंग पर संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की। डॉ रमेश सिंह ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति की रूपरेखा में विभिन्न आयोगों के लिए गए बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। मुख्य वक्ता के रूप में इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रोफेसर धनंजय यादव ने नई शिक्षा नीति के गुणात्मक एवं मात्रात्मक पहलुओं पर नवाचार आत्मक ढंग से प्रकाश डालते हुए बाल केंद्रित शिक्षा, बालक को स्वयं की पहचान की क्षमता एवं अधिगम किस प्रकार से हो तथा सजग होकर राष्ट्र में अपनी बहुआयामी भूमिका किस प्रकार से अदा कर सके ,उसका सारगर्भित ढंग से आकलन द्वारा भव्य दिग्दर्शन कराया गया एवं प्रत्येक बिंदुओं को प्रायोगिक ढंग से प्रशिक्षुओं में प्रवक्ताओं में अपने विचारों को सुंदरतम ढंग से आत्मसात कराया। वक्ता के रूप में डायट प्रयागराज के प्रवक्ता शिक्षाशत्र वीरभद्र प्रताप ने समावेशी शिक्षा तथा लैंगिक समता एवं समानता ट्रांसजेंडर से संबंध स्थापन व राष्ट्रीय शिक्षा नीति प्रत्येक बिंदु पर प्रकाश डाला ।डायट प्रवक्ता राजेश कुमार पांडेय नई शिक्षा नीति पर विस्तृत वर्णन किए। शिक्षक एजुकेटर संजय यादव एव घनश्याम सिंह भी अपने वक्तव्य को नई शिक्षा नीति 2020 पर विस्तृत वर्णन किए।सभी प्रशिक्षुओं ने ध्यान मग्न होकर सभी वक्ताओं के वक्तव्य को आत्मसात किया तथा जीवन में उतारने के लिए संकल्प लिया। सेमिनार के अंत में डायट प्रयागराज की ओर से डॉ धनंजय यादव का अंगवस्त्र से सम्मानित प्राचार्य राजेंद्र प्रताप एवं वीरभद्र प्रताप किए तथा वरिष्ठ प्रवक्ता आलोक तिवारी मुख्य वक्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किए।

## श्रृंगार पूजन के बाद सजी माता शीतला की दिव्य झांकी



रामनगर मां शीतला धाम में श्रृंगार पूजन तथा प्रांगण में जुटी दर्शनार्थियों की भीड़

**उरुवा।** वासंतिक नवरात्र के सातवें दिन उरुवा विकास खंड क्षेत्र स्थित रामनगर मां शीतला मंदिर में दर्शन तथा पूजन के लिए श्रद्धालुओं का सिलसिला अनवरत जारी रहा है। मंगलवार को सुबह से ही रामनगर के मां शीतला धाम में दर्शनार्थियों, श्रद्धालुओं की जबरदस्त भीड़ उमड़ी रही। दूर-दराज से आयीं हजारों महिलाएं भक्तों ने माता के चरणों में श्रद्धा सुमन जल अर्पित कर आशीर्वाद मांगा। मां शीतला का वार्षिक श्रृंगार पूजन उत्सव समारोह जो कई वर्षों से अनवरत होता चला आ रहा है। इस वर्ष भी मंगलवार की रात 8 बजे माता शीतला का भव्य श्रृंगार पूजन किया गया। जिसमें मां की प्रतिमा को सोने के मुकुट, गुड़हल,गुलाब,गेंदा तथा अन्य फूलों और सोने चांदी के अनेक आभूषणों से सजाया गया था। विधिवत सजी झांकी में मां की छवि बड़ी ही मनमोहक और प्यारी लग रही थी। मंदिर समिति द्वारा इलेक्ट्रॉनिक झालरों और फूलों से सजाकर मंदिर की खूबसूरती को भी चार चांद लगा दिया गया था। मंदिर के पुजारी मदन पंडा, शीतला पंडा, ठाकुर पंडा,राहुल तथा रोहित पंडा ने मां की प्रतिमा को शहर से सजाने आए कलाकारों के साथ अपना भरपूर योगदान दिया। वहीं शीतला मां समिति के अध्यक्ष उमाशंकर पंडा, मोतीलाल पाल, काशी पाल तथा समाजसेवी इं. नित्यानंद उपाध्याय व बाजार के कपड़ा व्यवसायी जमुना सेठ, शंकरलाल केसरी, रामनगर प्रधान प्रतिनिधि नीरज सिंह यादव, अमित केसरी और अन्य व्यापारियों का श्रृंगार पूजन में भरपूर सहयोग एवं योगदान रहा।

## 3 किलो 70 ग्राम गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**मेजा।** पुलिस ने बुधवार को मुखबिर की सूचना पर घेरेबंदी कर एक अभियुक्त को 03 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा के साथ गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली पुलिस ने बुधवार को मदरा गंगा घाट पीपा पुल से अभियुक्त इन्दल सिंह पुत्र उदयचन्द्र सिंह उर्फ मेघई सिंह निवासी ग्राम परवा को गिरफ्तार कर लिया । पुलिस ने उसके पास से 03 किलो 70 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने उक्त अभियुक्त के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही कर रही है । गिरफ्तार करने वाली टीम में उ0नि0 प्रदीप कुमार अस्थाना चौकी प्रभारी जेवनिया उप0नि0 दिनेश पाण्डेय, हे0का0 पुनीत शुक्ल, हे0का0 इसरार अहमद थाना मेजा कमिश्नरेट प्रयागराज रहे।



छात्र को सम्मानित करते हुए

## सैनिक स्कूल में प्रवेश पाने पर छात्र को किया गया सम्मानित

**शंकरगढ।** नगर पंचायत शंकरगढ़ स्थित एसबीएस एकेडमी विद्यालय के छात्र द्वारा सैनिक स्कूल की प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने पर विद्यालय में छात्रों के साथ ही अभिभावकों में खुशी का माहौल है। विद्यालय के डायरेक्टर ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र को सम्मानित किया। नगर पंचायत के वार्ड नंबर सात मोदी नगर में स्थित एसबीएस एकेडमी स्कूल सीबीएसई से संचालित है। इस विद्यालय के पांचवी के छात्र दीपांशु सिंह पुत्र अजय सिंह इस वर्ष सैनिक स्कूल की प्रवेश में परीक्षा उत्तीर्ण होकर कक्षा छठवीं में प्रवेश पा लिया है। इसी खुशी में विद्यालय के डायरेक्टर सुरेंद्र बहादुर सिंह ने स्वागत समारोह का आयोजन कर उक्त विद्यार्थी को माल्यार्पण कर प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस मौके पर विद्यालय की प्रिंसिपल शर्मिला सिंह ने कहा की हम विद्यालय में बच्चों को उच्च कोटि की शिक्षा देने की कोशिश करते हैं। हमारी यह कोशिश है कि हमारे विद्यालय का बच्चा कोई कोचिंग या ट्यूशन ना करें। उसे जो भी दिक्कत हो विद्यालय में संबंधित शिक्षकों से अपने विषय की तैयारी करें। स्वागत समारोह में प्रमुख रूप से एल बी सिंह, विभा सिंह, अजहर, आमिर, नीलिमा वर्मा,अजय सिंह आदि लोग मौजूद थे।

## ट्रस्ट के द्वारा गरीबों को भोजन किया गया वितरित



गरीबों को भोजन वितरित करते ट्रस्ट के लोग

**उतरांव।** आस्था वृद्ध नवजीवन सेवा चैरिटेबल ट्रस्ट के द्वारा बुधवार 29/3/2023 को बंधवा बड़े हनुमान मंदिर पर गरीब, असहाय, व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं के लिए भोजन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें गरीब वृद्ध निराश्रित बेसहारा आर्थिक रूप से जूझ रहे व्यक्तियों एवं श्रद्धालुओं को भोजन वितरित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्री बी0ए0 प्रसाद जी के कर कमलों द्वारा किया गया। जिसमें संस्था के अध्यक्ष अश्वनी कुमार, सचिव, अंजनी कुमार, प्रबंधक, राम भजन सागर के साथ-साथ मीडिया प्रभारी रामसेवक, राजेंद्र प्रसाद, अरविंद कुमार वर्मा, अमित कुमार वर्मा, जंग बहादुर, सतीश चंद जायसवाल, रामनिरंजन सागर, अमित सागर, सुशील कुमार, तरमाली, गुलाबचंद के साथ संस्था के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

## लालगोपालगंज में रामनवमी पर निकली भगवान श्रीराम की भव्य शोभायात्रा

**शोभायात्रा**

**भगवा पताका लिए भक्तों ने लगाए जय श्रीराम के जयकारे**

**जगह-जगह हुआ स्वागत, पुष्पवर्षा संग की गई आरती, पूजा**



राम नवमी पर निकाली गयी शोभा यात्रा

**लालगोपालगंज।** श्री चैत्र रामनवमी के अवसर पर बुधवार को श्रीराम जन्मोत्सव कमेटी की ओर से ढोल-नगाड़ों के साथ भगवान श्रीराम की पुष्प सज्जित रथ पर भव्य शोभायात्रा निकली गई। यात्रा का शुभारंभ देर शाम सरस्वती शिशुमंदिर प्रांगण से पुष्प सृजित रथ पर सवार भगवान श्रीराम की आरती उतार कर किया गया। शोभायात्रा के साथ हाथों में भगवा ध्वज लिए रामभक्त शामिल हुए। जैसे-जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ी रामभक्तों द्वारा पुष्पवर्षा, स्वागत, आरती के साथ कारवां भी बढ़ता गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों ने चाक चौबंद व्यवस्था कर रखी थी।

शोभायात्रा के दौरान गगनचुंबी नारों और एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम जय श्रीराम के जयकारों से कस्बे का वातावरण राममय हो गया। हर तरफ हाथों में भगवा ध्वज थामे रामभक्त ही नजर आ रहे थ। यात्रा के हनुमान चौराहा पहुंचने पर मेला आयोजन समिति के द्वारा पुष्प वर्षा और अल्पाहार से स्वागत किया। आयोजकों ने रथ पर सवार भगवान स्वरूप की आरती उतार प्रसाद का वितरण किया। इसके बाद जेठवारा मार्ग से पुलिस बूथ तिराहा पहुंची तो वहां मौजूद भारी संख्या में महिलाओं और युवतियों ने शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत किया। भव्य आरती के साथ पूजन-अर्चन की गई। यात्रा में आमजन का उत्साह और जोश देखने को मिला। यात्रा की अगुवानी पूर्व चेयरमैन प्रदीप केसरवानी, शंकरलाल केसरवानी, हरिशंकर अग्रवाल, प्रवीण कुमार उर्फ रानू जयसवाल, अनूप केसरवानी, राहुल केसरवानी उर्फ भोले, अजीत गुप्ता, सर्वेश केसरवानी, राकेश केसरवानी, गौरवराज अग्रवाल, हरिशंकर दास बंगाली, जगदीश प्रसाद पटेल, रमेशचंद्र मिश्र, सीताराम कौशल, कृष्णा अग्रवाल, मोनू अग्रवाल, रामबाबू अग्रवाल, बांके बिहारी अग्रवाल, जीतलाल जयसवाल, बड़कऊ जयसवाल, पप्पू चौधरी आदि द्वारा किया जा रहा था। प्रथम दिन मेले का संचालन मनोज कुमार मित्तल ने किया।

## संक्षेप

### घर के बाहर बंधी दो भैंस चोरी

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के अरई सुमेरपुर गांव निवासी बनवारी लाल प्रयागराज में मजदूरी करता है। जीविका चलाने के लिए उसने मवेशी पाल रखे हैं। मंगलवार की शाम पत्नी ननकी देवी मवेशियों को घर के बाहर बांधकर परिवार समेत अंदर सो रही थी। इसी दौरान एक लोडर लेकर चोर वहां पहुंचे और उसकी दो भैंस को लाद ले गए। सुबह भैंसों को गायब देख उसके होश उड़ गए। उसने आसपास के इलाकों में मवेशियों की काफी खोजबीन की। इसके बाद भी कोई सुराग नहीं लगा। महिला ने थाने में घटना की तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

### नाली पर किया कब्जा, सड़क पर फैल रहा पानी

**कौशाम्बी।** कड़ा ब्लॉक के श्री का पुरवा गांव की गलियां गंदगी से पटी है। नालियां क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। ग्रामीणों का कहना है कि दबंगों ने नाली पर कब्जा कर पानी निकासी बंद कर दी है। ऐसे में लोगों के घरों का गंदा पानी रास्ते में जमा रहता है। लोग कीचड़ भरे रास्ते से आवागमन करने का मजबूर है। लोगों ने नाली से कब्जा हटवाने की मांग की है।

### किशोरी लापता, गुमशुदगी दर्ज

**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के एक गांव की किशोरी रविवार की शाम संदिग्ध दशा में लापता हो गई। शाम किशोरी घर से खेत की ओर जाने के लिए निकली थी। इसके बाद वह घर नहीं लौटी तो परिवार के लोगों ने खोजबीन शुरू की। कहीं पता नहीं चलने पर मंगलवार की शाम किशोरी के पिता की तहरीर पर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। किशोरी के लापता होने से परिवार अनहोनी की आशंका से भयभीत है।

### युवक ने विवाहिता से की मारपीट

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बड़ी पवइया गांव में युवक ने विवाहिता को पीट दिया। पुलिस ने पीड़िता के पति की तहरीर पर आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।
बड़ी पइवया निवासी अर्जुन प्रसाद ने बताया कि वह मजदूरी करने गया था। घर पर उसकी पत्नी रानी अकेली थी। इसी दौरान पड़ोसी भोदूं मामूली बात पर उसकी पत्नी से भिड़ गया। झड़प के बाद आरोपित युवक ने महिला की पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकला। घर लौटे पति को पीड़िता ने आपबीती बताई। युवक पत्नी को लेकर थाने पहुंचा और मामले की नामजद शिकायत की। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# अफसर समेत किसान के घर से लाखों की चोरी

## इनकम टैक्स अफसर व पड़ोसी किसान के घर में घुसे चोरों ने नकदी समेत करीब 50 लाख के आभूषण चुराये



**कौशाम्बी।** महेवाघाट थाना क्षेत्र के निखोदा गांव में मंगलवार की रात बेखौफ चोर इनकम टैक्स अफसर के साथ पड़ोसी किसान का घर खंगाल ले गए। छत के सहारे घुसे चोरों ने नकदी समेत करीब 50 लाख के आभूषण पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। अफसर के घर चोरी की भनक लगते ही मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

निखोदा निवासी संपूणानंद मिश्रा पुत्र दिनेश नारायण मिश्र इनकम टैक्स अफसर हैं। इन दिनों उनकी तैनाती चेन्नई में हैं। घर पर पिता परिवार के साथ रहते हैं। मंगलवार की रात वह परिवार के साथ बरामदे में सो रहे थे। आधी रात छत पर लगे दरवाजे को तोड़कर घर के भीतर घुसे चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर करीब 35 लाख रुपये के आभूषण व 50 हजार नकदी के साथ अन्य सामान पार कर दिया। यहां के बाद चोरों ने पड़ोसी अंगद सिंह के घर से 15 लाख के जेवर व 50 हजार रुपये नकदी के साथ बर्तन, कपड़ा आदि समेट ले गए। जाते-जाते चोर घर में रखी राइफल की कारतूस भी उठा ले गए। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। घर का बिखरा सामान देख अवाक रह गए। इनकम टैक्स अफसर के साथ किसान के घर हुई लाखों की चोरी की जानकारी गांव के लोगों को हुई तो मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सीओ सिटी योगेंद्र कृष्ण नारायण पुलिस फोर्स व फील्ड यूनिट टीम के साथ गांव पहुंचे। फील्ड यूनिट टीम ने घटना स्थल का बारीकी से निरीक्षण किया। महेवाघाट पुलिस ने पीड़ित दिनेश मिश्रा व अंगद सिंह से तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज करते हुए चोरों की तलाश शुरू कर दी है। ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की गश्त नहीं होने से चोर आए दिन मकान व दुकान खंगाल रहे हैं। इनकम टैक्स अफसर के घर हुई चोरी की घटना के बाद से गांव में दहशत है।

### चोरों ने सेंध लगाकर नकदी-गहने किए पार

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा के बड़हरी गांव में मंगलवार की रात चोर किसान का घर खंगाल ले गए। सेंध लगाकर घर के भीतर घुसे चोरों ने बक्से का ताला तोड़कर नकदी समेत करीत तीन लाख के गहने पार कर दिया। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका-मुआयना करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है।

बड़हरी निवासी शिव भूषण तिवारी मंगलवार की रात परिवार के साथ घर के भीतर आंगन में सो रहा था। रात घर के पीछे की दीवार काटकर घुसे चोरों ने कमरे मे रखे बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखा दस हजार रुपये नकदी समेत करीब तीन लाख के गहने पार कर दिया। बताया जा रहा है कि पीड़ित के बेटे की इसी महीने सगाई भी होनी थी। घटना की जानकारी पीड़ित परिवार के लोगों को सुबह हुई। घर का बिखरा सामान व बक्से का टूटा ताला देख परिजन अवाक रह गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मौका मुआयना करते हुए पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर चोरों की तलाश शुरू कर दी है। पड़ोसी के घर हुई चोरी की घटना के बाद से गांव के लोग सहमे हैं।

# ...तो अवैध खनन पर भी लगेगा अंकुश?



यमुना किनारे निकासी की गई बालू

**अवैध**

### सरायअकिल क्षेत्र में धड़ल्ले से बालू माफिया दे रहे अवैध खनन को अंजाम

### क्षेत्रीय लोगों ने जिलाधिकारी से अवैध खनन की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है

**कौशाम्बी।** सरायअकिल थाना क्षेत्र के कनैली चैकी अंतर्गत छेकवा उपरहार में इन दिनों जिम्मेदारों की अनदेखी के चलते बालू माफिया हावी दिख रहे हैं। इलाकाई लोगों का आरोप है कि सारा दिन बालू लाद कर चैंकी क्षेत्र से वाहन फराटा भरते नजर आते हैं, बावजूद इसके कोई उनसे पूछने वाला नहीं है कि आखिर बालू इधर कहा से लाया जा रहा है, रवन्ना है भी या नहीं।

आरोपों पर जाएं तो लोगों का कहना है कि सरायअकिल कोतवाली क्षेत्र के छेकवा में बाखूबी अवैध बालू खनन को अंजाम दिया जा रहा है। इसकी जानकारी पुलिस या फिर खनन विभाग के जिम्मेदारों को है या फिर नहीं लेकिन जिस तरह से बेखौफ होकर खनन को अंजाम दिया जा रहा है उसे लेकर इलाकाई बुद्धिजीवी जिम्मेदारों पर तमाम तरह के सवाल जरूर खड़े कर रहे हैं। हालांकि मामले में कितनी सच्चाई है यह तो विभागीय जांच के बाद स्पष्ट हो सकेगा। वहीं इलाकाई लोगों ने इस ओर जिलाधिकारी सुजीत कुमार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए अवैध खनन की जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कराए जाने की मांग किया है।

# दो अदद चोरी की बाइक के साथ तीन धराए

**कामयाबी**

### चौकी प्रभारी सिराथू को मिली कामयाबी

**कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली की चैकी सिराथू प्रभारी चंदन सिंह को बड़ी कामयाबी हाथ लगी है। मुखबिर की सूचना पर दो चोरी की बाइकों के साथ तीन चोर गिरफ्त में चढ़े हैं। हालांकि पुलिस ने पकड़े गए लोगों की लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया था। जिक्र करें तो चैकी प्रभारी चन्दन सिंह मय हमराह का. विकाश कुमार यादव, का. विशाल दुबे, का. मनोज कुमार यादव एवं का. विपुलेश कुमार द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर तीन लोगों को धर दबोचा है। हालांकि पकड़े गए लोगों में अभिमन्यु शर्मा पुत्र अमरेश शर्मा निवासी ग्राम त्रिलोकपुर थाना सैनी, आशिफ खान पुत्र हसीन खान निवासी ग्राम गिरधरपुर गढी थाना कडाधाम, शोराब अली पुत्र अली हुसैन निवासी ग्राम सैनी बस स्टाप बताए गए हैं। जिनके कब्जे से एक अदद मोटरसाईकिल रायल इनफील्ड बुलट काले रंग की जिसके अगले नम्बर प्लेट पर 78.ट.9806 लिखा है। बरामद बुलट गाडी का हेड लैम्प का शीशा टूटा हुआ है तथा पीछे लगा हैडल भी टूटा हुआ है। इसी तरह बरामदशुदा दूसरी मोटर साईकिल होंडा शाईन काले रंग की है। पकडी गई उपरोक्त मोटर साईकिले चोरी की है। पकडे गये तीनो व्यक्ति अभिमन्यू, आसिफ, शोराब की लिखा पढ़ी कर चालान न्यायालय भेज दिया गया है।



पुलिस टीम के साथ चोरी की बाइक व पकड़े गए चोर

### बोलेरो की टक्कर से रिटायर शिक्षक की मौत

**कौशाम्बी।** पूरामुफ्ती थाने के सल्लाहपुर चैकी के समीप बुधवार दोपहर बेकाबू बोलेरो की टक्कर से सड़क पार कर रहे रिटायर शिक्षक की मौत हो गई। शिक्षक की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पिपरी थाने के महमूदपुर मनौरी निवासी धनीराम वर्मा (85) पुत्र शीतला प्रसाद रिटायर शिक्षक थे। बुधवार दोपहर वह मनौरी से अप्पे पकड़कर सल्लाहपुर विद्यालय किसी काम से गए थे। सड़क पार करते समय बेकाबू बोलेरो ने उन्हें टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही उनकी मौके पर ही मौत हो गई। मौके पर जुटे राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। जानकारी मिलने के बाद परिजन रोते बिलखते घटनास्थल पर पहुंचे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# भक्त ध्रुव की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

**भगवत कथा**

### सिराथू के कैथन बाग में बह रही भक्ति की बयार, उमड़ रहा जन सैलाब



भगवत कथा कहते कथावाचक

**कौशाम्बी।** नगर पंचायत सिराथू के कैथनबाग में इन दिनों भक्ति की बयार बहती दिख रही है। श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने ध्रुव चरित्र कथा के साथ सृष्टि वर्णन व मनु कर्दम संवाद का संगीतमयी वर्णन किया। बताया कि भक्त ध्रुव ने आठ साल की उम्र में ही भगवान की प्राप्ति कर ली थी। भक्त और भगवान के अटूट प्रेम की कथा सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। जय श्री कृष्ण के जयकारे से कथा पंडाल गुंजायमान हो उठा।

कैथन बाग में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बुधवार को कथा श्रवण के लिए भारी भीड़ जुटी। कथा का शुभारंभ यजमान सरजू प्रसाद पांडेय व उनकी धर्मपत्नी गिरजा पांडेय ने भगवत पुराण व व्यास महराज का पूजन कर किया। कथा व्यास आचार्य डॉ अखिलेश महराज ने श्रोताओं को कथा श्रवण कराते हुए कहा कि मानव सृष्टि की संरचना भगवान ब्रम्हा ने मनु व शतरूपा से किया। भक्त ध्रुव को जन्म से भी भगवान श्री कृष्ण के प्रति अटूट प्रेम था। पिता व सौतेली मां के व्यवहार से वह बचपन में ही घर छोड्कर जंगल में तपस्या करने चले गए थे। मनु और शतरूपा के दो पुत्र और तीन पुत्रियां थी। पुत्रों का नाम प्रियव्रत व उत्तानपाद था। राजा उत्तानपाद के दो रानियां थी सुरूचि व सुनीति। इस तरह से उन्होंने व्यास जी ने ध्रुव की कथा वर्णन किया। इस मौके पर आयोजक अनिरूद्ध पांडेय, वेदप्रकाश पाठक कमला कान्त पांडे लक्ष्मीकांत पांडे विनोद कुमार पांडेय शिव व्रत पांडे आदि लोग मौजूद रहे।

### जेठ ने बेटों के साथ मिलकर महिला को पीटा

**कौशाम्बी।** चरवा थाना क्षेत्र के बाबातारा गांव में जमीन कब्जे का विरोध करने पर जेठ ने बेटों संग मिलकर महिला को पीट दिया। पिटाई से उसको काफी चोटें आई। घायल महिला ने थाने में आरोपितों के खिलाफ तहरीर दी। तहरीर मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। बाबा तारा गांव निवासी नन्हे लाल मजदूरी करता है। पत्नी ननकी देवी ने बताया कि उसका पति मंदबुद्धि है। ननकी ही जमीन जायदाद की देखभाल करती है। उसकी सड़क किनारे जमीन है। उसने प्रधानमंत्री आवास के लिए आवेदन किया था। प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत होने के बाद वह कच्चे मकान को गिराकर उसी जगह आवास का निर्माण करा रही है। आरोप है कि उसका जेठ बेटों के साथ वहां पहुंचा और जमीन पर कब्जा करने लगा। महिला के जमीन कब्जे का विरोध करने पर गाली-गलौज कर उसकी पिटाई कर दी। पिटाई से ननकी को काफी चोटें आई। घायल ने थाने में आरोपितों के खिलाफ मामले की तहरीर दी।

# ननमई सुपर वारियर्स ने भड़ेहरी को दी मात



मैदान में उतरे खिलाड़ी

दारानगर, कौशाम्बी। दारानगर कड़ा के फसइया मैदान में कौशाम्बी विकास परिषद द्वारा 27 से 31 मार्च तक आयोजित होने वाले सांसद खेल स्पर्धा के तीसरे दिन बॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बुधवार को बॉलीबाल प्रतियोगिता में ननमई सुपर वारियर्स व भड़ेहरी वारियर्स के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। जिसमे ननमई सुपर वारियर्स ने भड़ेहरी वारियर्स को 15-13, 7-15 व 15-13 से मात दी। विजेता टीम को पुरस्कृत कर उनका उत्साह वर्धन किया गया। इस मौके वरिष्ठ भाजपा नेता अरुण केशरवानी, शीलू पाण्डेय, चन्द्रिका प्रसाद पटेल, उमेश पटेल, नीरज साहू, दिलीप तिवारी, बब्बू सिंह, सोमेश्वर तिवारी सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट एवं मिठाई देकर किया गया सम्मानित

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी के निदेर्शानुसार महिला कल्याण विभाग द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाआ योजनार्न्तगत बालिका के जन्म के प्रति समाज में सकारातत्मक सोच को बढ़ावा देने के लिए जिला चिकित्सालय, मंझनपुर में कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान 11 नवजात बच्चियों के माताओं को बेबी किट एवं मिठाई आदि देकर सम्मानित किया गया तथा कन्या सुमंगला योजना से भी लाभान्वित किया गया। इस अवसर पर जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार ने कहा कि बेटा-बेटी में भेदभाव न करें। उन्होंने कन्या सुमंगला योजना के बारे में जानकारी भी दी। कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में स्टाफ नर्स आकांक्षा, पिंकी, दीक्षा, मनोरमा, चन्द्रप्रभा, एवं महिला शक्ति केन्द्र के महिला कल्याण अधिकारी, जिला समन्वयक तथा नवजात बच्चियों के माता-पिता उपस्थित रहे।

### रंजिशन चाची और भतीजे से की मारपीट

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के फरीदनपुर गांव में दबंगों ने विवाहिता के घर में घुसकर मारपीट की। भतीजा बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसे भी पीट दिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। फरीदनपुर निवासी चंगीलाल ने बताया कि गांव के ही अशोक कुमार से उसकी रंजिश चल रही है। इसी अदावत में दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोपित ने घर के बाहर बैठी अनार देवी को पीट दिया। भतीजा बीच-बचाव करने पहुंचा तो आरोपितों ने उसे भी पीट दिया। घायलों ने मामले की नामजद शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने आरोपित अशोक कुमार, गुड्डू समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# आठवें दिन भक्तों ने मां महागौरी स्वरूप की किया पूजा अर्चना

**दारानगर, कौशाम्बी।** अखण्ड सुहाग के लिए महिलाओं ने की महागौरी स्वरूप की विधिवत पूजन अर्चन किया। वहीं 51 वीं शाक्तिपीठ कडाधाम में नवरात्रि के आठवें दिन भक्तों ने मां महागौरी स्वरूप की विधिवत पूजा की। सुबह से ही कडाधाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही। ऐसा माना जाता है कि महागौरी की पूजा से सभी पापो से मुक्ति मिलती है और अंखड सुहाग के साथ सौभाग्य की प्राप्ति होती है। अष्टमी के दिन माता दुर्गा के महागौरी स्वरूप की पूजा का विधान हैं। देवी भागवत पुराण में बताया गया हैं कि मां के 9रूपो और 10 महाविद्या सभी आदिशाक्ति के अंश और स्वरूप है,लेकिन महादेव के साथ उनकी अर्धांगिनी के रूप में महागौरी हमेशा विराजमान रहती है। मां दूर्गा के इस स्वरूप की पूजा करने से सोमचक्र जाग्रत होता है और हर असंभव कार्य पूरे होते है। ज्यादातर घरो में इस दिन कन्या पूजन किया जाता हैं और कुछ लोग नवमी के दिन पूजा अर्चना करने के बाद कन्या पूजन करते है। अष्टमी तिथि को मां गौरी को नारियल या नारियल से बनी चीजे का भोग लगाया जाता हैं। भोग लगाने के बाद नारियल को ब्राह्मण को दे दें और प्रसाद स्वरूप भक्तों में बांट दें। कन्या पूजन के समय भक्तों को गुलाबी रंग के वस्त्र पहनना चाहिए। मान्यता है कि मां गौरी ने अपनी तपस्या से गौर वर्ण प्राप्त किया था। उत्पति के समय यह आठ वर्ष की थी इसलिए इन्हें नवरात्रि के आठवें दिन पूजा जाता हैं। अपने भक्तों के लिए यह अन्नपूर्णा स्वरूप है,जो लोग नवरात्रि के नौ दिन व्रत नही रख पाते हैं वह केवल अष्टमी के दिन व्रत रखते हैं और नवमी के दिन कन्या पूजन करते है तो उन्हें नवदिन के व्रत के बराबर फल मिलता है। कडाधाम में रात्रि 12 बजे अष्टमी तिथि को भव्य श्रृंगार का आयोजन किया गया। और अष्टमी को देवी दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ जमा रही है। इसी तरह मंझनपुर की अति प्राचनी दुर्गा मंदिर व पश्चिम शरीरा स्थित भगवती झारखंडी देवी मंदिर में भक्तों का तांता देखा जा रहा है। अष्टमी के दिन देवी मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखने को मिली।



कड़ा धाम में मॉ की पूजा अर्चना करते भक्तगण

# पोर्टल पर दे रहे पानी गांव में नहीं बिछी पाइप

**कौशाम्बी।** सिराथू के सेलरहा गांव में हर घर नल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए कंपनी काम कर रही है। पाइप लाइन बिछाने के अलावा बोरिंग आदि का काम चल रहा है। टोंटी व स्टैंड पोस्ट नहीं लगा है, लेकिन कंपनी ने पोर्टल पर पेयजल आपूर्ति करने की जानकारी जरूर फीड कर दी है। जांच में यह बात सामने आई है। इस पर अधिकारियों ने नाराजगी जाहिर की है।

हर घर नल योजना के तहत दो कंपनियां जिले में काम कर रही हैं। कंपनी के कामों को लेकर लगातार सवाल खड़े कर रहे हैं। कई गांवों में बड़ी लापरवाही सामने आई है। डीपीएमयू के जिला समन्वयक लगातार गांवों की जांच कर रहे हैं। जिला समन्वयक ने सिराथू ब्लाक के सेलरहा गांव की जांच की। कई खामियां मिली हैं। कंपनी ने एफएचटीसी पोर्टल पर फीड कर दिया है कि गांव में पेयजल आपूर्ति की जा रही है, जबकि अभी गांव में पाइन लाइन बिछाने का काम चल रहा है। स्टैंड पोस्ट तक नहीं लगे हैं। पाइप लाइन बिछाने में भी खेल चल रहा है। एक मीटर नीचे पाइप लाइन बिछाने का निर्देश है, लेकिन इसमें मनमानी की जा रही है। साथ ही समतलीकरण भी सही तरीके से नहीं किया जा रहा है। इससे आने वाले दिनों में पाइप लाइन के क्षतिग्रस्त होने की संभावना है। इसको देखते हुए जिला समन्वयक ने कार्रवाई के लिए अपनी रिपोर्ट अधिकारियों को भेज दी है।

## संक्षेप

### योग ही स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का आधार : अमित सिंह

**प्रतापगढ़।** बाघराय के बी एन सिंह स्मारक महाविद्यालय पुवासी बदली का पूरा में राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय शिविर आयोजित है। योग शिक्षक अमित सिंह ने स्वयंसेवियों को योग एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग ही स्वस्थ व सुखमय जीवन का आधार है। इस मौके पर प्राचार्य ने योग को स्वस्थ एवं सुखमय जीवन का आधार बताया। इस मौके पर प्रबंधक यशवंत बहादुर सिंह, कार्यक्रम अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह, कालेज के शिक्षक एवं सभी स्वयंसेवी उपस्थित रहे।

### अवैध कब्जे का आरोप, तहसीलदार से शिकायत

**लालगंज।** कोतवाली के पूरे साधवराम रामपुर बावली निवासी सुखदेव के पुत्र रमेशचंद्र द्विवेदी ने तहसीलदार को शिकायती पत्र देकर कहा है कि विपक्षी जबरिया उसकी बैनामाशुदा जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। पीडित ने शिकायती पत्र मे कहा है कि जमीन के विवाद को लेकर तहसीलदार की कोर्ट में मुकदमा विचाराधीन है। इस पर तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने पुलिस को मामले के न्यायालय मे विचाराधीन रहने की स्थिति मे दोनो पक्षो को निर्माण न किये जाने को लेकर आदेश दिये है।

# सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से करायें कड़ाई से पालन : जिलाधिकारी

**बैठक**

**बैठक से गायब डीआईओएस से स्पष्टीकरण**



बैठक की अध्यक्षता करते जिलाधिकारी

**प्रतापगढ़।** जिलाधिकारी डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में डीएम ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को नियंत्रित एवं कम करने के लिये सड़क सुरक्षा नियमों का सभी से कड़ाई से अनुपालन करायें। बैठक में ब्लैक स्पाट के सम्बन्ध में लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता ने बताया कि पीडब्लूडी के 12, एन0एच0 के 16 एवं एन0एच0आई0 के 16 ब्लैक स्पाट हैं। डीएम ने सम्बन्धित अधिकारियों से कहा कि ब्लैक स्पाटों को जल्द से जल्द ठीक करायें। 1269 स्कूली वाहनों में से 642 की फिटनेस फेल है जिसमें से 452 को नोटिस भेजी गयी है। 15 अप्रैल तक सभी स्कूली वाहनों के ड्राइवरों का हेल्थ चेकअप कराने को कहा। जिला विद्यालय परिवहन सुरक्षा समिति की बैठक की जानकारी डीआईओएस के प्रतिनिधि नहीं दे सके। जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुपस्थित पाए जाने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुये जिला विद्यालय निरीक्षक को स्पष्टीकरण हेतु निर्देशित किया। डीएम ने परिवहन एवं पुलिस के अधिकारियों से समय-समय पर चेकिंग अभियान चलाने को कहा। शराब पीकर वाहन चलाने व तेज रफ्तार तथा बिना हेलमेट, बिना सीटबेल्ट व ओवर लोडिंग के वाहन चलाने वालों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही के निर्देश दिए। बैठक में सीडीओ ईशा प्रिया, लोक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता एन0के0 यादव, प्रान्तीय खण्ड के अधिशाषी अभियन्ता ओ0पी0 चैरसिया, एआरटीओ दिलीप गुप्ता सहित अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## बोलेरो की टक्कर से मासूम की मौत

**प्रतापगढ़।** ननिहाल आये मासूम की वाहन की टक्कर से मौत हो गयी। पुलिस को सूचना दिये बिना परिजनों ने मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रायबरेली जिले के सलोन थानान्तर्गत रघ्घूपुर गांव निवासी अमित सरोज का ढाई वर्षीय पुत्र आयु अपनी मां सीमा के साथ पांच दिन पूर्व अपने ननिहाल लालगंज कोतवाली के अगई गांव आया था। परिजनों के मुताबिक मासूम सोमवार की रात साढे आठ बजे घर के सामने से गुजरे सडक किनारे नृत्य कर रहे एक मोर को बाहर खडा होकर देख रहा था। इसी बीच बोलेरो ने उसे जोरदार टक्कर मार दिया। मासूम की चीख सुनकर घर के लोग दौडे। परिजन घायल बच्चे को इलाज के लिए चिकित्सक के पास ले गये। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिजन शव को लेकर रायबरेली स्थित अपने गांव चले गये। जहां मंगलवार को शव का अंतिम संस्कार कर दिया। रानीगंज कैथौला चैकी इंचार्ज निकेत भारद्वाज का कहना है कि मासूम के मौत की जानकारी नहीं है तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

# पुलिस ने गौ तस्कर को किया गिरफ्तार, वाहन सीज



पुलिस की गिरफ्त में गौ तस्कर

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के दरोगा असलम खॉ ने मुखबिर की सूचना पर दो गौ तस्कर को बुद्धवार को दबोच लिया। नगर के गाय घाट सई नदी पुल पर पिकप यूपी 70 जेटी 8364 में पॉच पशु रस्सी से बांधे मिले। आरोपियों के पास से पुलिस ने नकदी व मोबाइल बरामद किया है। पकड़े गये पशु तस्कर राज कुमार पुत्र हरिलाल, संजीत कन्नौजिया पुत्र अशोक कुमार दोनों निवासी गद्दोपुर फाफामऊ प्रयागराज ने पुलिस को बताया कि पशुओं को बनारस और बिहार ले जाते हैं। हम लोगों का वर्षो पुराना धंधा है। पुलिस ने आरोपियों पर कई धाराओं में मामला दर्ज करते हुए वाहन को सीज कर दिया।

# अनिल त्रिपाठी अध्यक्ष व धीरेन्द्र शुक्ला महामंत्री चुने गए



संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव में नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ लालगंज के चुनाव मे मंगलवार की देर शाम आये नतीजे में अनिल त्रिपाठी महेश अध्यक्ष तथा धीरेन्द्र शुक्ल महामंत्री निर्वाचित हुये। अनिल त्रिपाठी महेश ने उन्चास मतों से अध्यक्ष पद पर तथा धीरेन्द्र शुक्ल ने चैसठ मतों से महामंत्री पद पर निकटतम प्रत्याशियों को शिकस्त दी है। अनिल महेश लगातार दूसरी बार अध्यक्ष पद पर निर्वाचित हुए हैं। महेश ने पांच सौ चार मतदाताओं में से दो सौ उन्तीस का मत प्राप्त किये। निकटतम प्रतिद्वंदी संदीप सिंह को एक सौ अस्सी मत मिले। अन्य उम्मीदवार बहुत पीछे रहे। उपाध्यक्ष पद पर शैलेन्द्र कुमार चतुवेर्दी, लाल विनोद कुमार सिंह चुने गए। महामंत्री पद पर धीरेन्द्र कुमार शुक्ल ने जीत हासिल करते हुए एक सौ इकहत्तर मत प्राप्त कर सूर्यकांत शुक्ल निराला को पराजित किया। कोषाध्यक्ष पद पर राजेश कुमार द्विवेदी, सह मंत्री पद पर अश्विनी कुमार पाण्डेय निर्वाचित हुए। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को चुनाव समिति के अध्यक्ष राममोहन सिंह व महामंत्री देवी प्रसाद मिश्र ने प्रमाण-पत्र प्रदान किया। इस मौके पर अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, चुनाव समिति के राजेन्द्र प्रसाद मिश्र, वीरेन्द्र सिंह, विकास मिश्र, लाल राजेन्द्र सिंह, शिवाकांत उपाध्याय, रामलगन यादव, राधारमण शुक्ल, संतोष पाण्डेय, कालिका प्रसाद पाण्डेय, अजय शुक्ल गुडडू, बेनीलाल शुक्ल आदि मौजूद रहे।

## अष्टमी पर महागौरी के स्वरूप का हुआ पूजन मंदिरों मे उत्साह

**प्रतापगढ़।** चैत्र नवरात्र की अष्ठमी पर देवी मंदिरों मे मां महागौरी के स्वरूप का दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड जुटी दिखी। बाबा घुइसरनाथ धाम मे श्रद्धालुओ ने मां दुर्गा तथा गणेश लक्ष्मी व मां पदमावती के दर्शन पूजन किये। वहीं लालगंज के हरिहरमंदिरम मे श्रद्धालु मां काली के साथ मां पीताम्बरा व मां विश्वमोहिनी की प्रतिमाओं पर फूल माला अर्पित कर नारियल चुनरी भेंट करने में मगन दिखे। इनहन भवानी धाम, अगई दुर्गन देवी धाम, मनीपुर चंदापुर की ग्रामदेवी, सांगीपुर वार्ड मे मां चतुर्भुजी देवी तथा गुम्मौर वन मे भी मां के दर्शन पूजन को लेकर दिन भर श्रद्धालुओं का जमघट दिखा। वहीं घरों मे भी नवरात्र पर अष्टमी के व्रत के साथ विधिविधान से देवी पूजन का उत्साह दिन भर देखा गया। बाजारों मे गुरूवार को नवमी को लेकर हवन पूजन के लिए खरीददारी को दोपहर बाद से भारी भीड़ भी प्रतिष्ठानों पर जुटी दिखी।

# विजेता खिलाड़ियों को गृहमंत्री देंगे पुरस्कार : विनोद सोनकर

**प्रतापगढ़।** सांसद खेल प्रतियोगिता के तीसरे दिन सांसद विनोद सोनकर ने कहा कि प्रतियोगिता के फाइनल मैच में जीते खिलाड़ियों को देश के गृहमंत्री पुरस्कार देंगे। बुद्धवार को कुण्डा के बिहार, कालाकॉकर व कुण्डा में खेले जा रहे प्रतियोगिता में खिलाड़ियों का हौसला आफजाई करने पहुंचे थे। सांसद ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से गॉवों में छिपी प्रतिभा को निखारने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष छियासी हजार खिलाड़ियों ने फार्म भरा था मगर इस वर्ष सोलह हजार खिलाड़ियों ने आनलाइन आवेदन किया। इससे खिलाड़ियों के अंदर नया जोश देखने को मिल रहा है। उन्होंने बताया कि विजयी खिलाड़ियों को कौशाम्बी के टेवा स्थित स्टेडियम में फाइनल मुकाबले के लिए भेजा जायेगा। आगामी 7 अप्रैल को फाइनल मुकाबले में जीते हुए खिलाड़ियों को देश के गृहमंत्री द्वारा सम्मानित करते हुए प्रमाणपत्र दिया जायेगा। इस मौके पर भाजना नेता शिव प्रकाश मिश्र, बीडीओ अश्वनी सोनकर, भूपेन्द्र पाण्डेय सहित अनेक भाजपा कार्यकर्ता, खेलप्रेमी व क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे।



खिलाड़ियों को हौंसला आफजाई करते सांसद विनोद सोनकर

## वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज।** कोतवाली पुलिस ने घर मे घुसकर मारपीट तथा तोडफोड के वांछित आरोपी को धर दबोचा। कोतवाली के दरोगा योगेन्द्र सिंह बुधवार की सुबह फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस बीच सूचना मिलने पर हलई का पुरवा पूरे बसंतराय निवासी परशुराम के पुत्र सुनील को पुलिस ने हिरासत मे ले लिया। आरोपी सुनील के खिलाफ थाने मे घर मे घुसकर मारपीट समेत कई धाराओं मे बीते 2018 में केस दर्ज हुआ है। पुलिस को आरोपी की काफी दिनो से तलाश थी। दोपहर बाद आरोपी को पुलिस ने जेल भेज दिया।

## मारपीट व दहेज के मामले में पति समेत सात पर मुकदमा

**पट्टी।** विवाहिता को मारपीट कर घर से भगा देने एवं दहेज की मांग करने के मामले में पुलिस ने पति सहित सात लोगों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। आसपुर देवसरा थाना क्षेत्र के धनसार ,रानीगंज निवासी आरती पुत्री जोखन लाल का आरोप है, कि उसका विवाह 10 मार्च 2018 को सुल्तानपुर जनपद के मोतिगरपुर थाना क्षेत्र के पारस पट्टी गांव निवासी आनंद कुमार के साथ हुआ था। विवाह के बाद सब कुछ ठीक-ठाक चल रहा था। 4 वर्ष बाद दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग उसे प्रताड़ित करने लगे। दहेज में नगद रुपए व वाहन की मांग को लेकर उसे मारपीट कर घर से भगा दिया। इस मामले में पंचायत हुई। नतीजा कुछ नहीं निकला। पीड़िता ने थाने पर शिकायत की। तहरीर के आधार पर आसपुर देवसरा पुलिस ने पति आनंद के साथ साथ गीता देवी ,ससुर श्याम कुमार ,देवर अरविंद ,ननद रोशनी, नेहा ,आरती के खिलाफ महिला प्रताड़ना मारपीट धमकी समेत दहेज अधिनियम का मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की है।

## भगवत कृपा जीवन का शाश्वत पुण्य : विद्याभूषण



कथा सुनाते आचार्य विद्याभूषण

**प्रतापगढ़।** लालगंज के सांगीपुर वार्ड में श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ के बुधवार को समापन पर श्रद्धालुओ की भीड जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य विद्याभूषण शुक्ल ने कहा कि भगवान की प्राप्ति के लिए आराधना का भाव सदैव शुद्ध मन से होना चाहिए। उन्होने कहा कि भगवत कृपा मिलना भी जीवन की साधना का पवित्र पुण्य हुआ करता है। विद्याभूषण जी ने बताया कि कलिकाल मे सिर्फ भगवान का हर समय स्मरण ही जीवन का सुमंगल हुआ करता है। कथा के संयोजक श्यामसुंदर त्रिपाठी व निर्मला त्रिपाठी ने समापन पर कथाव्यास विद्याभूषण शुक्ल को धर्मगौरव सम्मान प्रदान किया। संचालन संयुक्त अधिवक्ता संघ के महामंत्री शेष तिवारी ने किया। कथा के सह संयोजक शंभू त्रिपाठी, ज्ञानप्रकाश त्रिपाठी ने श्रद्धालुओ को प्रसाद वितरित किये। इस मौके पर आचार्य दिवाकर नाथ शुक्ल, चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्रो. आरपी शुक्ल, सुरेंद्र सिंह, रामअभिलाष यादव, आचार्य रामअवधेश मिश्र, आचार्य विनोद कुमार त्रिपाठी, कैलाशपति तिवारी, कृपाशंकर शुक्ल, शिवमूर्ति द्विवेदी, श्यामनारायण द्विवेदी, प्रभाकर द्विवेदी, लालजी तिवारी, बृजेश द्विवेदी, मुन्ना शुक्ल आदि रहे।

# सम्राट अशोक की जंयती मनाने के साथ ही साधना शिविर आयोजित




सम्राट अशोक महान की जयंती मनाते लोग

**प्रतापगढ़।** सम्राट अशोक महान की 2337वीं जयंती बुद्धवार को नगर के सम्राट अशोक पुस्तकालय पर मनाई गई। इस मौके पर साधना शिविर का भी आयोजन किया गया। शिविर के चीफ गेस्ट डा0 शिवमूर्ति मौर्य ने कहा कि सम्राट अशोक अहिंसा, शांति तथा लोक कल्याणकारी नीतियों के अतुलनीय सम्राट हैं। उनके बताए हुए आदर्शों पर चलकर ही शांति को प्राप्त किया जा सकता है। बौद्ध अनुयायी राकेश कन्नौजिया ने अपने विचार रखते हुए कहा कि अशोक ने बौद्ध धर्म स्वीकारने के बाद उन्होंने उसे अपने जीवन में उतारने का प्रयास किया। उन्होंने हिंसा करना छोड़ दिया। जनकल्याण के लिए दान देना शुरू किया और अनेकों कल्याणकारी कार्य किए। कई देशों में बौद्ध धर्म का पताका लहरा रहा है। इस मौके पर सीपी राव, गया प्रसाद, हरि श्याम मौर्य, राकेश चन्द्र मौर्य, चन्द्र केश, दिनेश सरोज, नन्दनी बौद्ध, राधिका बौद्ध, रोशनी बौद्ध, अनीता मौर्य, विजय शंकर आदि मौजूद रहे।

## सेवानिवृत्त शिक्षकों को सम्मान समारोह में दी गई विदाई



सेवानिवृत्त शिक्षकों की विदाई करते हुए

**प्रतापगढ़।** रानीगंज के गौरा ब्लाक संडिला बीआरसी केंद्र पर बुधवार को शिक्षक विदाई व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त होने वाले गौरा ब्लॉक के स्कूलों के चार शिक्षकों एवं कम्पोजिट स्कूल बनवारपुर के छात्रों का सम्मान खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया। साथ ही शिक्षण कार्य और विभागीय कार्यो को ससमय पूरी निष्ठा से पूर्ण करने वाले नोडल संकुल शिक्षकों को भी सम्मानित किया गया। शिक्षकों के विदाई का क्षण भावुक रहा। सेवाकाल पूर्ण कर विदा हो रहे शिक्षकों के जाने से सबकी आंखें नम रही। इस अवसर पर गौरा और शिवगढ़ ब्लॉक के खंड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, नोडल संकुल तथा दोनों ब्लाकों के शिक्षक नेता मौजूद रहे।

# प्रो. कामता प्रसाद को वाल्मीकि पुरस्कार मिलने से प्रसन्नता



संस्कृत संस्थान में पुरस्कार ग्रहण करते प्रो. कामता प्रसाद

**लालगंज।** क्षेत्र के अगई निवासी संस्कृत भाषा के विद्वान तथा पूर्व उप कुलपति प्रो. कामता प्रसाद त्रिपाठी पीयूष को लखनऊ के संस्कृत संस्थान मे बाल्मीकि पुरस्कार प्रदान किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम मे संपूणानंद संस्कृत विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. हरेराम शास्त्री, संस्कृत संस्थान के निदेशक विनय श्रीवास्तव, प्रो. आजाद मिश्र ने समारोहपूर्वक शासन द्वारा स्वीकृत सम्मान प्रदान किया। इसके तहत इन्हें शाश्वती की रचना पर इक्कीस हजार रुपए का नकद पुरस्कार एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रो. कामता प्रसाद के सम्मान की जानकारी मिलने पर यहां प्रबुद्ध वर्ग मे खुशी देखी गयी। आचार्य शिवमूर्ति शास्त्री, डा. शक्तिधरनाथ पाण्डेय, आचार्य राजेश मिश्र, विशालमूर्ति मिश्र, आचार्य रामअवधेश मिश्र, डा. अंबिकेश त्रिपाठी, राकेश त्रिपाठी, महंथ मयंकभाल गिरि, आचार्य प्रताप नारायण मिश्र, हरि बहादुर सिंह हर्ष, डा. नागेन्द्र अनुज आदि ने प्रो. पीयूष को मिले इस सम्मान को जनपद के लिए संस्कृत साहित्य के संवर्धन का गौरव ठहराया है।



### पूर्व शासकीय अधिवक्ता की मनाई पुण्यतिथि

**प्रतापगढ।** ब्रह्मदेव जागरण मंच ने बुधवार को कचहरी में पूर्व जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी पंडित कमलेश कुमार पाण्डेय की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस मौके पर संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पंडित सत्येन्द्र नारायण तिवारी एडवोकेट ने कहा कि स्वर्गीय कमलेश सदैव से गरीब असहाय की मदद में खड़े रहे। कार्यक्रम का संयोजन पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा ने किया। इस मौके पर ब्रह्मदेव जागरण मंच के प्रदेश प्रवक्ता जय प्रकाश मिश्र एडवोकेट, बलभद्र मिश्र, काशी प्रसाद शर्मा, सौरभ पुजारी हनुमान मन्दिर, अम्बरीष शर्मा , रवीन्द्र तिवारी सहित कई लोगों ने अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**पट्टी।** मंदिर से दर्शन कर घर लौट रहे युवक को पिकअप ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पट्टी कोतवाली क्षेत्र के डेईडीह धौराहरा गांव के रहने वाले अमित शुक्ला (18) पुत्र जय गोविंद शुक्ला बुधवार की सुबह अपने घर से दुर्गा देवी धाम दर्शन करने के लिए गया हुआ था। वहां से वापस घर लौटते समय बहुता स्कूल के समीप तेज रफ्तार मैजिक डाला ने उसकी बाइक मे जोरदार टक्कर मार दी। दुर्घटना में उसका पैर फैक्चर हो गए। टक्कर मारने के बाद मौके से पिकअप डाला सवार फरार हो गया। यह देख आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे आनन-फानन में सीएचसी ले गये। इलाज के उपरांत डॉक्टरों ने गंभीर हालत देखते हुए उसे जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों की प्रस्तुतियों ने मन मोहा

**लालगंज।** नगर के दीवानी मार्ग स्थित हनुमत पब्लिक स्कूल में बुधवार को वार्षिकोत्सव मे नन्हें मुन्हों की मनमोहक प्रस्तुतियां दिखी। वहीं शैक्षणिक सत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को अतिथियों ने पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया। कार्यक्रम का शुभारंभ चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संस्थापक पं. गौरीशंकर पाण्डेय ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। विद्यालय की छात्रा गौरी तथा करीना ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। वहीं आदर्श, समीर तथा सोम व यश एवं स्वास्तिक, कृष्णा आदि ने भाव नृत्य, नाटक तथा गीत प्रस्तुत कर अभिवावको को मंत्रमुग्ध कर दिया। प्रधानाचार्या सुमन पाण्डेय ने प्रारम्भ में शैक्षिक आख्या प्रस्तुत करते हुए अतिथियों का स्वागत किया। विद्यालय के निदेशक विकास पाण्डेय ने शैक्षिक मूल्यो पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल रहे। अध्यक्षता करते हुए चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चों को प्रेरणास्पद शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होनें कहा कि बच्चे ही हमारे भविष्य हैं, ऐसे मे समाज का भी दायित्व है कि शिक्षा के परिवेश को मजबूती देने मे सार्थक भूमिका निभाएं। प्राशिसं के मंत्री संतोष मिश्र ने प्रारंभिक शिक्षा को भविष्य निर्माण की नींव ठहराते हुए गुणवत्तापरक पठनपाठन के माहौल पर जोर दिया। शैक्षणिक सत्र मे विभिन्न कक्षाओं मे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिए अतिथियों द्वारा बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित भी किया गया। विद्यालय के अध्यक्ष दुर्गेश पाण्डेय ने आभार प्रदर्शन किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संयोजन शिक्षिका साक्षी, शरद, कविता, पुष्पांजलि, दीक्षा, ने किया। इस मौके पर सुरेन्द्र पाण्डेय, दीपक पाण्डेय, अनुज, गौरव पाण्डेय, बृजेन्द्रमणि त्रिपाठी, शास्त्री सौरभ आदि रहे।




सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे

## जनसंपादकीय

# प्रश्न पूछने वाले को भी राजा राम जेल में नहीं डालते

**भारतेंदु मिश्र**



आदिकवि वाल्मीकि ने रामायण लिखी ।उनकी रामायण से निकली सैकड़ों रामकथाओं को विभिन्न कवियों ने अपनी तरह से अपने समाज के लिए अपनी भाषा में लिखा है । राम आदर्श हैं क्योंकि उनका चरित आदर्श है, वो अभिराम हैं ,उनका चरित ही काव्य है ।पुत्र के रूप में ,भाई के रूप में, पति के रूप में, राजा के रूप में ,योद्धा के रूप में वो सभी जीवन प्रसंगों में सामाजिक आदर्श लेकर चलते हैं और नए मानक स्थापित करते हैं ।इसीलिये आचार्य विश्वनाथ ने कहा था- रामादिवत प्रवर्तितव्यम् न रावणादिवत। अर्थात राम आदि महानायकों के सामान आचरण करना चाहिए न कि रावण आदि अहंकारी व्यक्ति की तरह। वाल्मीकि ने राम के अनेक गुण बताये हैं - महाराज इक्ष्वाकु के वंश में जन्मे राम अपनी कुल परंपरा से भी अधिक गुणवान हैं। वाल्मीकि कहते हैं राम का नाम मैंने लोक में जनगाथा में सुना है अर्थात राम का महान चरित्र वाल्मीकि से पहले ही समाज में विख्यात हो चुका था। राम सनातन संस्कृति के आदि नायक के प्रतीक के रूप में हमारे समाज में आराध्य हैं । वो धैर्यवान हैं , महाबली हैं, सत्यसंग हैं, जितेन्द्रिय हैं , दीनबंधु हैं - वो माता कौसल्या को आनंदित करने वाले राम सभी गुणों से विभूषित हैं -

स च सर्वगुणोपेतः कौसल्यानन्दवर्द्धनः।
समुद्र इव गाम्भीर्ये स्थैर्ये च हिमवानिव॥

राम का चरित्र अगम्य है जैसे समुद्र गहरा है वैसे ही राम का चरित्र गहरा है। जैसे हिमालय स्थिर है वैसे ही राम का चरित्र स्थिर है। तात्पर्य यह कि राम के चरित्र को समझ पाना सबके वश की बात नहीं है।



वाल्मीकि आदिवासियों की तरह जीवन जीने वाले कवि हैं वो वनवासियों के कष्ट जानते हैं ।राम अयोध्या के राजकुमार हैं। सीता उनकी पत्नी और लक्ष्मण अपने बड़े भाई के प्रेम में राजसी ठाठ छोड़कर चौदह वर्ष के लिए वनवासी बन जाते हैं। पिता दशरथ और सौतेली माता कैकेयी की बिना कोई अवहेलना किये राम चल देते हैं , तो यह त्याग और प्रेम का उदात्त संदेश राम का चरित्र है ।जब अनेक आग्रह के बावजूद केवट गंगा पार कराने की उतराई नहीं लेता है, तो केवट के श्रम का मूल्य न चुका पाने का कृतज्ञता बोध राम के मन में सदा के लिए स्थिर हो जाता है।अस्पृश्य समझे जाने वाले निषाद राजा गुह से गले मिलते समय उनकी सहजता का बोध हमें आकर्षित करता है। आगे चलकर माता शबरी का सादगी भरा आतिथ्य जो एक एक फल चखकर खिला रही है और राम सहज प्रेमवश खा रहे हैं, वह हमें आकर्षित करता है। अयोध्या से सेना मंगवाए बिना वानर और भालुओं की सेना बनाते राम सुशोभित होते हैं।रावण जब सीता हरण करता है तो जटायु रावण से लड़कर मरणासन्न होकर धरती पर गिर जाता है। उसे उठाकर राम उसके साहस की प्रशंसा करते हैं और जब उसकी दशा पर विलाप करते हैं तब राम का सकरुण आचरण मन मोह लेता है। पत्नी सीता के अपहरण पर रोते हुए राम और लक्ष्मण मनुष्य ही लगते हैं।

समुद्र से लंका जाने का मार्ग मांगते समय जब सब सैनिक चिंतित खड़े हैं, क्या करें क्या न करें किसी को समझ में नहीं आ रहा है तब एक गिलहरी समुद्र का जल मुख में भरकर दूर फेंक रही है ताकि समुद्र का जल कम हो सके और राम जी की सेना लंका जा सके इस महा प्रयास को देखकर राम उसे अपने हाथ में उठा लेते हैं और उसे दुलराते हैं। उसके श्रम और साहस की सराहना का भाव राम को आदर्श बनाता है। अनुज सुग्रीव की पत्नी को जबरिया अपनाने वाले कामी महाबली बालि का वध करते हैं या जब अंत में एक साथ इकतीस तीरों से प्रहार कर-के दशानन का वध करते हैं तब तो उन्हें हम महान योद्धा के रूप में देखते ही हैं।

राम के विभिन्न रूप हैं उनकी विविध छवियों में से हर समय केवल धनुष बाण ताने रहने वाला भाव उनका स्थायी भाव कैसे हो सकता है? उनकी युद्ध मुद्रा युद्ध के बाद समाप्त हो जाती है लेकिन हमारे समाज से श्रीराम जी की करुण छवियों वाले कलेंडर अचानक अब गायब हो गए हैं। सामाजिकता का स्थायी भाव तो प्रेम, करुणा, कृतज्ञता और श्रम की सराहना में है। जीवन और जगत में श्री राम आदर्श हैं तो उनके चरित्र के सभी रूप हमारे नैतिक जीवन को प्रभावित करते हैं ।

वो केवल योद्धा ही नहीं हैं। प्रजा की भावनाओं का आदर करने वाले राजा भी है। जिनके राज्य में किसी को कोई दुःख या शोक नहीं था। क्या श्री राम जी की राजा की छवि हमारे समाज का आदर्श नहीं रही? उग्र युवा पीढी को और उन्हें भड़काने वाले नेताओं को भी इस बारे में विचार करना चाहिए । सीता के त्याग की मांग भी जिस नागरिक ने उठायी राजा राम ने उस नागरिक के साथ अन्याय नहीं किया,उसे जेल में नहीं डाला । प्रजा के आरोपों पर ध्यान देने वाले राम का विग्रह हमारे शासकों के अवचेतन में अब नहीं रहा। राजसभा में सीता माता पर हुए अत्याचार का कारण पूछने वाले लव और कुश को भी यह संस्कृति राजा के न्याय पर सवाल उठाने का अधिकार देती है। हमारी संस्कृति ही राजा राम से निरपराध शंबूक वध पर भी प्रश्न पूछती है। प्रश्न पूछना और असहमत होना तो हमारी परंपरा है। कठोपनिषद में नचिकेता पिता अर्थात महाराज बाजिश्रवा से असहमत होकर सवाल न पूछता तो यम से संवाद कैसे करता और हमारे सामने आत्मा का रहस्य कैसे खुलता ?

ओरछा की महारानी ने अयोध्या से राम दरबार का विग्रह लाकर ओरछा में राम राजा का मंदिर बनवाया था। इस मंदिर में आज भी परंपरा के अनुसार प्रभु राम को सुबह शाम सलामी दी जाती है। वहां के राजा राम ही माने जाते हैं।वहां की सरकार वही चलाते हैं ऐसा माना जाता है ।

राम के सामान आचरण करना तो असंभव है।वो तो आदर्श हैं हमें राम और सीता के आदर्श को समग्र रूप से समझना चाहिए। जब तुलसीदास कहते हैं - सीय राम मय सब जग जानी तो वो राम के समग्र रूप की आराधना करते हैं और अपने समय के अनुसार अपनी कथा बुनते हैं। पहले के लोग तो अभिवादन के लिए भी 'राम राम' और 'जय सियाराम' कहते थे।अब वह परंपरा केवल जय श्रीराम में कब कैसे बदल गयी ? वाल्मीकि,कालिदास,भवभूति,कंबन,कुमारदास ,तुलसी और कबीर सबके अपने अपने राम हैं, वो आपस में लड़ते नहीं हैं। सबको अपनी तरह का राम चुनने का भी अधिकार है। हमें राम की विविध छवियों को जान लेना चाहिए ताकि कोई भी व्यक्ति अपने लिए उनके आदर्श का कोई एक मूल्य अपना सकें।

**(संपर्क- सी-45/वाई-4,दिलशाद गार्डन, दिल्ली, मो- 9868031384)**

# जगत सीय-राम-मय है तो भेद-भाव क्यों

## रामनवमी पर

**गिरीश्वर मिश्र**



श्रीराम विष्णु के अवतारं हैं। सृष्टि के कथानक में भगवान विष्णु के अवतार लेने के के कारणों में भक्तों के मन में आए विकारों को दूर करना, लोक में भक्ति का संचार करना, जन झ्र जन के कष्टों का निवारण और भक्तों के लिए भगवान की प्रीति पा सकने की इच्छा पूरा करना प्रमुख हैं। सांसारिक जीवन में मद, काम, क्रोध और मोह आदि से अनेक तरह के कष्ट होते हैं और उदात्त वृत्तियों के विकास में व्यवधान पड़ता है। रामचरितमानस में इन स्थितियों का वर्णन करते हुए गोस्वामी तुलसीदास कहते हैं कि जब-जब धर्म का ह्रास होता है, नीच और अभिमानी राक्षस बढ़ जाते हैं और अन्याय करने लगते हैं पृथ्वी और वहाँ के निवासी कष्ट पाते हैं तब-तब कृपानिधान प्रभु भाँति-भाँति के दिव्य शरीर धारण कर सज्जनों की पीड़ा हरते हैं। एक भक्त के रूप में तुलसीदास जी का विश्वास है कि सारा जगत राममय है और उनके मन में बसा भक्त कह उठता है सीय राममय सब जग जानी करहु प्रणाम जोरि जुग पानी। सारे जगत में चारों ओर राम को देखना भक्ति की पराकाष्ठा भी है और समदर्शी हो कर ऊपर से दिखने वाले विरोधों और उनसे उपजने वाली विपदाओं से उबरने का उपाय भी।

आज के दौर में समानता से ज्यादा अनोखे, अद्वितीय, सबसे अलग, औरों से कुछ हट कर खुद को दिखने-दिखाने का रिवाज जोरों पर चल पड़ा है। वेश-भूषा, आचार-विचार, बात-व्यवहार सबमें अपने लिए आत्यंतिक फर्क. साबित करना आज श्रेष्ठता का मानदंड होता जा रहा है। हम विविधता का उत्सव मनाने को सदैव व्याकुल रहने लगे हैं। औरों से अलग होना निश्चय ही बहुमूल्य होता है क्योंकि वह नवीनता लाता है। नवीनता मन के लिए रमणीय होती है और इसलिए वह प्रिय भी हो जाता है। नए, यानी जो पहले से भिन्न या अपूर्व है, उसे मौलिक कहा जाता है। उसे समाज में आदर मिलता है और पुरस्कृत भी किया जाता है। कहते हैं सृजनात्मक होने के लिए किसी चीज को मौलिक, उपयोगी और प्रासंगिक होना चाहिए। अस्तित्व की मौलिक एकता से विविधता की ओर आगे बढ़ती मनुष्य की दिग्विजय यात्रा निश्चय ही मोहक और चित्ताकर्षक है। परंतु भिन्नता के अति आग्रह या दुराग्रह कुछ कठिन सवाल भी खड़ा करने लगता है क्योंकि सिर्फ. विविधता और भिन्नता की सिद्धि के लिए विविधता को बढ़ाते जाने से जीवन-यात्रा नहीं सधती।

धरती पर जिस भौतिक दुनिया में हम रहते हैं वहाँ बड़ी भारी मात्रा में नाना प्रकार के पदार्थ मौजूद हैं और वे सभी अपने गुण धर्म में एक दूसरे से अलग भी हैं। मनुष्य जीवन के स्तर पर भाषा, धार्मिक विश्वास, खान-पान आदि में भी यह विविधता व्याप्त है। यह विविधता जिस तरह बढती जा रही है उसका कोई ओर-छोर नहीं दिखता। इसलिए उसकी गणना करना आसान नहीं है। इंद्रियानुभव पर जोर देने वाले वैज्ञानिक युग में इस तरह के विश्लेषण की अंतहीन सम्भावनाएँ हैं और उसके तरह-तरह के परिणाम भी होते हैं।

हमारा शरीर भी अन्यान्य अंगों और उपांगों से बना है और वे सभी भिन्न-भिन्न कार्य करते हैं। हाथ, पैर, आँख, नाक और कान न केवल अपनी रचना में एक दूसरे से भिन्न हैं बल्कि इन सबका अलग-अलग उपयोग है और सामान्यतः एक दूसरे की जगह भी नहीं ले सकते। ये सभी स्वभावतः भौतिक जगत के भिन्न-भिन्न विषयों से जुड़े होते हैं। यह विविधता अनेक तरह के कार्यों को सम्पादित करना सम्भव बनाती है। निश्चय ही क्षमता का यह विस्तार जीवनी शक्ति या प्राणवत्ता से अनिवार्य रूप से जुड़ी होती है । इस तरह विविधता के अंतर्सम्बन्ध को पहचानना जीवन के अस्तित्व के लिए अनिवार्य है।

भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं। अलग नाम का उपयोग पहचान के लिए होता है परंतु यदि वह किसी लाभ से जुड़ जाय तो वह अलगाव का आधार बन कर समानता पर छा जाता है। जब 'मैंपन' का अहसास तीव्र होता है और हम अपने अकेले मैं को सबसे परे और सबके ऊपर रखने के लिए उद्यत होते हैं तो समानता ढँकती और बिसरती जाती है। दूसरी ओर भिन्नता प्रखर होती जाती है। तब हम भिन्नता को बचाए और बनाए रखने की कोशिश में लग जाते हैं। मैं के अखंड विस्तार में जो मेरा है उससे जो भिन्न या ममेतर है उसके साथ टकराव खड़ा हो जाता है। मैं का अहंकार फुंफकार मारता है। उसे 'अन्य' फूटी आँख भी नहीं सुहाता और तब द्वंद्व का बीजारोपण होता है और कलह की पौध पनपती है।



एक और अनेक के बीच के रिश्ते राचीन काल से मनुष्य की सोच के केंद्र में रही है। पुरा काल के सृष्टि के आख्यानों में एक यह भी है की ईश्वर या परमात्मा को अकेले अच्छा नहीं लग रहा था ( स एकाकी न रमते ) और तब उसने एक से अनेक होने की इच्छा की (एकोहं बहुस्याम् ) और फिर जो भी दूसरा रचा गया उसमें वह स्वयं प्रवेश कर गया। इस आख्यान का एक आशय परमात्मा की उपस्थिति की व्याप्ति को दशार्ना है। ईशावास्योपनिषद भी यही कहता है झ ईशावास्यमिदं सर्वं यत्किंचित जगत्यां जगत - अर्थात यह दुनिया ईश्वर की वासस्थली है। इसलिए यहाँ हर जगह ईश्वर की उपस्थिति है। इस विचार की पराकाष्ठा शंकराचार्य के अद्वैत वेदांत में हुई जिसमें यह प्रतिपादित किया गया - सर्वं खल्विदम् ब्रह्म झ अर्थात जो कुछ है वह ब्रह्म ही है। सर्वव्यापी ब्रह्म, ईश्वर या परमात्मा की संकल्पना जीवन जीने के लिए एक सुदृढ़ आधार प्रदान करती है। गोस्वामी तुलसीदास जी भी जगत को सीय-राममय कह कर भी सम्भवतः यही भाव व्यक्त कर रहे हैं। वे 'सारा जगत एक ही तत्व वाला है या एक ही तत्व का प्रकाश है ' इस विचार की प्रतिष्ठा करते दिखते हैं। वस्तुतः यह मान कर ही सृष्टि मात्र में गुणवत्ता और शक्ति की प्रतिष्ठा हो सकेगी और हम उनका वास्तविक मूल्य समझ सकेंगे। आज हम पृथ्वी, जल, वायु आदि सभी को उपभोग्य वस्तु और खुद को उपभोक्ता मान कर बिना विचारे बहिचक उनका शोषण करते हैं। यह अलग बात है कि अब इस स्वार्थ वृत्ति का हानिकर पहलू उभर कर सामने आने लगा है। यदि पूरा जगत राममय है तो वह भी श्रीराम की ही तरह पूजनीय और वंदनीय हैं। श्रीराम सत्य, तप, तितिक्षा, संतोष, धैर्य, धर्मपरायणता की प्रतिमूर्ति है। श्रीराम का भाव परदुःखकातरता के साथ प्रतिष्ठित है। राममय होने के साथ यह आशा भी बलवती होती है कि राम के अनुगामियों में इन सब सद्गुणों की वृद्धि होगी। दायित्व आने के साथ शक्ति की उपस्थिति होगी। विरोध और वैमनस्य की जगह आदर और सम्मान ले लेते हैं। राम को समदर्शी, दीन बन्धु, भक्तवत्सल और करुणाकर आदि कहा गया है। जो सीय-राम-मय होगा, वह इन सब भावों से आप्लावित होगा, उसमें ये सब भाव भी उपस्थित होंगे। तब जगत की अनुभूति और प्रतीति का नजरिया तथा पैमाना बदल जाएगा। राम भाव की उपस्थिति में साम्य देखना सम्भव होगा और सम्यक व्यवहार भी सध सकेगा।

सब में किसी एक तत्व की उपस्थिति सब की अनुकूलता को द्योतित करती है जिससे सबके हित की सम्भावना बनती है। ऐसे में सभी एक दूसरे का भला करना चाहेंगे क्योंकि तब दूसरा पराया नहीं रह जायगा । ऐसे ही उदार व्यक्ति के लिए कहा गया कि 'निज' और 'पर' का भेद मिट जाता है। वह अपने में सबको और सबमें अपने को देखता है। इस नए समीकरण में परस्पर भरोसा मुख्य हो जाता है। तब प्रतिरोध कम होता जाता है और परस्पर समर्थन बढ़ता है। सबको अपने जैसा मानने के कई परिणाम होते हैं। अपने अस्तित्व-बोध का विस्तार कर जो अपने लिए ठीक या प्रिय नहीं लगता उसे दूसरों के साथ करने से बचते हैं। उनके लिए आत्मनः प्रतिकूलानि परेषाम् न समाचरेत का विचार जीवन का पाथेय सा हो जाता है। तभी 'सर्व' और 'सर्वोदय' की संकल्पना पुरेगी, सर्वे भवंतु सुखिनः की कामना फलवती होगी और राम-राज्य का संकल्प पूरा हो सकेगा। भेद-बुद्धि को जीवन में अपनाना कितना सतही, सरलीकृत, भ्रामक और हिंस्र है इसका अनुभव हम सब अपने जीवन में नित्यप्रति करते रहते हैं। क्षुद्र मानसिकता वाला यह भाव विचलित और स्खलित कर देने वाला होता है। ऐसी पाप बुद्धि के चलते अहंकार प्रचंड होने लगता है। तब एक दूसरे को नीचा दिखाना, चोट पहुँचाना, परवाह न करना और आधिपत्य जमाना आसान हो जाता है। अहं भाव की अनर्गल वृद्धि के बीच हम दूसरे या किसी अन्य का अस्तित्व ही नहीं स्वीकार करना चाहते। सीय राममय कह कर तुलसीदास जी समूची सृष्टि को प्रिय और अभिनंदनीय बनाते हैं। वे यह संदेश भी देते हैं कि वह लोक जिसमें हम विचरण करते हैं सौहार्द और सामरस्य का आगार है क्योंकि राम सबके हैं और सबमें उपस्थित हैं। लोक-मानस में राम आज भी व्याप्त हैं तो इसीलिए कि वे स्वयं ही लोकाराधक हैं।

**भिन्नता पैदा करना या भेद देखना चीजों को एक को दूसरे के विपरीत खड़ा करता है। इससे उपजने वाला अलगाव दूरियाँ पैदा करता है और हम जो भिन्न है उसमें दोष-दर्शन करने लगते हैं। दूसरी ओर जो समान लगता है उससे स्नेह, निकटता और मित्रता का रिश्ता बनाने लगाते हैं। धीरे-धीरे समय के साथ भिन्न छिजें कब खिसक कर विरोध के खेमे में पहुँच जाती हैं इसका अंदाजा ही नहीं लगता। आज की दुनिया की प्रमुख समस्याएँ भिन्नता और विरोधजनित असंतोष, तनाव और हिंसा के रूप में उभरती दिख रही हैं।**

# गांधी की शिक्षा के सवालों के जवाब

## स्मरण

**डॉ. चित्रा माली**



गांधी ने अपनी आत्मकथा में बैखोफ होकर छोटी से छोटी और बड़ी से बड़ी बात का जिक्र तथ्यों के साथ किया है जो उनसे संबंधित थे । साथ ही वे आत्मकथा लिखते वक्त चाहते थे कि कोई शोधार्थी बारीकी से उनसे प्रश्न करें और वह बेबाकी से उनका उत्तर दें पर ऐसा हो न सका । गांधी ने ईश्वर को साक्षी मानकर आत्मकथा लिखी । गांधी अपनी आत्मकथा 'सत्य के प्रयोग अथवा आत्मकथा' के प्रथम भाग के पांचवे अध्याय में अपनी शिक्षा से जुड़े तथ्यों को रखते हैं । जिसमें में लिखते हैं कि हाईस्कूल में मेरी गिनती मंदबुद्धि विद्यार्थियों में नहीं थी,वे अपने आप को एक औसत छात्र के रूप में व्याख्यायित करते हैं । गांधी जी की प्राथमिक शिक्षा पोरबंदर की किसी प्राथमिक शाला में हुई थी । इसका जिक्र एक सेवानिवृत्त हेडमास्टर जी के द्वारा लिखी गई दो किताबों में मिलता है । इसके बाद 21 जनवरी 1879 को गांधी जी का दाखिला तालुका स्कूल में करवा दिया गया था । अक्टूबर 1880 में गांधी जी काठियावाड़ हाईस्कूल में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए थे । इस प्रवेश परीक्षा में उन्हें 64 प्रतिशत अंक मिले और उनका दाखिला काठियावाड़ हाईस्कूल में हो गया । इस विद्यालय में उन्हें पहली बार अन्य विषयों के साथ अंग्रेजी पढ़ने का अवसर मिला । नए विद्यालय में गांधी जी का प्रदर्शन उत्साहजनक नहीं था लेकिन वर्ष 1883 में वे शिक्षा के लिए ज्यादा एकाग्रचित और परिश्रमी हो गए थे । जिसका असर होने वाली परीक्षा के परिणाम पर पड़ा और उन्होंने 68 फीसदी अंक हासिल किए । अप्रैल 1884 की सत्र परीक्षा में उन्हें 58 फीसदी अंक मिले जो पूर्व की परीक्षा से कम थे । 1885 में उन्होंने पांचवी ग्रेड की परीक्षा में 55.75 प्रतिशत अंक हासिल किए और कक्षा में तीसरा स्थान प्राप्त किया । गणित में उन्होंने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए जो उनके लिए अनपेक्षित थो इस प्रदर्शन के लिए उन्हें दो काठियावाड़ी राजाओं द्वारा दी जाने वाली छात्रवृत्ति मिलने लगी । गांधी जी के लिए 1887 में मैट्रिकुलेशन की परीक्षा सबसे कठिन परीक्षा थी । जनवरी 1888 में काठियावाड़ गजट में मैट्रिकुलेशन परीक्षा में परिणाम प्रकाशित हुए जिसमें 3000 से अधिक लोगों ने परीक्षा दी थी जिनमें से मात्र 30 प्रतिशत ही उत्तीर्ण हो पाए थे । गांधी उन उत्तीर्ण होने वालों में से एक थे । राज्य के जो 823 छात्र परीक्षा में उत्तीर्ण हुए थे उनमें गांधी जी की रैंक 404 थी । जनवरी 1888 में गांधी जी ने शामलदास कॉलेज भावनगर में बी.ए. कोर्स में दाखिला लिया था । अप्रैल 1888 में जब पहले सत्र की आखरी परीक्षा हुई तो उन्होंने सात विषयों में से सिर्फ चार विषयों की परीक्षा दी और उन विषयों में भी उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं था और उन्हें सिर्फ 34 प्रतिशत अंक ही हासिल किए । गांधी परिवार के पारिवारिक मित्र मावजी दवे की सलाह पर गांधी जी को कानून की पढ़ाई करने के लिए इंग्लैंड भेजा गया । 6 नंबर 1888 को गांधी जी ने इनर टेंपल (लंदन में बैरिस्टरों और जजों के पेशेवर संगठन में अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया जो लंदन के न्यायालय के चार इंस में एक था । लंदन के शुरूआती दिनों में गांधी को उनके एक मित्र ने सलाह दी कि बैरिस्टर की पढ़ाई के साथ वे लंदन मैट्रिकुलेशन की परीक्षा भी दे सकते हैं । जिसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क देने की आवश्यकता भी नहीं है । मैट्रिकुलेशन में रजिस्ट्रेशन के बाद गांधी को पता चला कि उन्हें लैटिन भाषा सीखनी होगी और विज्ञान के एक विषय को पढ़ना होगा । पहली बार में गांधी लैटिन भाषा की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए लेकिन दूसरी बार में वे कामयाब रहे । मार्च 1890 के आखरी सप्ताह में गांधी ने कानून की परीक्षा के पहले सत्र की परीक्षा दी । जब परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने बंबई मैट्रिकुलेशन की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था । उन्हें 46 छात्रों में से छठा स्थान हासिल हुआ था । पहली बार उनका नाम 'द टाइम्स' में अन्य सफल छात्रों के साथ प्रकाशित हुआ था । दिसंबर 1890 में गांधी कानून की आखिरी परीक्षा में बैठे । एक माह बाद 12 जनवरी 1891 में उन्हें बताया गया कि वे परीक्षा में पास हो गए हैं और उन्होंने 109 में से 34वां स्थान प्राप्त किया है । 1991 में नवंबर के प्रथम सप्ताह में गांधी ने बंबई हाईकोर्ट में अपना नामांकन करवाया । उन्हें इनर टेंपल के सर्टिफिकेट के आधार पर एक लाइसेंस जारी किया गया और एक ब्रिटिश बैरिस्टर से अनुमोदन पत्र भी प्राप्त हुआ । गांधी बंबई में वकालत जमाने में असफल रहे और वे राजकोट लौट गए और वहां कार्यालय खोल दिया जिसमें धीरे धीरे मुवक्किल आने लगे । राजकोट में वे आवेदन/निवेदन का प्रार्थनापत्रों का मसौदा तैयार करते थे जो मुख्यतः भूमि विवादों से संबंधित होते थे । इससे उन्हें 300 रुपए मासिक आय होने लगी । यह आमदनी उनके पारिवारिक खर्च के लिए काफी थी लेकिन लंदन से प्रशिक्षण के बाद बंबई में वकालत न जमा पाना और एक छोटे से शहर में स्वतंत्र रूप से कार्य करना बहुत सम्मानजनक कार्य नहीं था । इसलिए दक्षिण अफ्रीका से आए अवसर को उन्होंने हाथों हाथ लिया और 24 अप्रैल 1893 को बंबई से डरबन के लिए जहाज से रवाना हो गए। गांधी दिन में दादा अब्दुल्ला के मुकदमे से संबंधित कार्य करते थे और शाम में वे लंदन जाने के इच्छुक लोगों के लिए एक किताब 'लंदन जाने की तैयारी कैसे करें' लिख रहे थे जिसे वे प्रकाशित करवाना चाह रहे थे । यह किताब उनके लंदन के अनुभवों पर आधारित थी जिसमें उन्होंने लिखा कि 'सिविल सर्विसेज' में प्रवेश करने के लिए बैरिस्टर बनने,चिकित्सा या इंजीनियरिंग की पढ़ाई के लिए इंग्लैंड बढ़िया जगह है । एक खास अवधि में इन विषयों के बारे में जितना इंग्लैंड में सीख पाएंगे उतना भारत में नहीं । गांधी के अनुसार इंग्लैंड के शिक्षा का स्तर बहुत ही ऊँचा था और वहां कम मानसिक विचलन भी था । दक्षिण अफ्रीका में लंदन से प्रशिक्षित गांधी इकलौते वकील थे जो दो नस्लों के बीच की दूरी को पाटने का प्रयास कर रहे थे । गांधी को नेटाल बार में श्रीमान इसकाम्ब ने प्रवेश दिलाने में मदद की थी। एक बार गांधी को उनके एक यूरोपीय सहयोगी ने सलाह के लिए बुलाया था जो एक मुस्लिम व्यापारी का था जिसकी मृत्यु बिना वसीयत लिखे हो गई थी । इस मामले की सुनवाई वाल्टर रैग नाम के जज कर रहे थे जिन्होंने गांधी का नटाल बार में प्रवेश का विरोध किया था । वे विरोध इसलिए कर रहे थे कि गांधी ने इनर टेंपल में मूल प्रमाणपत्र के बदले अपने प्रमाणपत्र की स्वप्रमाणित प्रति पेश की थी,लेकिन असली बात ये थी कि वह एक अश्वेत व्यक्ति के अदालत में प्रवेश को बर्दाश्त नहीं कर पा रहे थे ।


इन सभी तथ्यों को दुबारा दोहराने की आवश्यकता वर्तमान समय की मांग है जिसमें लगातार तथ्यों के साथ छेड़छाड़ की जा रही है और खासकर गांधी और नेहरू को लगातार टारगेट किया जा रहा है । ये समय गांधी और नेहरू के साथ तर्क करने का भी है जिससे हम उनके विचारों को उनके स्थापित मूल्यों को और देश के प्रति उनकी प्रतिबद्धता को नजदीकी से देख सकें और उनसे प्रेरित हो देश में लोकतंत्र को देश की साझा संस्कृति और विरासत को बचा सकें ।

**(सहायक प्रोफेसर, गांधी एवं शांति अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय क्षेत्रीय केंद्र कोलकाता )**

**पहली बार में गांधी लैटिन भाषा की परीक्षा में अनुत्तीर्ण हो गए लेकिन दूसरी बार में वे कामयाब रहे । मार्च 1890 के आखरी सप्ताह में गांधी ने कानून की परीक्षा के पहले सत्र की परीक्षा दी । जब परिणाम घोषित हुआ तो उन्होंने बंबई मैट्रिकुलेशन की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया था । उन्हें 46 छात्रों में से छठा स्थान हासिल हुआ था ।**

## व्यंग्य

# लिटरेरी कामबो पैक



**संजीव जायसवाल संजय**

बूढ़ा शेर जुगाड़ू हो जाता है। बेचारा क्या करे? पेट तो भरना ही है, फुर्ती बची नहीं तो तिकड़म से शिकार करता है। उनका भी यही हाल है। बेचारे बड़े मठाधीश थे। साहित्यकारों को बनाना, उठाना, चमकाना, लुढ़काना, धूल चटाना उनके बाएं हाथ का खेल था। मुंह से शब्द उच्चारित करते तो उसे थामने के लिए नवांकुरों, पुरस्काराकांक्षियों, सम्मानोलुपों की पलटन मुस्तैद रहती। पूरे साहित्याकाश में दबदबा था उनका। जो भी लिख देते उसे साहित्य की धरोहर मान लिया जाता। मगर वक्त की मार! बढ़ती उम्र के साथ उर्जा और शक्ति दगाबाजी करने लगी थी। उपन्यास लिखते तो पिछले अध्याय से तारतम्य छूट जाता, कहानी लिखने बैठते तो नए प्लाट यूं नदारत होते जैसे गधे के सिर से सींग। कविता के भाव तो मृग-मरीचिका हो गए। पूरी-पूरी रात मन मयूर को दौड़ाते लेकिन नतीजा ढाक के तीन पात।

सिंहासन हिलता नजर आया तो घाघ बुद्धि का इस्तेमाल किया। रचनाकार का चोला उतार वे संपादक की काया में प्रवेश कर गए। बड़े पुण्य का काम है। जिनकी रचनाएं कहीं न छप रही हों उनकी बटोर कर साझा-संग्रह छपवा दो। प्रकाशक से संपादकत्व का मेहनताना झाड़ लो और रचनाकार तो पत्र और पुष्प दोनों अर्पित करने के लिए कटिबद्ध खड़े ही हैं। हर्र लगी न फिटकरी, रंग चोखा। घोड़े दूसरे के हैं और सवारी आप गांठ रहे हैं। बायोडाटा में पुस्तकों की संख्या दनादन बढ़ने लगीं। जितने साझा संग्रह छप कर आते उससे ज्यादा छपने जा चुके होते। कहानी, कविता, नाटक, लघुकथा, गीत, नवगीत, हाइकू, गजल, शेरो-शायरी एक-एक करके वे सारी विधाओं का टेकओवर करते जा रहे थे। रॉ-मैटीरियल दूसरे का और ट्रेडमार्क उनका। धंधा फिर से जम गया। संग्रहों के संपादन में जितना आनंद आया उतना आनंद कलम घिसने में कभी नहीं आया था। हर विधा का ग्रुप बना रखा था उसमें मैसेज डाल देते 'आवश्यकता है फंला-फंला रचनाओं की'। बस रचनाओं की बरसात होने लगती। उनका सीधे बंडल बनाते और प्रकाशकों को दे आते।

प्रकाशकगण भी प्रसन्न। रॉ-मैटीरियल की सप्लाई दनादन चालू उपर से प्रोडक्ट बिकने की पूरी गारंटी। जिस रचनाकार को एक 'कम्पलीमेंटरी कॉपी' मिलती वह लोकार्पण करने, दोस्त-रिश्तेदारों को भेंट कर धौंस जमाने हेतु पच्चीस-पचास प्रतियां दन्न से खरीद लेता। नवांकुर और नवांकुरियां यह बता-बता कर धन्य हो जाते की फंला साझा संग्रह में उनकी रचना को फलाने महान रचनाकार के साथ स्थान मिला है। समतुल्यता ही श्रेष्ठता की सर्वमान्य तुला है, इस मंत्र की घुट्टी पिला-पिला वे अपने साम्राज्य का विस्तार करते जा रहे थे। तभी रंग में भंग हुआ। एक दिन एक मनचले चेले ने पूछ लिया 'गुरू जी, संकलनकर्ता और संपादक के दायित्वों में क्या फर्क है?' वार सही जगह हुआ था। तिलमिलाए गुरू जी ने रौद्ररूप धारण कर चेले को दरबार से निकाल दिया।

मगर चेला पूरा शक्कर था। सारे दांव-पेंच सीख चुका था। उसने भी संग्रहों का संपादन शुरू कर दिया। अघोषित प्रतियोगिता प्रारंभ हो गई। गुरू जी के चार संग्रह आते तो चेले के पांच आ जाते। रचनाकारों की पौ-बारह हो गई। विद्यार्थी जीवन की अस्वीकृत रचनाओं तक को ढूंढ-ढूंढ कर संग्रहों में शामिल करवाने लगे। तमतमाये गुरू जी ने आगामी 'पुस्तक मेले' में हर विधा के 21-21 रचनाओं के 21-21 संग्रहों की श्रंखला लाने की घोषणा कर दी। भूतो न भविष्यते। पूरे साहित्यजगत में धूम मच गई। रचनाएं उमड़-घुमड़ कर उनके घर बरसने लगीं। दो बोरे से ज्यादा रचनाएं आनन-फानन में आ गईं। उपर वाला साक्षी है इस बार उन्हें वास्तव में मेहनत करनी पड़ी। कई कम-अक्लों ने एक ही लिफाफे में कई-कई विधाओं की रचनाएं ठूंस कर भेज दी थीं। रात-रात भर जाग छंटनी कर उनके अलग-अलग बंडल बनाने पड़े। बढ़ती उम्र का तकाजा, बेचारी कमर इतना बोझ सह न सकी और उन्हें ले बिस्तराग्रस्त हो गई।

मेला नजदीक, समय कम। मरता क्या न करता। नौकर से सारे बंडल प्रकाशक के पास भेजवाने पड़े। मगर हाय रे किस्मत! रास्ते में एक बाईक वाले ने ठोकर मार दी। सारे बंडल उछल कर सड़क पर और रचनाएं तितर-बितर हो गईं। मगर नौकर समझदार था। उसने संपादन के नाम पर मालिक को हमेशा रचनाओं का बंडल लपेटते ही देखा था। उसे उनकी घोषणा के बारे में भी मालूम था। उसने फौरन कागजों को बटोरा और गिनती कर 21-21 रचनाओं के 21 बंडल बना प्रकाशक के यहां पहुंचा आया। संग्रह भी समय पर छप कर आ गए मगर एक गड़बड़ी हो गई। साझा संग्रह वास्तव में साझा हो गए थे। किस संग्रह में किसकी कितनी कविताएं, कहानियां, गजल, हाइकू, लघुकथाएं मिश्रित होकर छप गई हैं इसका हिसाब लगाना असंभव था।

खबर लीक होते ही चेले ने अफवाह फैला दी कि गुरू जी सठिया गए हैं। मगर गुरू तो गुरू। फौरन घोषणा कर दी "वे देश का पहला 'लिटरेरी काम्बो पैक' लेकर आए हैं। एक ही संग्रह में पाठकों को हर विधा का स्वाद मिलेगा। अगल-अलग भटकने की आवश्यकता नहीं।" फामूर्ला हिट हो गया। नौकर की कृपा से बनी खिचड़ी, सुपरफूड साबित हो गई। गुरू जी का भी काम आसान हो गया। अब जो लिफाफे आते उनकी छंटनी भी नहीं करते, सीधे लपेट कर प्रकाशक को दे आते।

**(लेखक व्यंग्यकार हैं, संपर्क 7318213943)**

रचनाएं हमें ई-मेल से भी भेज सकते हैं-
<raisubhash953@gmail.com>

# देशी शराब की दुकान के विरोध में नागरिकों ने किया प्रदर्शन

जनसंदेश न्यूज

**केराकत।** क्षेत्र के पचवर गांव के देशी शराब की दुकान को गंगौली गांव में स्थानांतरित करने के विरोध में बुधवार को भारी संख्या में नागरिकों ने गंगौली गांव में विरोध प्रदर्शन किया।

इस मौके पर प्रदर्शनकारियों ने कहा कि जहां दुकान खोली जा रही है वहां ब्यूटी पार्लर, मिनी बैंक स्थित है। इसके आलावा वहां अनेक परिवार रहता है। नागरिकों ने कहा कि देशी शराब की दुकान खुलने से वहां का माहौल खराब होगा। प्रदर्शन का नेतृत्व स्थानीय रामफेर गुप्ता ने किया। इस अवसर पर चंदा देवी, विशाल कुमार, प्रहलाद, आद्या प्रसाद, मंजू देवी, सुधीर कुमार, राम लौटन, अदनान शेख, शोभनाथ, उषा देवी आदि भारी संख्या में पुरुष महिला शामिल रहे।



देशी शराब की दुकान के विरोध में प्रदर्शन करते ग्रामीण

## वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पवांरा।** पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा के आदेश के अनुपालन में चलाये जा रहे अभियान के तहत पॉक्सो एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त दान बहादुर पुत्र शीतला प्रसाद निवासी मड़वा दोदक को बुधवार की सुबह मुखबिर की सूचना पर उपनिरीक्षक मंजय यादव ने सतहरिया से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## चल रही प्रदर्शनी में दुकानदार की मौत

**शाहगंज।** नगर के रामलीला मैदान में चल रही प्रदर्शनी में कास्मेटिक की दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करने वाले दुकानदार की मंगलवार की देर रात अचानक तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिजन ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय ले गये जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। नगर के रामलीला मैदान में दो सप्ताह से प्रदर्शनी में कानपुर नगर के बिरहना रोड स्थित रोटी गोदाम निवासी 24 वर्षीय निहाल पुत्र मोहम्मद इरफान अपनी कास्मेटिक की दुकान लगाकर अपना और अपने परिवार का भरण पोषण करता था। मंगलवार की देर रात प्रदर्शनी बंद होने के बाद भोजन कर सो रहा था। तकरीबन ढाई बजे अचानक उसकी तबियत बिगड़ गई। मौके पर मौजूद परिवार के अन्य लोगों ने आनन-फानन में इलाज हेतु चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने इलाज के दौरान निहाल को मृत घोषित कर दिया।

# पति की प्रताड़ना से क्षुब्ध अध्यापिका ने फांसी लगाकर दे दी जान

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** लाइन बाजार थाना क्षेत्र के भगवती कालोनी में अध्यापिका ने मंगलवार की रात पति से विवाद होने पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

प्रयागराज जिले के ममफोर्डगंज निवासी नितिमा केसरवानी 40 वर्ष पुत्री संतोष केसरवानी जो आईटीआई जलालपुर में शिक्षिका के पद पर तैनात थी। बुधवार की सुबह उनकी लाश कमरे में रस्सी के सहारे लटकी हुई पाई गई। जिस समय मौके पर पुलिस पहुंची है इस समय उनके मोबाइल पर वीडियो कॉल उनके पति के मोबाइल पर लगा हुआ था। देर रात पति पत्नी दोनों के बीच विवाद होता रहा है। दोनों पति-पत्नी के बीच अक्सर विवाद हुआ करता था। इनकी शादी 1 वर्ष पूर्व हुई थी और इनका पति पीलीभीत में अध्यापक है। सूत्र बताते हैं कि पैसे के विवाद को लेकर पति-पत्नी में अक्सर विवाद हुआ करता था। इसलिए कि मृतका के पिता की तबीयत ज्यादा खराब चल रही थी और वह अपनी तनख्वाह का पैसा माता-पिता के ऊपर खर्च कर रही थी। देर रात पति से विवाद होने के बाद देर रात नीतिमा ने फांसी लगाते समय वीडियो कॉल लगाकर अपने पति को दिखाया कि वह उसकी प्रताड़ना से त्रस्त होकर आत्महत्या कर रही है।

सुबह जब पुलिस मौके पर पहुंची तब तक मोबाइल का वीडियो आन रहा जिसे पुलिस ने बंद किया। मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दूसरी तरफ मायके वाले पति के खिलाफ थाने पर तहरीर दे रहे हैं। समाचार लिखे जाने तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं हुई थी।

## संक्षेप

### तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ





दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते मुख्य अतिथि

**जौनपुर।** रचना (ब्रांच आईआईडी) में भारतीय पुनर्वास परिषद द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सतत पुनर्वास शिक्षा कार्यक्रम का शुभारम्भ बुधवार को बतौर मुख्य अतिथि राजा श्रीकृष्ण दत्त पीजी कालेज के विभागाध्यक्ष (गणित) डा. आशीष कुमार शुक्ला ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रवक्ता डा. संतोष कुमार सिंह ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहाकि एक शिक्षक का प्रथम कर्तव्य होता है कि शिक्षण कार्य शुरू करने से पूर्व कक्षा प्रबंधन का विशेष ध्यान रखे। कार्यक्रम को विद्यालय के अन्य प्रवक्ता पूनम श्रीवास्तव, सचिन यादव, गौतम चन्द आदि ने भी सम्बोधित किया। संचालन कार्यक्रम समन्वयक सुनील कुमार गुप्ता ने किया। इस मौके पर विद्यालय की विशेष शिक्षक दामिनी यादव, नीतू यादव, जितेन्द्र कुमार, होरेन्द्र मौर्या, लाल साहब तथा आये हुए सभी शिक्षणार्थी मौजूद रहे।

### एसडीएम की गाड़ी से टकराकर स्कूटी सवार बुजुर्ग घायल



**बदलापुर।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के सरोखनपुर स्थिति निरीक्षण भवन के समीप राष्ट्रीय राजमार्ग 56 पर एसडीएम की गाड़ी से टकराकर एक स्कूटी सवार बुजुर्ग गिरकर घायल हो गये। बदलापुर तहसील में तैनात एसडीएम किसी आवश्यक कार्य से जौनपुर की तरफ जा रहे थे। वह बदलापुर निरीक्षण भवन के पास पहुंचे थे, इसी दौरान अचानक एक स्कूटी सवार उनकी गाड़ी से टकराकर मार्ग पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं एसडीएम ने घायल सरोखनपुर निवासी 58 वर्षीय जय प्रकाश शुक्ला को अपने एक कर्मचारी के साथ उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचवाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालात गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

### ट्रक से टकरा कर ट्रेलर घर में घुसा



**खेतासराय।** स्थानीय थाने के पास मंगलवार की रात ट्रक और ट्रेलर में टक्कर हो गई। टक्कर के बाद ट्रेलर एक घर में घुस गया। संयोग था कि घर बंद था नहीं तो बड़ी घटना हो सकती थी। हादसे में चालक घायल हो गया। ट्रकों की टक्कर में सरवरपुर निवासी संतोष प्रजापति की गुमटी क्षतिग्रस्त हो गई। कोयला लदा ट्रक शाहगंज की तरफ जा रहा था। सामने से आ रहे ट्रेलर से ट्रक टकरा गया।

### मन्दिर में पूजा करने गई महिला के गले से सोने की चेन गायब

**खेतासराय।** मंदिर में पूजा करने गई एक महिला की सोने की चेन गायब हो गयी। छानबीन के दौरान चेन न मिलने पर महिला ने पुलिस से शिकायत की है। चौहट्टा मोहल्ला निवासी गिरीश चंद्र गुप्ता की पत्नी राजमणि दुर्गा मंदिर में सुबह पूजा करने गई थी। इस दौरान उनके गले से कीमती सोने की चेन कब गायब हो गई उन्हें पता तक नहीं चला। काफी देर बाद उन्हें गले में चेन न होने का आभास हुआ तो छानबीन करने लगीं। तमाम कोशिश के बावजूद सोने की चेन उन्हें नहीं मिली।

### संचारी रोग नियंत्रण के संदर्भ में बैठक कर किया जागरूक



संचारी रोग के बारे में जानकारी देते ईओ कुंवर गौरव

**जफराबाद।** नगर पंचायत कार्यालय में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के संदर्भ में बुधवार को इओ कुंवर गौरव सिंह द्वारा कर्मचारियों के साथ बैठक की गई। बैठक में संचारी रोग के बचाव व लक्षण के बारे में जागरूक किया गया। नगर पंचायत कार्यालय में ईओ कुंवर गौरव सिंह की अध्यक्षता में संचारी रोग के नियंत्रण के लिए बैठक की गई। बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को संचारी रोग से बचाव व उसके लक्षण के बारे में जागरूक किया गया। ईओ कुंवर गौरव सिंह ने कहा कि इन रोगों से बचने के लिए अपने आस पास पानी न जमा होने दें, मच्छरदानी का प्रयोग करें, फुल शर्ट पहने, पानी की टंकी को हमेशा ढ़ककर रखें तथा कूलर के पानी को समय-समय पर बदलते रहे। इस दौरान लिपिक राजमन, वेद प्रकाश, ओमकार यादव, सत्येंद्र नारायण, राकेश गुप्ता, विकास मौर्या, सूरज, कमलेश आदि रहे।

# किसानों को बांटा गया दलहन बीज का मिनी किट



किसान को दलहन बीज का किट देते अतिथि

जनसंदेश न्यूज

**मछलीशहर।** स्थानीय तहसील अंतर्गत राजकीय बीज गोदाम दाउदपुर में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना के अंतर्गत कुल 56 किसानों को दलहन के बीज किट वितरित किए गए।

कार्यक्रम में बीज गोदाम प्रभारी राजेन्द्र यादव ने किसानों को दलहनी फसलों की बुवाई करने और अधिक मुनाफा प्राप्त करने के लिए प्रेरित भी किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख गोपेश यादव ने 56 किसानों को दलहनी फसल उड़द के बीज किट प्रदान किए। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख ने किसानों से मोटे अनाज का उपयोग करने व दाल के छिलका युक्त प्रयोग करने को कहा। उन्होंने बताया कि छिलका युक्त दाल का प्रयोग करने से हमें तमाम प्रकार की बीमारियों से निजात मिलता है। कार्यक्रम का संचालन बीटीएम प्रमोद उपाध्याय ने किया। कार्यक्रम सूर्यभान यादव, आशुतोष यादव कमलेश मिश्रा प्रधान वारी, कामता पटेल, अच्छेलाल कनौजिया, फौजदार सिंह, सूर्यमणि उपाध्याय, अरूण सिंह सहित तमाम किसान मौजूद रहे।

## पुरानी रंजिश में मनबढ़ों ने दो युवकों को पीटकर किया घायल

**सिरकोनी।** क्षेत्र के बीबीपुर गांव में स्थित शिवजी के मंदिर के पास मंगलवार की रात को दबंगो ने पुरानी रंजिश में दो युवकों को मारपीटकर घायल कर दिया। दोनों युवकों को काफी गम्भीर चोट आयी है।

सुंगुलपुर निवासी कार्तिकेय सिंह पुत्र जयहिंद सिंह तथा अनुराग पाठक पुत्र विनोद पाठक बीबीपुर गांव में स्थित एक चक्की पर गेहूं पिसवाने गए थे। वहीं पर दो साल पूर्व हुए विवाद को लेकर बीबीपुर गांव के कुछ दबंग युवकों ने दोनों को जमकर पीट दिया। अनुराग पाठक तथा कार्तिकेय को सिर, चेहरे तथा शरीर पर काफी चोट आयी। लोगों ने किसी तरह से बीच बचाव करके मामले को शांत कराया। घटना की सूचना पर दोनों युवकों के घर से लोग आ गए। घायल युवकों को तत्काल थाने ले आये। पुलिस ने मामले में तहरीर मिलने के बाद विपुल चौहान पुत्र जयप्रकाश चौहान, शिवप्रकाश चौहान पुत्र रतन चौहान, उपेंद्र चौहान पुत्र कैलाश चौहान के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया। घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजवाया।

# हिंदू पर्व को अनेक नामों से जाना जाता है : ज्ञान प्रकाश सिंह

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** भारतीय संस्कृति एकेश्वरवादी संस्कृति न होकर अपनी मूल-प्रवृत्ति में विकासोन्मुखी एवं लोकोन्मुखी संस्कृति होते हुए अनेक आस्थाओं एवं विश्वासों का समुच्चय है। इस संस्कृति-गंगा की हजारों साल पुरानी-धारा में कई संस्कृति-नदियों की उपधाराएं समाहित हो गई है और इस तरह इस संस्कृति में अनेक पंथों, मान्यताओं, विचारों, दर्शनों एवं पद्धतियों का सामंजस्य हो गया है।

भारतीय पौराणिक शास्त्रों के इतिहास का अध्ययन करे तो हम पाते हैं कि इसी धरती पर वैष्णव भी हुए हैं, शैव भी हुए हैं, शाक्त भी हुए हैं, बौद्ध भी हुए हैं, जैन भी हुए हैं और न जाने कितनी ऐसी अलग-अलग सी लगकर भी मूल में एक ही रहने वाली मान्यताएं एवं पूजन-पद्धतियाँ इस भारतभूमि पर हुई हैं। कारणवश, जब आप ध्यान से देखेंगे तो पाएँगे कि एक ही हिंदू-पर्व को अनेक नामों से जाना जाता है। कहीं



ज्ञान प्रकाश सिंह

एक महापर्व को नवरात्रि के रूप में मनाया जाता है, कहीं इसे विजयादशमी के नाम से अभिहित किया जाता है। उक्त बातें भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी ज्ञान प्रकाश सिंह ने जनसंदेश टाइम्स से एक वार्ता के दौरान कही।

उन्होंने आगे कहाकि गोस्वामी तुलसीदास जी ने विभिन्न भारतीय दर्शन के ऐक्य को दर्शाकर हिंदू धर्म की खूबसूरती एवं व्यापकता से भारतीय चेतना का परिचय करवाया था। अभी चैत्र-नवरात्रि चल रहा है। नव-रात्रि यानी नौ रात्रि। माँ दुर्गा की आराधना चूँकि शाक्त-मतों में अधिक व्यापक रूप में किया जाता है और शाक्त-मतों में पूजा में रात्रि का विशेष महत्त्व होता है, कारणवश इसे नवरात्रि कहा गया है। इस नवरात्रि में माँ दुर्गा के नवों रूपों की आराधना की जाती है। बहुसंख्यक आराधक व्रत भी रखते हैं। माँ दुर्गा की आराधना से सर्वमनोकामनासिद्धि होती है। स्वयं माँ ने श्रीदुर्गासप्तशती में इस प्रकार के आशीर्वाद प्रदान किये हैं। महाभारत में दुर्गा के इक्कीस नामों का वर्णन है। कुरुक्षेत्र के युद्ध में जीतने के बाद भगवान कृष्ण ने अर्जुन को दुर्गा देवी की शरण में जाकर आराधना करने की सलाह दी थी। उधर, 'वराह पुराण' में देवी के नौ नामों का उल्लेख हुआ है। 'दुर्गा सप्तशती' में वैसे तो देवी के एक सौ आठ नामों की चर्चा है, मगर उनकी मूर्तियों के स्वरूप नौ ही बताए गए हैं। 'देवी भागवत' में भी 'नव दुर्गा' कहकर शक्ति के नौ नामों की चर्चा है।

# सड़क हादसे में दो घायल, हालत गंभीर

जनसंदेश न्यूज

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के अन्तर्गत बड़ौना गांव के समीप सड़क दुघर्टना में बोलेरो की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां दोनों का प्राथमिक उपचार कराया गया।

खुटहन थाना क्षेत्र के अहरपुर गांव निवासी 27 वर्षीय सर्वेश यादव पुत्र धर्मेन्द्र मंगलवार की रात अपने एक मित्र बक्शा थाना क्षेत्र के परशुरामपुर गांव निवासी 25 वर्षीय मंयक यादव पुत्र समर बहादुर यादव के साथ बाइक से घर जा रहे थे कि बड़ौना गांव के समीप सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गए।

मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने एम्बुलेंस की मदद से इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। जहां उक्त घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

## लावारिस घायल पड़े अधेड़ को नागरिकों ने अस्पताल पहुंचाया

केराकत। कोतवाली थाना क्षेत्र के नई बाजार स्थित आम के बगीचे में पिछले 20 दिनों से लावारिस और गंभीर रूप से घायल पड़े एक अज्ञात अधेड़ व्यक्ति को मंगलवार को स्थानीय नागरिकों ने एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजवाया। सामुदायिक स्वास्थ केन्द्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार कन्नौजिया ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। क्षेत्रीय नागरिकों जितेन्द्र सिंह, राजेश यादव, प्रदीप सिंह, नीरज मौर्या, आलम और लल्ला यादव ने बताया कि उक्त अधेड़ पिछले 20 दिनों से आम के बगीचे में पड़ा हुआ था। उक्त अधेड़ के शरीर और एक पैर में गंभीर घाव था। घाव में कीड़े भी पड़ गए थे। वह चल फिर नहीं पा रहा था। बदबू के कारण लोग उसके पास जाने से कतराते थे।

## ऑटो रिक्शा से टकराकर दो घायल

बदलापुर। बक्शा थाना क्षेत्र के बसारतपुर गांव निवासी बाइक सवार राजनाथ और राहुल कुमार दोनों लोग एक ही बाइक पर सवार होकर कहीं रिश्तेदारी जा रहे थे। वह महराजगंज थाना क्षेत्र के बैहारी गांव के पास पहुंचे तभी एक आटो रिक्शा से टकराकर बाइक लेकर सड़क पर गिरकर घायल हो गए। आसपास के लोगों की मदद से उपचार के लिए उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।

## खड़ी क्रेन से टकराकर बाइक सवार घायल

बदलापुर। कोतवाली क्षेत्र के अगरौरा गांव निवासी बाइक सवार विजय कुमार बाइक से कहीं जा रहा था। वह धनियांमऊ के पास पहुंचा था कि पहले से फोरलेन के किनारे खड़ी क्रेन से टकराकर बाइक लेकर गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से उसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

## 11 हजार वोल्ट तार की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**पवांरा।** थाना क्षेत्र अन्तर्गत हिम्मतपुर गांव निवासी सुशील मिश्रा की 11 हजार वोल्ट की तार की चपेट में आने से मौत हो गयी। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर गांव निवासी सुशील मिश्रा (45) पुत्र क्षमानाथ मिश्रा बुधवार की सुबह करीब नौ बजे बांस लेकर अपने घर जा रहे थे कि रास्ते में 11 हजार वोल्ट का तार लटका हुआ था जिसमें हरा बांस फंस गया और वह उसकी चपेट में आकर गंभीर रुप से झुलस गये। आनन-फानन में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतहरिया ले गये जहां चिकित्सक ने देखते ही मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

गांव के लोगों ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों को बार-बार कहने के बावजूद भी लटके हुए तार को टाइट नहीं किया जा रहा है। लोगों में विद्युत विभाग के प्रति काफी आक्रोश व्याप्त है।

# श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में...



भजन संध्या में गीत प्रस्तुत करते कलाकार

**आयोजन**

### भजन संध्या में रात भर भक्ति सागर में गोता लगाते रहे श्रोता

जनसंदेश न्यूज

**खुटहन।** लवायन गांव के चौरा माता मंदिर पर मंगलवार को आयोजित भजन संध्या में गायक और गायिकाओं ने गीता के माध्यम से भक्ति रस की ऐसी गंगा बहाई कि श्रोता रात भर भक्ति सागर में गोता लगाते रह गये। शुभारंभ से पूर्व ग्राम प्रधान प्रतिनिधि बिंदू यादव ने सभी गायकों को चुनरी ओढ़ाकर कार्यक्रम की शुरूआत किया।

ख्यातिलब्ध गायक मुन्ना उपाध्याय ने गणेश वंदना के बाद पहला गीत श्रीराम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में, देख लो मेरे मन के नगीने में सुनाया तो श्रोता वाह वाह करने लगे। इसके अलावा उन्होंने मन भावे मैया के चुनरिया गोटेदार, सैंया लिहले अइह सुनाकर खूब तालियां बटोरी। गायिका एकता सिंह ने हाथ में त्रिशूल गदवा सोनवा के हार, रुपवा मनवा मोहत बा, सुनाकर खूब तालियां बजवाई। गायिका शालू ने ललकी चुनरिया ओढ़ाय द नजरा जैहै मइया सुनाकर पूरा माहौल भक्तिमय बना दिया। इस मौके पर राम सिंह, लालू सिंह, श्रीराम पासवान, पुष्कर तिवारी, विनय मिश्रा, अनिल शर्मा, संतोष शर्मा, किशन, कल्लू, राजन, संजय आदि मौजूद रहे।

# विद्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर शुरू



पांच दिवसीय योग शिविर में योग करती विद्यालय की बालिकाएं व शिक्षिका

जनसंदेश न्यूज

**गौराबादशाहपुर।** धमार्पुर स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में पांच दिवसीय योग प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ ग्राम प्रधान धर्मापुर जयहिंद यादव द्वारा दीप प्रज्ज्वलित करके किया गया।

पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी अचल हरीमूर्ति के द्वारा योग के क्रियात्मक और सैद्धांतिक पक्षों का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। योगाभ्यास कराते हुए अचल हरीमूर्ति के द्वारा बताया गया की बचपन से ही बच्चों को ध्यान और प्राणायामों का अभ्यास कराया जाना चाहिए। इससे उनके मनोदैहिक स्वास्थ्य सर्वोत्तम बना रहता है।

संस्था की वार्डेन शशि रानी श्रीवास्तव द्वारा बताया गया की बालिकाओं के सम्पूर्ण विकास में योगाभ्यास की महति भूमिकाएं होती है। अवस्था के साथ उनमें होने वाले हार्मोनल परिवर्तन को सन्तुलित रखने में प्राणायामों का नियमित योगाभ्यास अति आवश्यक होता है। क्रियात्मक योगाभ्यासों में बालिकाओं को उनकी अवस्था के अनुसार योगिग जांगिड़, सूर्य नमस्कार, ताड़ासन, वृक्षासन, मकरासन, त्रिकोण आसन और भुजंगासनो के साथ भस्त्रिका, कपालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व उद्गीथ प्राणायामों के साथ अग्निसार और नौलिक्रिया का अभ्यास कराते हुए ध्यान का अभ्यास कराया जा रहा है। इस दौरान सीता सिंह, रीना यादव, रेखा देवी और विनय यादव आदि मौजूद रहे।

## नगर की विभिन्न मस्जिदों में कुरऑन हुआ मुकम्मल, मांगी दुआ

**जौनपुर।** पवित्र महीने रमजान की विशेष नमाज तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो चुका है। विभिन्न मस्जिदों में कुरआन ए पाक मुकम्मल हुआ और साथ ही देश में अमन व शांति के लिये दुआएं भी मांगी गईं।



नगर की अटाला मस्जिद में तरावीह की नमाज अदा करते मुस्लिम बंधु

सर्वप्रथम मोहल्ला केरारकोट हनुमान घाट गोमती नदी के तट पर स्थित मस्जिद मुस्तजाबुद्दअवात (लाल मस्जिद) में हाफिज मोहम्मद आसिफ ने पाँच शब की तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल कराया। उसके बाद नगर के मोहल्ला रिजवी खाँ में स्थित शाही अटाला मस्जिद में छटवीं शब में हाफिज इनआमूल हक ने कुरआन ए पाक सुनाया जिसमें तरावीह की नमाज में लगभग दो हजार लोगों ने शिरकत किया। इस अवसर पर नमाजियों ने तरावीह मुकम्मल होने के बाद उक्त हाफिजों की गुलपोशी कर तोहफा व नजराना भी पेश किया। हाफिज इनआमूल हक ने बताया कि रमजान के महीने की अहमियत इस कारण बढ़ जाती है कि इसी महीने में अल्लाह ने कुरआन ए पाक उतारा है और हमको रोजा रखने के साथ ही गरीबों को भी मदद करते रहना है। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष हफीज शाह ने प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि रमजान महीने से पूर्व जिला प्रशासन को पत्र द्वारा साफ सफाई समेत आदि व्यवस्था को लेकर अवगत कराया गया था जिसको संज्ञान लेते हुए इस बार मस्जिदों के आस-पास साफ सफाई और चूना छिड़काव आदि का खास इंतेजाम जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है जिसके लिये प्रशासन का उन्होंने शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर अनवारुल हक गुड्डू, फाजिल सिद्दीकी, अलमास अहमद सिद्दीकी, अजमत अली, कमालुद्दीन अंसारी, फिरोज अहमद पप्पू, सरफराज अंसारी सभासद, मोहम्मद अहमद खान, आकिब अहमद, अकरम मंसूरी, ओवैस अहमद, हाजी वसीम, मेराज अहमद आदि मौजूद रहे।

# सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती मनायी गयी

**कार्यक्रम**

### गरीब महिलाओं में साड़ी का हुआ वितरण

जनसंदेश न्यूज



कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

**जौनपुर।** सम्राट अशोक भवन पर जिला शाक्य मौर्य सोसायटी के तत्वाधान में सम्राट अशोक महान की 2327वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे रिटायर्ड प्रवक्ता इंटर कालेज एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य विजयदत्त मौर्य द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेंद्र कुमार मौर्य विधायक प्रतापगढ़ रहे। विशिष्ट अतिथियों में मौर्य बंधुत्व क्लब के संस्थापक राम सजीवन मौर्य, अध्यक्ष राम अचल मौर्य, प्रयागराज के पूर्व ब्लाक प्रमुख सुधीर मौर्य, विष्णुकांत कुशवाहा उपस्थित थे।

राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियदर्शी अशोक मिशन एवं मौर्य बंधुत्व क्लब संजय कुमार मौर्य ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में आए हुए लोगो को संबोधित करते हुए सम्राट अशोक कालीन शिक्षा व्यवस्था का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि सम्राट अशोक ने अपने शासन काल में लोगो में वैज्ञानिक सोच जागृत किया। सम्राट अशोक काल में नालंदा और तक्षशिला जैसे विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालय थे और पूरे विश्व से लोग भारत में शिक्षा ग्रहण करने आते थे और भारत को विश्व गुरु कहा जाता था। कार्यक्रम में राकेश कुमार मौर्य बदलापुरी एवं उनके साथियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर गरीब महिलाओं में साड़ी वितरण मौर्य शाक्य सभा के अध्यक्ष प्रेमचंद मौर्य द्वारा किया गया।

### आशा व आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**खुटहन।** स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर बुधवार को आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का सात दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। होम वेस्ट केयर फार यंग चाइल्ड के बैनर तले प्रशिक्षक प्रदीप कुमार ने कहाकि 0 से 3 माह से लेकर 15 माह तक के बच्चों को आशाओं द्वारा तीसरे माह, नौवे माह, बारहवे माह तथा पंद्रहवें माह में विजिट किया जायेगा। नौनिहालों की समय समय पर उनके माध्यम से देखभाल की जाएगी जिससे उन्हें होने वाली बीमारियों से बचाया जा सके। बच्चों में मृत्यु दर में कमी तथा उनके पोषण स्तर में सुधार लाकर आरम्भिक बाल विकास को सुदृढ़ करना ही योजना का मुख्य उदेश्य है। इस मौके पर डा. अमित कुमार, राममूर्ती यादव, उमिला देवी, बीसीपीएम राजेश कुमार, राधा सोनी, सुनीता चतुर्वेदी, शीला, नीलम, मुन्नी सोनी, निशा, बबिता, पूनम, संगीता आदि मौजूद लोग रहे।

## ग्रीन पार्क स्टेडियम में क्यूआर कोड कार्ड से मिलेगा खिलाड़ियों को प्रवेश, बाहरी लोगों के लिए नो एंट्री

**कानपुर।** रेडियो फ्रीक्वेंशी आइडेंटीफीकेशन (आरएफआईडी) कार्ड प्रणाली के साथ सदस्यता लेने वाले खिलाड़ी को बैडमिंटन व जिम के लिए प्रवेश मिल सकेगा। ऐसी व्यवस्था वाला कानपुर प्रदेश का पहला जिला बन गया है। ग्रीन पार्क स्टेडियम में सोमवार को जिलाधिकारी विशाखजी अय्यर ने इसका उद्घाटन किया। अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम ग्रीन पार्क स्टेडियम में अत्याधुनिक जिम व बैडमिंटन हॉल तैयार किए गए थे। यहां अनावश्यक भीड़ व बाहरी लोगों की नोएंट्री के लिए यह व्यवस्था की गई है। खेल उप निदेशक मुद्रिका पाठक ने बताया कि स्टेडियम में बने जिम व बैडमिंटन टीटी हॉल में रिसेप्शन में जाकर खिलाड़ियों को खेल के अनुसार अपना नाम, मोबाइल नंबर, ई–मेल एड्रेस, आधार नंबर देना होगा। उसके बाद ही उसे कार्ड की सुविधा दी जाएगी। घर से वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बताया कि रजिस्ट्रेशन शुल्क जमा करने के बाद कार्ड दिया जाएगा। छमता के अनुसार ही आवेदन लिए जा सकेंगे।



# रोहित शर्मा-हार्दिक पांड्या ने ओडीआई रैंकिंग में किया सुधार, बाबर आजम शीर्ष स्थान पर

## वनडे रैंकिंग में विराट कोहली को फायदा

**दुबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की बुधवार को जारी नवीनतम एकदिवसीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार के साथ आठवें जबकि हरफनमौला हार्दिक पांड्या गेंदबाजों की सूची में 10 स्थान के सुधार के साथ 76वें पायदान पर पहुंच गये। इस सूची में शुभमन गिल नंबर पांच पर भारत के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बने हुए हैं, जबकि विराट कोहली सातवें स्थान पर हैं। बल्लेबाजों की सूची में पाकिस्तान के बाबर आजम शीर्ष स्थान पर है। गेंदबाजों की सूची में मोहम्मद सिराज तीसरे नंबर है। वह शीर्ष 10 गेंदबाजों की सूची में एकमात्र भारतीय हैं। इसमें ऑस्ट्रेलिया के जोश हेजलवुड शीर्ष पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जम्पा भारत के खिलाफ चेन्नई एकदिवसीय में 45 रन पर चार विकेट लेने के बाद तीन स्थान के सुधार के साथ करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे पायदान पर पहुंच गये है। इस श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये मिशेल मार्श चार स्थान के सुधार के साथ बल्लेबाजों की सूची में 51वें स्थान पर पहुंच गये। उन्होंने तीन मैचों की श्रृंखला में 194 रन बनाये। टी20 अंतरराष्ट्रीय में पाकिस्तान के खिलाफ 2-1 से श्रृंखला जीतने के दौरान शानदार गेंदबाजी करने वाले राशिद खान इस प्रारूप के शीर्ष गेंदबाज बन गये है। उन्होंने श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा को पीछे छोड़ा। राशिद ने इस श्रृंखला के हर मैच में विकेट चटकाये। उन्होंने इस दौरान 12 ओवर में सिर्फ 62 रन खर्च किये। टीम में उनके साथी स्पिनर मुजीब उर रहमान ने भी दो स्थान का सुधार किया। श्रृंखला के पहले और तीसरे मैच में दो-दो विकेट लेने वाले मुजीब आठवें स्थान पर आ गये है। आईसीसी की ताजा वनडे रैंकिंग में टीम इंडिया के पूर्व कप्?तान विराट कोहली अब सातवें नंबर पर आ गए हैं। अब उनकी रेटिंग 719 हो गई है। उन्?हें इस बार एक स्?थान का फायदा मिला है, पहले वे आठवें नंबर पर थे।



## इतने वर्षों तक खेलने के बाद लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होता : रोहित

**मुंबई।** मुंबई इंडियन्स को पांच बार इंडियन प्रीमियर लीग का खिताब दिलाने वाले कप्तान रोहित शर्मा ने कहा है कि वह लोगों की अपेक्षाओं से परेशान नहीं होते। आईपीएल इतिहास के सबसे सफल कप्तान रोहित को पता है कि मुंबई की टीम आगामी टूनार्मेंट में खिताब के प्रबल दावेदारों में शामिल होगी। रोहित टीम के युवा खिलाड़ियों को उस 'हाइप' से बचाना चाहते हैं जो टीम के साथ जुड़ी रहती है। रोहित ने टीम की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में कहा, जब भी आप खेलने के लिए उतरते हैं तो हमेशा आपसे उम्मीदें होती हैं। इतने वर्षों तक खेलने के बाद मैं इससे परेशान नहीं होता और मैं इसे लेकर चिंतित नहीं हूं कि लोग मेरे से क्या चाहते हैं। कप्तान ने कहा, हमें पता है कि हमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करके ट्रॉफी जीतनी होगी। हमेशा इसके बारे में सोचने से आपके ऊपर दबाव बनता है। डेवाल्ड ब्रेविस और तिलक वर्मा अपना दूसरा आईपीएल खेलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया के युवा ऑलरांडर कैमरून ग्रीन करोड़ों रुपये का अनुबंध मिलने के बाद पहली बार इस लीग में खेलते हुए नजर आएंगे। रोहित ने कहा, मैं अभी इन (युवा खिलाड़ियों) पर अधिक दबाव नहीं डालना चाहता। जब हमारा पहला मैच करीब होगा तो हम उन्हें विशिष्ट भूमिकाएं देंगे। बेशक पहले मैच से पूर्व खिलाड़ियों को पता है कि हमारी उनसे क्या उम्मीदें हैं। रोहित ने टीम के नए खिलाड़ियों को सलाह देते हुए कहा कि वे इस मंच को घरेलू क्रिकेट के विस्तार के तौर पर देखें और वही करें जिसने उन्हें वहां सफलता दिलाई है। उन्होंने कहा, मैं उन्हें यह बताने का प्रयास करूंगा कि जो उन्होंने प्रथम श्रेणी या क्लब क्रिकेट में किया है उसे दोहराएं। मुझे पता है कि आईपीएल बिल्कुल अलग है लेकिन मैं उन्हें उसकी मानसिकता के साथ उतरने के लिए कहूंगा। आखिर यह गेंद और बल्ले के बीच मुकाबला ही है। रोहित ने कहा कि टीम को जसप्रीत बुमराह की कमी खलेगी लेकिन उनकी गैरमौजूदगी की भरपाई करने के लिए टीम के पास जोफ्रा आर्चर हैं जो 145 किमी प्रति घंटा से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी करते हैं।

## जयंत यादव ने की गुजरात टाइटन्स के टीम माहौल की सराहना



**गुजरात।** गुजरात टाइटन्स के ऑफ-स्पिनर जयंत यादव ने मौजूदा आईपीएल चैंपियन की सफलता का राज बताते हुए कहा कि टीम के कमरे का माहौल बेहद शान्त रहता है जिससे खिलाड़ियों को मानसिक मदद मिलती है। जयंत ने टाइटन्स के ऐप ब्रांड जीटी पर मंगलवार को जारी वीडियो में कहा, टीम के कमरे का माहौल बेहद शान्त रहता है। इसका असर मैदान पर भी दिखता है। आईपीएल ऐसा टूनार्मेंट है जहां खिलाड़ियों पर काफी दबाव होता है और मुझे लगता है कि इससे हमें आईपीएल के साथ आने वाले दबाव को कम करने में मदद मिलती है। उन्होंने कहा, अगर आप हमारी टीम का संयोजन देखें तो हर कोई किसी के साथ किसी न किसी तरह पहले भी खेल चुका है। जब आप (टीम के कमरे में) टीवी पर कोई रेस या फुटबॉल मैच देख रहे होते हैं तो घर जैसा सुरक्षित वातावरण महसूस होता है। हमने इस टीम के भीतर इसी संस्कृति को तैयार किया है। टाइटन्स ने पिछले साल आईपीएल में पहली बार हिस्सा लेते हुए ट्रॉफी जीत ली थी, हालांकि जयंत बीते कल के बारे में ज्यादा नहीं सोच रहे। उनका मानना है कि टाइटन्स को दोबारा सफल होने के लिये अपनी प्रक्रिया पर टिके रहना होगा। जयंत ने कहा, जो हो गया सो हो गया। वह हमेशा रहेगा और हमें इसे याद करते हुए इसका आनंद लेते रहने की जरूरत है। हमें दोबारा जीतने के लिये अपनी प्रक्रियाओं पर टिके रहना होगा और साथ ही साथ हर चीज में उत्कृष्टता हासिल करने की कोशिश करने की प्रक्रिया को जारी रखना होगा। गुजरात टाइटंस शुक्रवार को सीजन के पहले मैच में चार बार चैंपियन रही चेन्नई सुपर किंग्स के साथ मुकाबला करेगी।

# आईपीएल ओपनिंग सेरेमनी में ग्लैमर का तड़का लगाएंगी तमन्ना भाटिया

## आईपीएल के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा

**मुंबई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 16वें सीजन का आगाज 31 मार्च को होगा। टूनार्मेंट के पहले मैच में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस का मुकाबला चार बार की चैंपियन चेन्नई सुपरकिंग्स से होगा। यह मुकाबला अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा। पहले ही मैच में दिग्गज कप्तान महेंद्र सिंह धोनी के सामने युवा कप्तान हार्दिक पांड्या होंगे। धोनी अपनी कप्तानी में चेन्नई को चार बार चैंपियन बना चुके हैं। वहीं, हार्दिक ने पहली बार ही कप्तानी करते हुए पिछले साल गुजरात को चैंपियन बनाया था। मैच से पहले उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। इस दौरान कई बॉलीवुड सितारे ग्लैमर का तड़का लगाएंगे। आईपीएल ने इस बात की पुष्टि कर दी है कि गायक अरिजीत सिंह और अभिनेत्री तमन्ना भाटिया समारोह में नजर आएंगी। आईपीएल ने बुधवार (29 मार्च) को ट्वीट कर तमन्ना भाटिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की जानकारी दी। आईपीएल ने लिखा, "टाटा आईपीएल उद्घाटन समारोह में तमन्ना के साथ जुड़िए। हम दुनिया के सबसे बड़े क्रिकेट स्टेडियम- नरेंद्र मोदी स्टेडियम में सबसे बड़ा क्रिकेट उत्सव मना रहे हैं। आईपीएल ने इस बात की जानकारी भी दी कि 31 मार्च को शाम छह बजे से उद्घाटन समारोह का आयोजन होगा। उसके बाद सात बजे टॉस होगा और फिर 7:30 बजे से पहला मुकाबला खेला जाएगा। उद्घाटन समारोह और मैचों का लाइव प्रसारण टीवी पर स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर होगा। वहीं, ऑनलाइन लाइव स्ट्रीमिंग जियो सिनेमा एप और वेबसाइट पर होगी। आईपीएल ने बुधवार (29 मार्च) को ट्वीट कर तमन्ना भाटिया के उद्घाटन समारोह में भाग लेने की जानकारी दी। आईपीएल ने लिखा, "टाटा आईपीएल उद्घाटन समारोह में तमन्ना के साथ जुड़िए।



## आईपीएल की शुरूआत में बेन स्टोक्स का गेंदबाजी करना मुश्किल



**चेन्नई।** चेन्नई सुपर किंग्स के हरफनमौला बेन स्टोक्स बाएं घुटने की चोट के कारण इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के शुरूआती हिस्से में सिर्फ बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं। ईएसपीएन क्रिकइन्फो की एक रिपोर्ट के अनुसार, पिछले महीने इंग्लैंड के न्यूजीलैंड दौरे पर स्टोक्स के घुटने की पुरानी चोट उभर आई, जिसके कारण उन्होंने दो टेस्ट मैचों में सिर्फ नौ ओवर गेंदबाजी की। स्टोक्स ने टेस्ट श्रृंखला समाप्त होने के बाद यह स्वीकार भी किया कि उन्हें घुटने की चोट के कारण परेशानी हो रही है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो के अनुसार, स्टोक्स की घुटने की रिपोर्ट सामान्य आई है लेकिन उन्होंने इस समस्या के लिये 'कोर्टिसोन इंजेक्शन' लिया है जो सूजन कम करने के काम आता है। ईएसपीएन क्रिकइन्फो ने सुपर किंग्स के बल्लेबाजी कोच माइकल हसी के हवाले से कहा, ₹मेरा खयाल है कि वह बतौर बल्लेबाज खेलने के लिये तैयार हैं। गेंदबाजी के लिये हमें इंतजार करना होगा। इंजेक्शन लगने के बाद उन्होंने कल (रविवार को) हल्की गेंदबाजी की थी। उन्होंने कहा, ₹चेन्नई और ईसीबी (इंग्लैंड क्रिकेट बोर्ड) के डॉक्टर साथ मिलकर काम कर रहे हैं। वह शुरूआती मैचों में ज्यादा गेंदबाजी नहीं करेंगे। उम्मीद है कि हम टूनार्मेंट के किसी हिस्से में उनसे गेंदबाजी करवा सकेंगे।₹ गौरतलब है कि सुपर किंग्स ने दिसंबर 2022 में हुई नीलामी में 16.25 करोड़ रुपये की कीमत पर स्टोक्स को टीम में शामिल किया था।

इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान स्टोक्स पिछले हफ्ते भारत पहुंचने के बाद अपनी नयी टीम के साथ अभ्यास कर रहे हैं। स्टोक्स बता चुके हैं कि वह आयरलैंड के खिलाफ एक जून से होने वाले टेस्ट और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 16 जून से शुरू होने वाली एशेज टेस्ट सीरीज के लिये आईपीएल फाइनल से पहले ही स्वदेश रवाना हो जायेंगे। पूर्व ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज हसी ने एशेज में स्टोक्स की भागीदारी पर कहा, मैं चाहता हूं कि बेन स्टोक्स पूरी तरह फिट होकर एशेज में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें। यह फ्रेंचाइजी बेहद पेशेवर है और सभी राष्ट्रीय बोर्डों के साथ मिलकर काम करती है। मैं जानता हूं कि हमारा फिज़ियो ईसीबी के फिज़ियो के साथ मिलकर काम कर रहा है। मैं चाहता हूं कि दोनों टीमें अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करें और एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दें। आईपीएल की शुरूआत 31 मार्च को सुपर किंग्स और गुजरात जायंट्स के बीच मुकाबले से होगी।

# रोहित शर्मा अगर लय में रहे तो एक या दो मैच में विश्राम दिया जा सकता है : मार्क बाउचर



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने बुधवार को कहा कि उन्हें इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के लीग चरण के दौरान रोहित शर्मा को आराम देने में कोई समस्या नहीं होगी बशर्ते कप्तान बल्ले से फॉर्म हासिल करने में सफल रहे। मुंबई इंडियंस पिछले साल खराब प्रदर्शन के बाद वापसी के लिए बेताब होगी। टीम पिछले सत्र में 10 टीमों के आईपीएल में आखिरी स्थान पर रही थी। मुंबई इंडियंस इस सत्र का आगाज दो अप्रैल को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ करेगी। रोहित इस साल अक्टूबर नवंबर में होने वाले विश्व कप के दौरान भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे और ऐसे में खिलाड़ियों और विशेष रूप से रोहित के कार्यभार प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जाएगा। रोहित से यहां संवाददाता सम्मेलन में जब कुछ मैचों में विश्राम के बारे में पूछा गया तो उन्होंने इस सवाल को बाउचर की ओर मोड़ दिया। बाउचर ने कहा, रोहित को आराम देने की बात करें तो वह कप्तान हैं। उम्मीद है कि वह इस दौरान शानदार लय में होंगे। उम्मीद है कि आराम नहीं करना चाहते है, लेकिन जो भी स्थिति होगी हम उसके अनुकूल काम करेंगे। रोहित ने पिछले सत्र में एक भी पचासा नहीं लगाया था। वह इस दौरान 19.14 की औसत से 268 रन ही बना सके। बाउचर ने कहा, अगर मैं एक कप्तान और एक खिलाड़ी के रूप में उनसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करवा सकता हूं तो यह बहुत अच्छा होगा और इसका मतलब है कि अगर वह एक या दो मैचों के लिए आराम करना चाहते हैं तो मैं ऐसा करूंगा। इसमें कोई समस्या नहीं होगी।

आईपीएल के इस सत्र से लागू किए जा रहे 'इंपैक्ट' खिलाड़ी के नियम पर रोहित ने कहा कि इससे हरफनमौला खिलाड़ी की भूमिका कम नहीं होगी। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता कि यह एक ऑलराउंडर को प्रभावित करेगा या नहीं क्योंकि एक ऑलराउंडर हमेशा एक ऑलराउंडर ही रहेगा। खेल के किसी भी चरण में कोई फर्क नहीं पड़ता, आपके पास उसे किसी भी समय गेंदबाजी करने या किसी भी समय बल्लेबाजी करने का विकल्प होता है। उन्होंने कहा, उस खिलाड़ी (इंपैक्ट खिलाड़ी) का इस्तेमाल आप पांचवें या छठे गेंदबाज या एक अतिरिक्त बल्लेबाज के तौर पर कर सकते है।

## टी20 के शीर्ष गेंदबाज बने राशिद खान वानिन्दु हसरंगा को छोड़ा पीछे

दुबई। अफगानिस्तान टी20 टीम के कप्तान राशिद खान पाकिस्तान के खिलाफ सीरीज विजय के बाद टी20 गेंदबाजों की सूची में एक बार फिर शीर्ष पर लौट आये हैं।अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की ओर से बुधवार को जारी नवीनतम रैंकिंग के अनुसार, राशिद 710 रेटिंग पॉइंट के साथ वानिन्दू हसरंगा (695) को पछाड़कर नंबर एक पर पहुंच गये। कप्तान राशिद ने पाकिस्तान के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में बेहद किफायती गेंदबाजी की और 12 ओवर में तीन विकेट चटकाते हुए सिर्फ 62 रन दिये। राशिद सबसे पहले फरवरी 2018 में टी20 गेंदबाजों की सूची के शीर्ष पर पहुंचे थे। हसरंगा ने नवंबर 2022 में राशिद को हटाकर ही नंबर एक स्थान हासिल किया था। राशिद के अलावा मुजीब उर रहमान (आठवां स्थान) और फजलहक फारुकी (तीसरा स्थान) ने भी टी20 गेंदबाजों के शीर्ष 10 में जगह बना ली है। ऑफ-स्पिनर मुजीब ने सीरीज में कुल चार विकेट लिये थे, जबकि फारूकी ने पांच सफलताएं हासिल की थीं।इसी बीच, ऑस्ट्रेलियाई लेग स्पिनर ऐडम जैम्पा वनडे रैंकिंग में करियर के सर्वश्रेष्ठ छठे स्थान पर आ गये हैं। जैम्पा ने चेन्नई में भारत के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच में 45 रन के बदले चार विकेट ऑस्ट्रेलिया की सीरीज जीत में महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

# वेस्टइंडीज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज जीती, अल्जारी जोसेफ ने झटके पांच विकेट

**जोहानिसबर्ग।** तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ ने 19वें ओवर में तीन विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया जिससे वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की श्रृंखला के आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर श्रृंखला 2-1 से अपने नाम कर ली। जोसेफ ने मंगलवार को यहां चार ओवर में 40 रन देकर पांच विकेट लिये जिससे वेस्टइंडीज की टीम आठ विकेट 220 रन बनाने के बाद लक्ष्य का बचाव करने में सफल रही। सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स की 44 गेंद में 83 रन की ताबड़तोड़ पारी के बावजूद दक्षिण अफ्रीका लक्ष्य का पीछा करते हुए छह विकेट पर 213 रन ही बना सका। दक्षिण अफ्रीका को आखिरी दो ओवर में जीत के लिए 35 रन की जरुरत थी। जोसेफ ने 19वें ओवर की पहली गेंद पर हेंड्रिक्स को आउट किया। क्रीज पर आये हेनरिच क्लासेन ने अपनी पहली गेंद पर छक्का जड़ा लेकिन अगली गेंद पर जोसेफ ने उन्हें चलता कर दिया। ओवर की पांचवीं गेंद पर जोसेफ ने वेन पार्नेल को आउट कर मैच का रुख वेस्टइंडीज की ओर कर दिया। दक्षिण अफ्रीका कप्तान एडेन मार्कराम (18 गेंद में नाबाद 35) ने आखिरी ओवर में रेमोन रिफर के खिलाफ तीन चौके जड़ 18 रन बटोरे लेकिन टीम लक्ष्य से दूर रह गयी। जोसेफ से इससे पहले क्विंटन डिकॉक (21 गेंद में 21 रन) और डेविड मिलर (11 गेंद में 11 रन) के भी विकेट चटकाये। हेंड्रिक्स ने 44 गेंद की पारी में 11 चौके और दो छक्के लगाने के अलावा पहले विकेट के लिए डिकॉक के साथ 32, दूसरे विकेट के लिए राइली रूसो (21 गेंद में 42 रन) के साथ 80 रन की साझेदारी कर जीत की नींव रखी। इससे पहले वेस्टइंडीज ने रोमारियो शेफर्ड (22 गेंद में नाबाद 44 रन) और जोसेफ (नौ गेंद में नाबाद 14) के बीच नौवें विकेट के लिए 59 रन की अटूट साझेदारी के दम पर आठ विकेट पर 220 रन का लक्ष्य खड़ा किया। टीम 161 रन पर आठवां विकेट गंवाने के बाद मुश्किल में थी लेकिन शेफर्ड ने दो चौके और तीन छक्के लगाकर उसे मजबूत स्थिति में पहुंचाया। वेस्टइंडीज के लिए निकोलस पूरन ने 19 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 41 और सलामी बल्लेबाज ब्रैंडन किंग ने 25 गेंद में चार चौके और दो छक्के की मदद से 36 रन की पारी खेली। श्रृंखला का पहला मैच वेस्टइंडीज ने जीता था जबकि दूसरे मुकाबले को दक्षिण अफ्रीका ने रिकॉर्ड लक्ष्य का पीछा करते हुए अपने नाम किया था।



## 'बहुत जल्द' टीम में वापसी करेंगे श्रेयस अय्यर, केकेआर के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित को भरोसा



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के मुख्य कोच चंद्रकांत पंडित को उम्मीद है कि उनके पूर्णकालिक कप्तान श्रेयस अय्यर 'बहुत जल्द' टीम में वापसी करेंगे और इस भारतीय खिलाड़ी की गैरमौजूदगी में नीतीश राणा इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र में टीम के नेतृत्वकर्ता की भूमिका में अच्छा प्रदर्शन करेंगे। अय्यर बार-बार होने वाली पीठ दर्द के कारण आईपीएल के शुरूआती मुकाबलों से बाहर हो गये है। वह इस समस्या के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले और चौथे टेस्ट में भी नहीं खेल पाए थे। पंडित ने मंगलवार रात को संवाददाता सम्मेलन में कहा, मैंने जो भी थोड़ा बहुत क्रिकेट खेला है या कोचिंग दी है, मैं टीम में खिलाड़ी की अनुपलब्धता जैसी चीजों को ज्यादा तवज्जो नहीं देता हूं। अय्यर की अनुपस्थिति से फर्क पड़ेगा क्योंकि वह हमारे लिए महत्वपूर्ण है, लेकिन यह वास्तव में दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा, हम उम्मीद कर रहे हैं कि श्रेयस बहुत जल्द वापसी करेंगे और इससे टीम पर काफी फर्क पड़ेगा। कार्यवाहक कप्तान राणा को आईपीएल का काफी अनुभव है और वह पिछले पांच सत्र से केकेआर का हिस्सा रहे है। पंडित को राणा की नेतृत्व क्षमता पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा, जब हम खिलाड़ियों का चयन करते हैं और खिलाड़ियों को जिम्मेदारी देते हैं तो हम देखते हैं कि कौन सक्षम है। और नीतीश सक्षम हैं। वह लंबे समय से केकेआर के साथ हैं और उनका घरेलू रिकॉर्ड भी अच्छा है। वह ज्यादातर पैमाने पर खरा उतरता है। उन्होंने कहा, मैं आश्वस्त हूं कि वह भूमिका को संभाल सकते हैं। हम यह नहीं देखते कि कोई योग्य है या नहीं। हर खिलाड़ी के पास अलग-अलग कौशल होते हैं। इन चीजों पर विचार करने के बाद हम अपने फैसले को लेकर आश्वस्त हैं। पंडित ने घरेलू क्रिकेट में कोच के रूप में उल्लेखनीय सफलता हासिल की है। उन्होंने हालांकि माना कि आईपीएल में एक अलग तरह का दबाव होगा। उन्होंने कहा, चुनौतियां हर जगह हैं। यह भी एक चुनौती है, लेकिन यह एक अलग तरह की चुनौती है। घरेलू क्रिकेट के बाद अलग-अलग देशों के अनुभवी खिलाड़ियों के साथ काम करना, एक अलग चुनौती है।

# सदन में आप सरकार का विश्वास प्रस्ताव पास, सीएम बोले- भाजपा वालों को जेल में डाल दो, देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा

## बीजेपी का अविश्वास प्रस्ताव वापस, केजरीवाल बोले- 2025 तो छोड़ो, 2050 का चुनाव भी नहीं जीत पाओगे

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा में बुधवार को भी बीते दिनों की तरह हंगामा हुआ। इस बीच भारतीय जनता पार्टी दिल्ली सरकार के खिलाफ सदन में अविश्वास प्रस्ताव ले आई। हालांकि उसके पास उचित संख्या न होने के चलते उसे प्रस्ताव वापस लेना पड़ा। इसके बाद सदन में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विश्वास प्रस्ताव ले आए।



दिल्ली विधानसभा में मुख्यमंत्री की ओर से विश्वास प्रस्ताव पेश किया गया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, विपक्ष अविश्वास प्रस्ताव लेकर आया था मगर उसे स्वीकार कराने के लिए 20 परसेंट विधायकों के हस्ताक्षर की आवश्यकता थी। मगर उसके पास 11 परसेंट ही विधायक हैं, इसलिए सदन उनका प्रस्ताव स्वीकार नहीं कर सकता था। लिहाजा उन्होंने विपक्ष की मंशा पूरी करने के लिए विश्वास प्रस्ताव लाने का निर्णय लिया जिसे ध्वनि मत से पास कर दिया गया। भाजपा के अविश्वास प्रस्ताव लाने के बाद दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सदन में विश्वास प्रस्ताव पेश किया और सदस्यों को संबोधित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा, सदन में हमारे 62 एमएलए हैं, मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के अलावा, राजेश गुप्ता प्रकाश जरवाल और रोहित मेहरौलिया बाहर हैं। एक अध्यक्ष हैं, इसके अलावा सभी 56 विधायक हमारे यहां मौजूद हैं।

केजरीवाल ने आगे कहा, ऐसे समय में जब भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में जनतंत्र को कुचलने में कोई कसर नहीं छोड़ी, ऐसे में आज सदन की घटना महत्वपूर्ण है। भाजपा ने अविश्वास प्रस्ताव दिया था, लोगों को लगा कि ऐसे में कैसे लाएंगे जबकि आठ ही विधायक हैं और 14 जरूरी होते हैं, तब उन्होंने कहा था कि छह की व्यवस्था हो गई है। तब मैंने अपने सभी विधायकों से बात की, सबने कहा कि धमकियां आ रही हैं। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, इन्हें कल लगा कि अब कुछ नहीं हो सकता तो उन्होंने अविश्वास प्रस्ताव वापस ले लिया। फिर हम अपनी मर्जी से विश्वास प्रस्ताव लेकर आए हैं। हम चाहते हैं कि ये हमारी कमियां निकालें। मैंने देखा कि 65 मिनट की चर्चा हुई और इसमें से 35 मिनट विपक्ष को मिला है। संख्या के हिसाब से सात मिनट मिलने चाहिए थे। केजरीवाल ने सदन में आगे कहा कि, तमिलनाडु में हमने स्टिंग देखा, मेरे पास केसीआर का कॉल आया कि आपकी सरकार गिरने वाली है, लेकिन मैंने कहा कि कुछ नहीं होगा। अगर थोड़ी भी शर्म हो तो अब कोशिश मत करना। हमारे सब एमएलए हीरा हैं, एक भी नहीं बिका। जेल भी जाना पड़े तो जाना, मैं बड़े से बड़ा वकील दे दूंगा, तुम्हारे घर का भी ख्याल रखूंगा। ये पॉलिक्लीनिक की बात कर रहे हैं थे, मैं खुद उद्घाटन करके आया था। 2017 में कहते थे कि 21 को डिस्क्वलिफाई कर देंगे और फिर सरकार गिरा देंगे। 2017, 2019, 2020 सब में कोशिश कर ली कुछ नहीं हुआ, अब कोशिश मत करना यार। मुख्यमंत्री ने आगे कहा, समय एक जैसा नहीं रहता, मोदी जी कभी न कभी तो जाएंगे, उस समय भ्रष्टाचार मुक्त भारत होगा, क्योंकि सभी चोर उचक्के एक ही जगह हैं, भाजपा वालों को जेल में डाल दो देश भ्रष्टाचार मुक्त हो जाएगा।

## 'जवान' में बोल्ड अंदाज में नजर आएंगी नयनतारा



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय अभिनेत्री नयनतारा फिल्म जवान में बोल्ड अंदाज में नजर आयेंगी। एटली कुमार के निर्देशन में बन रही फिल्म जवान में शाहरुख खान और नयनतारा की अहम भूमिका है। नयनतारा की यह बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है, जिसके लिए वह काफी ज्यादा एक्साइटेड हैं। 'जवान' में नयनतारा स्क्रीन पर बिकिनी में काफी बोल्ड अवतार में नजर आएंगी। बताया जा रहा है कि 'जवान' में नयनतारा स्विमसूट में एक सीन ठीक उसी अंदाज में शूट करेंगी जैसा दीपिका पादुकोण ने 'पठान' में किया था। नयनतारा पिछले 16 सालों से कभी फिल्मों में बिकिनी में नहीं नजर आई हैं। आखिरी बार साल 2007 में 'बिल्ला' में नयनतारा का बोल्ड अंदाज सिने प्रेमियों को नजर आया था। लेकिन अब 'जवान' की कहानी के अहम हिस्से के लिए नयनतारा ने ऐसा करना स्वीकार कर लिया है। फिल्म जवान में शाहरुख खान और नयनतारा के अलावा विजय सेतुपति भी अहम भूमिका में नजर आएंगे। वहीं दीपिका पादुकोण भी फिल्म में अहम कैमियो करते दिखाई देंगी। फिल्म जवान इस साल 02 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है।

## खास खबर

### राम मंदिर में लगेगी महाराष्ट्र के चंद्रपुर वन की लकड़ी, रथयात्रा के साथ आएगी

**अयोध्या।** महाराष्ट्र के चंद्रपुर वन की लकड़ी अयोध्या में बन रहे राम मंदिर निर्माण में लगने के लिए भेजी जायेगी। बुधवार को बल्लारपुर से रामभक्त शोभा यात्रा के साथ लकड़ी लेकर अयोध्या के लिए रवाना होंगे। महाराष्ट्र के वन मंत्री सुधीर मुनगंटीवार ने प्रदेश के वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना को पत्र लिखकर इस रथयात्रा में शामिल होने का अनुरोध किया है। डॉ. अरुण को इसमें शामिल होने के लिए महाराष्ट्र जाएंगे। उन्होंने बताया कि राम मंदिर निर्माण में शामिल होने के लिए महाराष्ट्र से भेजी जा रही लकड़ी भव्य रथयात्रा के साथ आएगी।

### लोकतंत्र के स्तंभ लड़खड़ा रहे, संविधान पर किए जा रहे हमले: महबूबा

जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि देश में लोकतंत्र के स्तंभ लड़खड़ा रहे हैं। भारत को लोकतंत्र की जननी कहा जाता है और आज उसी लोकतंत्र और संविधान पर हमले हो रहे हैं। यह अच्छे संकेत हैं कि विपक्ष कांग्रेस के साथ जुड़ रहा है। अब लोकतंत्र को बचाने का यही एक उपाय है। आगे उन्होंने कहा, 'पहले मुस्लिम समुदाय निशाने पर था, फिर दलित आएंगे और फिर अन्य समुदाय और अंत में यह भाजपा बनाम सभी होंगे। यह अच्छा है कि विपक्ष कांग्रेस के साथ आ रहा है क्योंकि लोकतंत्र को बचाने का यही एकमात्र तरीका है।'

### केशव प्रसाद मौर्य का अयोध्या दौरा स्थगित

अयोध्या में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया है। अयोध्या के अलावा बस्ती में भी वह एक कार्यक्रम में भाग लेने वाले थे। बताया जा रहा है कि कैबिनेट बैठक होने के कारण उनका कार्यक्रम रद्द किया गया है। लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक होनी है जिसमें कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाने हैं।

## रुड़की में मिला एचउएन2 वायरस

### रुड़की की महिला में एचउएन2 वायरस की पुष्टि, कई दिन से थी बीमार, हायर सेंटर रेफर

**नई दिल्ली।** एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस ने रुड़की में भी दस्तक दे दी है। रुड़की निवासी एक महिला में इस वायरस की पुष्टि हुई है। महिला का उपचार हायर सेंटर में चल रहा है। महिला की हालत अभी गंभीर बनी हुई है। रुड़की निवासी एक महिला का कुछ दिन से स्वास्थ्य ठीक नहीं था। चार दिन पहले अचानक ही महिला की तबीयत ज्यादा खराब हो गई। इस पर परिजन उसे एक निजी अस्पताल में लेकर गए। महिला की गंभीर हालत को देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। परिजन महिला को हायर सेंटर लेकर पहुंचे। वहां करवाई गई विभिन्न जांच के बाद चिकित्सकों ने बताया कि महिला में एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस की पुष्टि हुई है। इसके बाद चिकित्सकों ने एन3एन2 इन्फ्लूएंजा का उपचार शुरू दिया है। सिविल अस्पताल रुड़की एच3एन2 इन्फ्लूएंजा से पीड़ित मरीज के उपचार के लिए तैयार है। सिविल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संजय कंसल ने बताया कि अस्पताल में एच3एन2 का यदि कोई संदिग्ध मरीज उपचार के लिए आता है



तो उसे पूरा उपचार दिया जाएगा। इसके लिए अस्पताल में एक आइसोलेशन वार्ड भी बनाया गया है जहां मरीजों को रखा जाएगा। स्वास्थ्य विभाग की ओर से पहले ही एडवाइजरी जारी की जा चुकी है। सीएमओ हरिद्वार डॉ. मनीष दत्त ने बताया कि एच3एन2 इन्फ्लूएंजा वायरस को लेकर घबराने की जरूरत नहीं है लेकिन इसको लेकर सावधानी व एहतियात बरतने की जरूरत है। भीड़भाड़ वाले इलाके में जाते समय अनिवार्य रूप से मास्क लगाएं। हाथों को साबुन से धोएं या फिर सैनिटाइजर से साफ करें। हाथ मिलाने के बजाय हाथ जोड़कर अभिवादन करें। खांसी, जुकाम या फिर बुखार को अनदेखा न करें। सरकारी अस्पताल या फिर किसी अच्छे विशेषज्ञ चिकित्सक से उपचार कराएं।

## हेमंत सोरेन कैबिनेट ने 244 नई बसें खरीदने को दी मंजूरी

**रांची।** झारखंड सरकार ने रांची शहर में सार्वजनिक परिवहन के लिए इलेक्ट्रिक समेत 244 नई बसें खरीदने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट की बैठक में यह फैसला लिया गया। कैबिनेट सचिव वंदना दादेल ने कहा, 10 साल के लिए पीपीपी मॉडल पर रांची नगर निगम क्षेत्र में शहरी बस संचालन के लिए 605 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई थी। 220 गैर-एसी डीजल सहित 244 बसें खरीदी जाएंगी। इसके अलावा 24 एसी इलेक्ट्रिक बसें खरीदी जानी हैं। अधिकारी ने कहा कि कैबिनेट ने 44 एजेंडे को सोमवार को मंजूरी दी है। मंत्रिपरिषद ने झारखंड बिल्डिंग बायलॉज 2016 में संशोधन को भी मंजूरी दे दी, जिससे इमारतों में कॉमन टेलीकॉम इंफ्रास्ट्रक्चर सुनिश्चित करना अनिवार्य हो गया। पशुओं को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 236 मोबाइल पशु चिकित्सा एंबुलेंस क्लीनिक खरीदे जाएंगे। नेटवर्क इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के तहत सिमडेगा, खूंटी और दुमका के तीन जिलों में पायलट आधार पर इंटरनेट सेवाओं का विस्तार करने के लिए कैबिनेट द्वारा 84 करोड़ रुपये की राशि को भी मंजूरी दी गई थी।

## यूपी में कबाड़ नीति एक अप्रैल से लागू, 22 रुपये किलो के हिसाब से बिकेगा 15 साल पुराना वाहन

### परिवहन विभाग ने इस सिफारिश के साथ प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया

**लखनऊ।** एक अप्रैल से कबाड़ नीति लागू हो रही है। इस नीति में यदि कोई अपने 15 साल पुराने वाहन को कबाड़ सेंटर पर बेचता है तो उसे लगभग 22 रुपये प्रति किलो के हिसाब से इसका दाम मिलेगा। परिवहन विभाग ने इस सिफारिश के साथ प्रस्ताव बनाकर शासन को भेज दिया है। दरअसल, विभाग ने इस दाम के लिए इस्पात मंत्रालय भारत सरकार के मानक को ही आधार बनाकर प्रस्ताव तैयार किया है। वाहन के कुल वजन का 65 प्रतिशत हिस्सा ही उसका मूल वजन माना जाएगा और उस रकम का भी 90 प्रतिशत ही भुगतान होगा।

केंद्र सरकार के बाद उप्र में भी कबाड़ नीति लागू हो रही है। इस नीति में एक अप्रैल 2023 से 15 साल पुराने वाहनों को स्क्रैप में भेजने की तैयारी है। इसमें राज्य सरकार के सभी 15 साल पुराने वाहनों को कबाड़ करना होगा। इसके लिए सरकार ने दो लक्ष्य तय किए हैं। पहले लक्ष्य में सभी इस अवधि के



सरकारी स्वामित्व वाले वाहनों को स्क्रैप करना है। इसमें सभी सरकारी विभागों, स्थानीय निकाय, उपक्रमों आदि के वाहनों को लेना है। दूसरे लक्ष्य में निजी वाहनों को लाना होगा जिनके लिए स्वैच्छिक रूप से नीति तय की गई है। यानी वह यदि चाहें तो इस नीति का लाभ उठा सकते हैं। पूरे प्रदेश में अब तक 12 कबाड़ सेंटरों पर काम शुरू हो गया है। सभी निजी संचालक हैं।

***इस तरह निकाला हिसाब***

इस्पात मंत्रालय का मानक है कि खरीद के पिछले तीन माह के कबाड़ रेट का औसत निकालकर इसकी खरीद तय की जाए। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह के मुताबिक इस समय यह औसत 40-45 रुपये प्रति किलो आ रहा है। ऐसे में इस पूरे रेट पर तो खरीद हो नहीं सकती क्योंकि कबाड़ सेंटर को भी अपना सारा खर्च इसी से निकालना है। ऐसे में लगभग इसके लगभग आधे पर वह अपने यहां कबाड़ खरीदेगा। लगभग 22 रुपये प्रति किलो का यह रेट बन रहा है।

***निजी वाहनों की आयु तय नहीं है***

निजी वाहनों की बात करें तो उनकी आयु तय नहीं की गई है। 15 साल बाद ऐसे वाहन की फिटनेस करानी होती है। यदि वह फिट है तो उसका पंजीकरण अगले पांच साल के लिए रिन्युअल हो जाता है। ऐसे ही निजी व्यासायिक वाहन ट्रक आदि वाहन का भी हर दो साल में फिट होने की स्थिति में रिन्युअल होता रहता है। हां, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में यह नियम समाप्त कर दिया गया है। वहां पेट्रोल चलित वाहन की उम्र 15 साल और डीजल वाहन की उम्र 10 साल तय कर दी गई है। इसके बाद उनका पंजीकरण रिन्युअल नहीं होगा। या तो उन्हें एनसीआर से बाहर ले जाना होगा या कबाड़ में बेचना होगा।

***सरकारी कार्यालयों में 3367 वाहन कबाड़ घोषित***


प्रदेश भर में 203 सरकारी कार्यालयों ने अब तक अपने 15 साल पुराने वाहनों की सूचना भेज दी है। इनमें 3367 वाहन ऐसे हैं जो 15 साल से पुराने हैं। सबसे ज्यादा पुलिस विभाग में ऐसे वाहन हैं। उप्र पुलिस पास कुल 397 वाहन ऐसे हैं। इनमें से 366 वाहन तो 15 साल पुराने हैं जो अभी दौड़ रहे हैं जबकि 31 वाहन बीस साल से ज्यादा पुराने हैं। हालांकि आठ वाहन भी इस श्रेणी के हैं पर वे चलते नहीं हैं। उप्र राज्य परिवहन निगम के पास ऐसी 258 बसें हैं। इनमें 169 तो 15 साल जबकि 89 बसें बीस साल पुरानी हैं। नगर विकास निदेशालय के पास ऐसे 222 वाहन हैं। सिंचाई विभाग पर 168 वाहन 15 साल पुराने हैं जो अभी दौड़ रहे हैं।

## जयपुर बम ब्लास्ट केस के आरोपी बरी

### हाईकोर्ट ने डेथ रेफरेंस को किया खारिज, चारों को हुई थी फांसी की सजा

**जयपुर।** जयपुर बम ब्लास्ट केस के चारों आरोपियों को बरी कर दिया गया है। हाइकोर्ट ने चारों के डेथ रेफरेंस खारिज कर दिए हैं। इससे पहले पहले चारों आरोपियों को ट्रायल कोर्ट ने फांसी की सजा दी थी। हाइकोर्ट ने ट्रायल कोर्ट के फांसी के सजा के फैसले को बदल दिया है। दरअसल, प्रदेश की राजधानी जयपुर में 13 मई 2008 को सीरियल बम ब्लास्ट हुए थे। माणक चौक खंडा, चांदपोल गेट, बड़ी चौपड़, छोटी चौपड़, त्रिपोलिया गेट, जौहरी बाजार और सांगानेरी गेट पर एक के बाद एक बम धमाकों से जयपुर दहल गया था।

शाम को हुए इन बम धमाकों में 71 लोग मारे गए थे और 185 लोग घायल हो गए थे। रामचंद्र मंदिर के पास से एक जिंदा बम बरामद किया गया था, जिसे बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया था। जयपुर की एक निचली अदालत ने इस मामले में चार दोषियों को फांसी की सजा दी थी। इन फैसले को राजस्थान हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। बुधवार



को जस्टिस पंकज भंडारी और समीर जैन की खंडपीठ ने सीरियल बम ब्लास्ट के मामले में फैसला सुनाया। हाईकोर्ट ने दोषियों की फांसी की सजा को खत्म कर उन्हें बरी कर दिया। 13 मई 2008 को जयपुर के परकोटे में 8 जगहों पर सिलसिलेवार बम धमाके हुए थे। इनमें 73 लोगों की मौत हो गई थी, जबकि 185 घायल हुए थे। कोर्ट ने बम धमाकों के दोषियों को 20 दिसंबर 2019 को फांसी की सजा सुनाई थी। इस मामले में 24 गवाह बचाव पक्ष ने पेश किए थे, जबकि सरकार की ओर से 1270 गवाह पेश हुए थे। सरकार की ओर से वकीलों ने 800 पेज की बहस की थी। कोर्ट ने 2500 पेज का फैसला सुनाया था। तभी से चारों आरोपी जेल में बंद हैं।

## कर्नाटक चुनाव को लेकर कांग्रेस ने कसी कमर

### राहुल गांधी उसी जगह से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार, जहां 'मोदी सरनेम' को लेकर की थी टिप्पणी

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कर्नाटक में विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान कर दिया है। दक्षिणी राज्य में 10 मई को एक ही चरण में 224 सीटों के लिए मतदान होगा। इन चुनावों में जहां भाजपा सरकार में बने रहने की कोशिश करेगी, वहीं कांग्रेस के सामने सत्ता वापसी की चुनौती है। कांग्रेस के पूर्व सांसद राहुल गांधी अगले महीने अपना प्रचार अभियान शुरू करेंगे। पांच अप्रैल को कोलार में रैली होगी।

राहुल गांधी को हाल ही में मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराया गया है। उन्हें सूरत की एक अदालत ने दो साल की सजा सुनाई है। इसके साथ ही उनकी संसद सदस्यता भी खत्म कर दी गई है। राहुल गांधी ने 2019 के चुनाव के दौरान कोलार की ही रैली में मोदी सरनेम को लेकर टिप्पणी की थी। उन्होंने भगोड़े आर्थिक अपराधी नीरव मोदी और ललित मोदी की ओर इशारा करते हुए कहा था, सभी चोरों का



सरनेम मोदी कैसे हो सकता है।

***कोलार से शुरू करेंगे 'सत्यमेव जयते' रैली: डीके शिवकुमार***

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के कर्नाटक प्रमुख डीके शिवकुमार ने कहा- 'राहुल गांधी कोलार लौटेंगे और अपनी सत्यमेव जयते रैली शुरू करेंगे। हमने उनसे यहां से चुनाव यात्रा शुरू करने का अनुरोध किया था। उन्होंने यहीं वह बयान दिया था, जिसकी भाजपा ने निंदा की थी, वह यहां से अपनी मेगा रैली शुरू करेंगे।'

***गुजरात के भाजपा नेता ने दर्ज कराया था मानहानि मामला***

मोदी सरनेम वाले बयान को लेकर गुजरात के एक भाजपा नेता पूर्णेश मोदी ने राहुल गांधी के खिलाफ मामला दर्ज कराया था और इसे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का अपमान बताया था। हालांकि, अदालत के फैसले के बाद भी राहुल गांधी ने अपनी टिप्पणी के लिए माफी मांगने से इनकार किया है। शुक्रवार को उन्हें लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया, जिसके बाद विपक्ष ने भारी हंगामा किया था। इसको लेकर 18 विपक्षी दलों के नेताओं ने सरकार की आलोचना की।

## सेल्फी लेते रिवॉल्वर से चली गोली...

### पंजाब के मोगा में 17 साल के लड़के के सिर के आर-पार निकली, अस्पताल में मौत



**चंडीगढ़।** पंजाब के मोगा जिले में एक नौजवान को रिवॉल्वर के साथ सेल्फी लेना बहुत भारी पड़ गया। अचानक गोली चलने से उसकी मौत हो गई। मामला मोगा जिले के कस्बा धर्मकोट के गांव बाजेके का है। यहां का रहने वाला 17 वर्षीय युवक गुरबिंदर सिंह अपने पिता की रिवॉल्वर के साथ सेल्फी ले रहा था। मगर इसी दौरान अचानक गोली चल गई। आनन-फानन परिवार के लोग गुरबिंदर को लेकर मोगा के एक निजी अस्पताल पहुंचे। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।

धर्मकोट थाने के एसएचओ जसविंदर सिंह ने बताया कि गांव बाजेके निवासी 17 वर्षीय गुरबिंदर सिंह मंगलवार की शाम अपने पिता की लाइसेंसी रिवॉल्वर के साथ सेल्फी ले रहा था। अचानक गोली चल गई और उसके सिर के आर-पार हो गई। परिवार वालों ने गंभीर हालत में निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। मगर उसकी जान नहीं बची। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मृतक के पिता के बयान पर धारा- 174 की कारवाई की गई है। शव को पोस्टमार्टम के बाद परिवार को सौंप दिया गया है।

## राजस्थान में डॉक्टरों की हड़ताल के कारण हालात बिगड़े : बूंदी में कलेक्टर ने मरीज देखे, कई जिलों में काम पर लौटे चिकित्सक

### राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक

**जयपुर।** राजस्थान में आज डेढ़ दशक में पहली बार ऐसा हुआ है, जब प्राइवेट और सरकारी हॉस्पिटल में आने वाले मरीजों को डॉक्टर्स नहीं देखेंगे। यानी आज प्रदेशभर में इलाजबंदी रहेगी। राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में सड़कों पर उतरे प्राइवेट हॉस्पिटल संचालक और उनके डॉक्टर्स के साथ अब सरकारी डॉक्टर्स भी आ गए हैं। हालांकि दावा किया जा रहा है कि एसएमएस हॉस्पिटल में एडमिनिस्ट्रेशन में लगे डॉक्टरों ने ओपीडी का काम संभाला हुआ है। प्रिंसिपल, एडिशनल प्रिंसिपल, एडिशनल सुपरिंटेंडेंट मरीजों को देख रहे हैं, लेकिन मरीजों का कहना है कि हालात बिल्कुल सामान्य नहीं है। इधर, डॉक्टर्स की हड़ताल के दौरान बूंदी कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी ने जिला अस्पताल के ट्रोमा वार्ड में मरीजों को देखा। लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़े, इसके लिए कलेक्टर ने मरीजों का इलाज किया। वहीं, प्रदेश के कई जिलों में हड़ताल को लेकर डॉक्टर्स के गुटों में खींचतान देखने को मिली है। अलवर, दौसा सहित कई एरिया कुछ देर के विरोध के बाद डॉक्टर्स काम पर लौट



गए। उधर, पूरे राज्य में 15 हजार से ज्यादा सरकारी डॉक्टर्स (मेडिकल ऑफिसर, टीचर्स फैकल्टी और सुपर स्पेशलिस्ट) ने बुधवार को सरकारी हॉस्पिटल की ओपीडी सर्विस का बहिष्कार किया है। वहीं, सरकार ने भी आंदोलन से निपटने की पूरी तैयारी कर ली है। मेडिकल कॉलेज में व्यवस्थाएं सही रखने के लिए जूनियर रेजिडेंट के एक हजार नए पद बनाए गए हैं। सभी मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल को आज से इंटरव्यू लेने के निर्देश भी दे दिए गए हैं। वहीं, सरकारी डॉक्टर्स की यूनियन अखिल राजस्थान सेवारत चिकित्सक संघ (अरिसदा) और सीनियर डॉक्टर्स और टीचर फैकल्टी की यूनियन राजस्थान मेडिकल कॉलेज टीचर्स एसोसिएशन ने आज एक दिन की ओपीडी सर्विस के बहिष्कार की चेतावनी दी थी। हालांकि, बड़े हॉस्पिटल में इमरजेंसी और आईसीयू सर्विस को बंद नहीं किया है। इन डॉक्टर्स के अलावा यहां की रीड की हड्डी कहे जाने वाले रेजिडेंट्स डॉक्टर्स तो पिछले 8 दिन (21 मार्च से) हड़ताल पर चल रहे हैं। रेजिडेंट्स डॉक्टर्स ही हैं, जिनके कारण एसएमएस समेत दूसरे बड़े सरकारी हॉस्पिटल (जो मेडिकल कॉलेज से अटैच हैं) में ओपीडी और आईपीडी व्यवस्थाएं चलती हैं।

## पंजाब में पेड़ से टकरा कर गिरा पाकिस्तानी ड्रोन

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान ड्रोन के माध्यम से मादक पदार्थ और हथियारों की खेप लगातार भारत भेज रहा है। पंजाब में सीमा पर अक्सर पाकिस्तानी ड्रोनों की आहट सुनाई पड़ती है। मंगलवार की रात भी कुछ ऐसा ही हुआ। पंजाब की फाजिल्का पुलिस ने गांव कावांवाली क्षेत्र से एक ड्रोन बरामद किया है। बताया जा रहा है कि पेड़ से टकराने के बाद ड्रोन नीचे गिर गया। हालांकि ड्रोन के पास से कुछ भी बरामद नहीं हुआ है। ड्रोन पर अमेरिका का मार्का लगा है। पुलिस ने ड्रोन को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। स्टेट स्पेशल ऑपरेशन सेल के सहायक निरीक्षक लखबीर सिंह ने बताया कि उच्चाधिकारियों के निर्देश पर स्पेशल सेल के अधिकारी पाकिस्तान की हरकतों पर पैनी नजर रखे हैं। इसी के चलते 28 मार्च की रात गांव कांवावाली, माहतमनगर और गांव रामसिंह भैणी के आसपास ड्रोन देखे जाने की सूचना मिली।



**मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को चंडीगढ़ में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ विभिन्न द्विपक्षीय मामलों पर चर्चा की। बैठक के बाद पंजाब के मुख्यमंत्री के साथ संयुक्त पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए सीएम सुक्खू ने कहा कि हिमाचल और पंजाब के मध्य सदैव मधुर संबंध रहे हैं और इन दोनों ही राज्यों की साझा सांस्कृतिक विरासत है।**

# ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत तो शेयर बाजार में लौटी हरियाली

## सेंसेक्स 346 अंक की बढ़त के साथ 57,960 के स्तर पर बंद, अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.29% चढ़ा

आज यानी बुधवार (29 मार्च) को भारतीय शेयर बाजार में तेजी देखने को मिली। सेंसेक्स 346 अंक की बढ़त के साथ 57,960 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में 129 अंकों की बढ़त रही। यह 17,080 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 शेयरों में तेजी और 4 में गिरावट रही।
आज अडाणी ग्रुप के 10 में से 8 शेयरों में तेजी देखने को मिली है। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 9.29% चढ़ा है। वहीं अडाणी टोटल गैस और ग्रीन एनर्जी के शेयरों में गिरावट देखने को मिली।
ग्लोबल मार्केट से मिले-जुले संकेत नजर आ रहा है। एशिया में निक्केई



आधा परसेंट ऊपर कारोबार कर रहा है। एसजीएक्स निफ्टी में मामूली बढ़त देखने को मिल रहा है। वर फ्यूचर्स भी चौथाई परसेंट तक चढ़े है। लेकिन अमेरिकी मार्केट कल हल्की कमजोरी के साथ बंद हुए थे। नैस्डैक में लगातार दूसरे दिन गिरावट देखने को मिली। मंगलवार यानी 28 मार्च शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली थी। सेंसेक्स 40 अंक की गिरावट के साथ 57,613 के स्तर पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 34 अंक की गिरावट रही थी। यह 16,951 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 19 शेयरों में गिरावट और 11 में तेजी रही थी।
सुबह 9:55 बजे, निफ्टी 50 65.8 अंक या 0.39% की बढ़त के साथ 17,017.5 पर कारोबार कर रहा था। दूसरी ओर व्यापक बाजार सूचकांकों ने फ्रंटलाइन सूचकांकों से बेहतर प्रदर्शन किया है। निफ्टी मिड-कैप 100 इंडेक्स और निफ्टी स्मॉल-कैप 100 इंडेक्स क्रमशः 0.64% और 0.93% उछले हैं। आज जिन शेयरों में ब्रेकआउट देखने को मिल रहा है, उनकी लिस्ट नीचे दी गई है।

## सोने, चांदी के वायदा भाव नरम, सोना 59 हजार से नीचे



सोने–चांदी की वायदा कीमतें बुधवार को गिरावट के साथ खुली, जबकि सोमवार को इनकी कीमतों में अच्छी खासी तेजी दर्ज की गई थी। सोने के भाव फिर से 59 हजार रुपये से नीचे चले गए हैं। गिरावट के बावजूद चांदी के वायदा भाव 70,500 रुपये के करीब है। मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर बुधवार को चांदी का मई कॉन्ट्रैक्ट 70,444 रुपये के भाव पर खुला, जबकि इसका पिछला क्लोजिंग प्राइस 70,584 रुपये किलो था। इस तरह बुधवार को चांदी का यह कॉन्ट्रैक्ट पिछले क्लोजिंग प्राइस की तुलना में 140 रुपये की गिरावट के साथ खुला। खबर लिखे जाने के समय यह 84 रुपये की गिरावट के साथ 70,500 रुपये किलो के भाव पर कारोबार कर रहा था। साथ ही इस समय इसने दिन का 70,392 रुपए का निचला स्तर और 70,555 रुपए किलो का उपरी स्तर छू लिया था।

## नई योजना की घोषणा के बाद अलीबाबा के शेयरों में उछाल

**सिंगापुर।** कंपनी को कई यूनिट में बांटने की योजना की घोषणा के बाद चीनी प्रौद्योगिकी दिग्गज अलीबाबा के शेयरों में उछाल आया है।बीबीसी ने बताया कि फर्म का कहना है कि इस कदम से बनाई गई छह इकाइयों में से पांच नई फंडिंग और आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ) विकल्पों का पता लगाएगी। अलीबाबा के शेयरों में मंगलवार को न्यूयॉर्क में 14 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई और बुधवार को हांगकांग में 13 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई। तकनीकी क्षेत्र पर बीजिंग की कार्रवाई पर चिंताओं के कारण 2020 के बाद से इसके यूएस-सूचीबद्ध शेयरों में लगभग 70 प्रतिशत की गिरावट आई है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, अलीबाबा के संस्थापक जैक मा (जो पिछले तीन वर्षों में शायद ही कभी सार्वजनिक रूप से देखे गए हैं) की लंबी अनुपस्थिति के बाद इस सप्ताह चीन में फिर से प्रकट होने की खबरों के बाद यह कदम उठाया गया है। अलीबाबा ने कहा कि कारोबार को विभाजित करने का फैसला उसके 24 साल के इतिहास में सबसे बड़ा पुनर्गठन है। इकाइयों के अपने मुख्य



कार्यकारी और निदेशक मंडल होंगे। ऑनलाइन रिटेल प्लेटफॉर्म टाओबाओ टीमॉल कॉमर्स ग्रुप को छोड़कर, जो पूरी तरह से अलीबाबा के स्वामित्व में रहेगा, उन्हें पूंजी जुटाने और स्टॉक मार्केट लिस्टिंग की तलाश करने की अनुमति होगी। अलीबाबा ने कहा कि इकाइयां अपने संबंधित बाजारों और उद्योगों में अवसरों पर कब्जा करेंगी, जिससे अलीबाबा समूह के संबंधित व्यवसायों के मूल्य को अनलॉक किया जा सकेगा। मुख्य कार्यकारी डैनियल झांग ने कर्मचारियों को लिखे एक पत्र में कहा, बाजार सबसे अच्छा लिटमस टेस्ट है और प्रत्येक व्यवसाय समूह और कंपनी स्वतंत्र धन उगाहने और आईपीओ का पीछा कर सकती है।

## एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने सार्थक फाउंडेशन के साथ सहयोग किया

**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद निजी जीवन बीमाकर्ताओं में से एक, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने लखनऊ के कुम्हारन इलाके के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों को समग्र शिक्षा प्रदान करने के लिए सार्थक फाउंडेशन के साथ सहयोग किया। इस सहयोग का उद्देश्य 'येलो रूम्स' का निर्माण करना है। येलो रूम्स ऐसे स्थान होंगे जहाँ वंचित परिवारों के बच्चे बुनियादी शिक्षा प्राप्त कर सकेंगे और स्वास्थ्य, स्वच्छता, पोषण, लैंगिक समानता, बुनियादी संचार, शिष्टाचार आदि के महत्व को सीख सकेंगे। कंपनी के कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत, इस गठबंधन से उन बच्चों को सशक्त बनाने में मदद मिलेगी जो या तो स्कूल छोड़ चुके हैं या जो स्कूल छोड़ने की कगार पर हैं और बुनियादी शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाएंगे। बुनियादी शिक्षा से सशक्त होकर वो दीर्घकालिक रूप से गरीबी के चक्र को तोड़ने में सक्षम हो सकेंगे। एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के क्षेत्रीय निदेशक-लखनऊ क्षेत्र, दलजीत सिंह राखड़ा ने सार्थक फाउंडेशन की संस्थापिका, क्षमा हस्तक और सार्थक फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी, अचिंत्य राय को चेक दिया।

## गौतम अडानी ने पलट दी बाजी, सात कंपनियों के शेयर चढ़े, अडानी एंटरप्राइजेज में सबसे ज्यादा उछाल

**नई दिल्ली।** अडानी ग्रुप के सभी शेयरों में सोमवार और मंगलवार को गिरावट आई थी लेकिन बुधवार को स्थिति बदल गई। ग्रुप की 10 लिस्टेड कंपनियों में से सात के शेयर बुधवार को बढ़त के साथ बंद हुए। ग्रुप की फ्लैगशिप कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज का शेयर सबसे अधिक 8.75 प्रतिशत चढ़ गया। बीएसई पर अडानी एंटरप्राइजेज के बाद अडानी पोर्ट्स एंड एसईजेड में सर्वाधिक 7.25 प्रतिशत की तेजी रही। अडानी विल्मर में पांच प्रतिशत, एनडीटीवी में 4.99 प्रतिशत, अडानी पावर में 4.98 प्रतिशत, अंबुजा सीमेंट्स में 1.52 प्रतिशत और एसीसी में 0.78 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हालांकि, ग्रुप की तीन अन्य कंपनियों के शेयर गिरावट पर बंद हुए। ग्रुप की तीन कंपनियों में गिरावट रही। अडानी ग्रीन एनर्जी में 4.45 प्रतिशत, अडानी टोटल गैस में 4.28 प्रतिशत और अडानी ट्रांसमिशन में 1.33 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का मानक सूचकांक सेंसेक्स बुधवार को 346.37 अंक यानी 0.60



प्रतिशत चढ़कर 57,960.09 अंक के साथ बंद हुआ। अडानी ग्रुप की सभी 10 लिस्टेड कंपनियों के शेयरों में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट आई थी। सबसे अधिक नुकसान अडानी एंटरप्राइजेज को हुआ था, जिसका शेयर सात प्रतिशत टूट गया था।

***क्यों गिरे थे शेयर***

ग्रुप के प्रमोटर्स की तरफ से शेयर गिरवी रखकर लिए गए 2.15 अरब डॉलर के कर्ज को न चुकाने के बारे में खबरें आने के बाद इसके शेयर गिर गए थे। हालांकि, ग्रुप ने बयान जारी कर यह स्पष्ट किया है कि उसने प्रमोटर्स के गिरवी रखे गए शेयरों को छुड़ाने के लिए बकाया कर्ज का भुगतान कर दिया है। उसने कहा कि सिर्फ परिचालन करने वाली कंपनियों की तरफ से लिए गए कर्जों को चुकाना ही बाकी है। ग्रुप के शेयरों में तीन दिन तक आई गिरावट से उसका मार्केट कैप 80,000 करोड़ रुपये कम हो गया था।

## परिणीति चोपड़ा बनी केबीएम मसाले कि ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** भारतीय मसाला उद्योग में केबीएम मसाला एक प्रमुख नाम है जो अपने विस्तार के दौर में है इसके लिये कंपनी ने आज बॉलीवुड स्टार परिणिति चोपड़ा को अपना ब्रांड एबेसडर बनाया है दिल्ली एवं एनसीआर के बाजार में अपनी पहुंच बनाने के बाद केबीएम मसाले की योजना आक्रामक रूप से एक साथ ही पूरे उत्तर भारतीय क्षेत्र और देश के अन्य हिस्सों में अपने विशाल उत्पाद श्रेणी के साथ प्रवेश करने एवं मजबूत मार्केटिंग नेटवर्क बनाने की है इसके साथ ही कंपनी हर जगह मार्केटिंग एवं बिक्री मॉडल के साथ मार्केट शेयर बढ़ाने पर भी ध्यान दे रही है। केबीएम फूड्स प्राइवेट लिमिटेड चीफ मार्केटिंग अफसर एंड को ओनर रुपेश अग्रवाल जिनका ब्रांड केबीएम मसाला है ने कहा कि परिणिति चोपड़ा को हमारा ब्रांड एंबेसडर बनाकर हम बेहद खुश है वह हमारे ब्रांड मूल्यों से मेल खाती हैं एवं देश के लाखों लोगों द्वारा पसंद की जाती हैं हमें यह भरोसा है कि जिंदगी के लिये उनकी लगन और उनका उत्साह हमारे ब्रांड के लिये नया नजरिया लेकर आयेगा।

## फ्लिपकार्ट फैशन ने सूर्य कुमार यादव के साथ मिलकर लॉन्च की द इंडियन गैराज कंपनी

**नई दिल्ली।** भारत के पसंदीदा फैशन डेस्टिनेशन फ्लिपकार्ट ने भारत में न्यू जेनरेशन के सबसे पसंदीदा ब्रैंड्स में से एक इ इंडियन गैराज कंपनी द्वारा क्रिकेटर सूर्य कुमार यादव के साथ मिलकर पेश नवीनतम कलेक्शन को अपने प्लेटफार्म पर लॉन्च करने की घोषणा की है। इस लॉन्च के चलते पुरुषों की स्टाइलिश कैजुअल वियर की विस्तृत रेंज देशभर में फ्लिपकार्ट के लाखों ग्राहकों के लिए उपलब्ध होगी द इंडियन गैराज कंपनी उन फैशन कद्रदानों के लिए मनपसंद ब्रैंड है जो अपने स्टाइल के साथ नए प्रयोग करते हुए भीड़ से अलग दिखना चाहते हैं इस कलेक्शन में, पुरुषों के कैजुअलवियर में 2,500 से अधिक स्टाइल्स शामिल हैं जिनमें ट्रैंडी शर्ट्स और चिनोज प्रमुख हैं। फ्लिपकार्ट ने पिछले एक साल के दौरान कैजुअल वियर सैगमेंट में वर्ष दर वर्ष 35प्रतिशत ग्रोथ दर्ज की है। अभिषेक मालू, सीनियर डायरेक्टर, फ्लिपकार्ट फैशन ने कहा फैशन लैंडस्केप की अच्छी समझ रखने के चलते हम पिछले कुछ वर्षों में देशभर में फैशन को लेकर सचेत ग्राहकों के लिए बेहतरीन पेशकश करते रहे हैं। फ्लिपकार्ट में, हमने पिछले कुछ वर्षों के दौरान, पुरुषों की कैजुअल वियर रेंज में लोकप्रियता दर्ज की है, और महानगरों तथा टी2.क्षेत्रों में रहने वाले ग्राहकों के लिए एचरीडे वियर तथा विस्तृत स्टाइल को उपलब्ध कराया है। कैजुअल वियर सैगमेंट में ग्राहकों की अलग-अलग किस्म की जरूरतों को पूरा करने के लिए डी2सी ब्रैंड्स लगातार बढ़ रही हैं, और यही वजह है कि इस श्रेणी में जबर्दस्त विकास देखा जा रहा है। इंडियन गैराज कंपनी एक्स सूर्य कुमार यादव कलेक्शन फैशनेबल और कम्फर्टेबल क्लोदिंग में लगातार बढ़ती मांग को पूरा कर रहा है। हम सभी ब्रैंड्स और सैलर्स के लिए सुलभ मार्केटप्लेस बनने का इरादा रखते हैं और देश में बढ़ती फैशन जरूरतों को पूरा करना चाहते हैं।

## इन्फिनिक्स हॉट 30आई केवल 8,999 रुपये में पेश

**नई दिल्ली।** वो दिन बीत गए जब कम बजट का स्मार्टफोन खरीदने वाले ग्राहकों को क्वालिटी, स्टोरेज क्षमता या फिर स्मार्टफोन की खूबसूरती के मामले में मन को मारना पड़ता था। इन्फिनिक्स की नई विशेषताओं से भरपूर हॉट सीरीज, हॉट 30आई (हॉट 30आई) सभी अपेक्षाओं को पीछे छोड़ देगी। इन्फिनिक्स की यह गेम-चेंजिंग डिवाईस मल्टी-टास्किंग के लिए सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि इसमें आकर्षक रूप के साथ दोगुनी मैमोरी है। लॉन्च के दिन 8,999 रु. के विशेष मूल्य में 16 जीबी की एक्सपैंडेबल मैमोरी, 128जीबी की स्टोरेज, प्रीमियम डायमंड पैटर्न डिजाईन, शक्तिशाली बैटरी और 50 मेगापिक्सल के ड्युअल एआई कैमरा एवं बेहतर सुरक्षा के साथ हॉट 30आई (हॉट 30आई) #स्मार्टसफोनकाबाप है। यह डिवाईस 4 रंगों में ग्लेशियर ब्लू, मिरर ब्लैक, और डायमंड व्हाईट में प्रीमियम-ग्लास फिनिश और मैरीगोल्ड में लैदर लाईक डिजाईन में उपलब्ध है।

## 2022 में भारतीय हेल्थटेक प्लेटफॉर्म में फंडिंग 55 फीसदी घटी

**नई दिल्ली।** पिछले साल भारत में हेल्थटेक कंपनियों में कुल फंडिंग 55 फीसदी (साल-दर-साल) घटकर 1.4 अरब डॉलर रह गई, बुधवार को एक रिपोर्ट में यह बात सामने आई।ग्लोबल एसएएएस-आधारित मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्शन के आंकड़ों के अनुसार, 2021 में 2.4 अरब डॉलर से 2022 में 606 मिलियन डॉलर, यानी 75 प्रतिशत की गिरावट के कारण निवेश में भारी गिरावट आई है।
2022 में सीड-स्टेज फंडिंग भी 52 प्रतिशत घटकर 75.2 मिलियन डॉलर हो गई। हालांकि, 2022 में शुरूआती चरण की फंडिंग 26 प्रतिशत बढ़कर 743 मिलियन डॉलर हो गई।
रिपोर्ट में कहा गया है कि 2022 के दौरान हीथ टेक कंपनियों द्वारा जुटाए गए कुल फंड का 70.3 फीसदी साल की पहली छमाही में रिकॉर्ड किया गया। आगे कहा गया है, फंडिंग विंटर, मौजूदा वृहद आर्थिक स्थिति और बढ़ती ब्याज दरों के कारण दुनिया भर



के निवेशक अपना पैसा खर्च करने में अधिक सतर्क हो गए हैं। यह प्रवृत्ति भारत में भी हेल्थटेक क्षेत्र में देखी गई है। 2021 में 10 की तुलना में 2022 में केवल दो 100 मिलियन डॉलर से अधिक फंडिंग राउंड हुए।
डिजिटल हेल्थकेयर प्लेटफॉर्म मेडीबडी ने क्वाड्रिया कैपिटल, लाइटरॉक इंडिया और अन्य से सीरीज सी फंडिंग राउंड में 125 मिलियन डॉलर जुटाए। उपभोक्ता पोषण मंच हेल्थ कार्ट ए91 पार्टनर्स और अन्य से सीरीज एच राउंड में 135 मिलियन डॉलर जुटाए।

## आईसीएआर एवं विश्व बैंक ने कृषि शिक्षा प्रणाली के आधुनिकीकरण पर दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया

**नई दिल्ली।** भारत में सभी कृषि उच्च शिक्षा संस्थानों में डिजिटल ई लर्निंग कंटेंट एवं उभरती इमर्सिव टेक्नोलाजीज समेत डिजिटल आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है। व्यवस्थागत डिजिटल क्षमता, ज्ञान और कौशल में सुधार के लिए सभी भागीदारों में प्रणालीगत डिजिटल क्षमता निर्माण को संस्थागत रूप प्रदान करने की भी आवश्यकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कृषि शिक्षा प्रणाली के आधुनिकीकरण पर भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और विश्व बैंक द्वारा जारी दिल्ली घोषणा पत्र में कृषि में प्रभावी अध्यापन और सीखने के लिए डिजिटल



संसाधनों और टूल्स को समाहित करने की जरूरत रेखांकित की गई। इसमें ऐसे लिंग-समावेशी एवं टिकाऊ शिक्षा के लिए एक नवीन एवं सहनशील प्रणाली की दिशा में जोर दिया गया जो भारत के कृषि शिक्षा क्षेत्र का मार्ग प्रशस्त करे। बहुक्षेत्रीय प्रौद्योगिकी सुगम शिक्षा को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए और कृषि उच्च शिक्षा में विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग, कृषि एवं गणित (स्टीम) पर नीतियों को परिवर्तित किए जाने की जरूरत है। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) और विश्व बैंक की मेजबानी में कृषि उच्च शिक्षा के लिए ब्लेंडेड लर्निंग ईकोसिस्टम पर तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के समापन दिवस पर दिल्ली घोषणा पत्र जारी किया गया। यह सम्मेलन राष्ट्रीय कृषि उच्च शिक्षा परियोजना (एनएएचईपी) की रेसिलिएंट एग्रिकल्चर एजुकेशन सिस्टम (आरएईएस) विकास पहल के तहत आयोजित किया गया। इस देश में राष्ट्रीय कृषि शिक्षा प्रणाली को मजबूत करने के लिए वर्ष 2018 में एक पंचवर्षीय परियोजना एनएएचईपी शुरू की गई जिसमें विश्व बैंक और केंद्र सरकार प्रत्येक की ओर से 8.25 करोड़ डालर (करीब 600 करोड़ रुपये) का समान योगदान किया गया। विश्व बैंक के ऋण की अदायगी पांच साल की छूट की अवधि के बाद अगले 19 वर्षों में की जानी है। एनएएचईपी का उद्देश्य कृषि उच्च शिक्षा में परिवर्तन लाना है। ब्लेंडेड लर्निंग प्लेटफार्म इसी परियोजना का हिस्सा है। इस समापन समारोह को संबोधित करते हुए नेशनल एकैडमी ऑफ एग्रिकल्चरल साइंसेज (एनएएएस) के पूर्व अध्यक्ष और एग्रिकल्चरल साइंटिस्ट्स रिक्रूटमेंट बोर्ड (एएसआरबी) के चेयरमैन डाक्टर आरबी सिंह ने कहा, ज्ञान और कौशल के प्रसार के जरिए टिकाऊ विकास लक्ष्यों को प्रोत्साहित कर हम कल की चुनौतियों से निपटने के लिए कृषि नेतृत्वकताओं की अगली पीढ़ी को सशक्त करते हैं।

## दूर से टेस्ला के इंफोटेनमेंट सिस्टम को हैक कर सकते हैं हैकर : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** दुष्ट हैकर रिमोटली लाइट बंद कर सकते हैं, हॉर्न बजा सकते हैं, ट्रंक खोल सकते हैं और विंडशील्ड वाइपर को सक्रिय कर सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।फ्रांस स्थित सुरक्षा फर्म साइनेक्टिव के लिए काम करने वाले शोधकताओं ने तीन कमजोरियों की खोज की जिनका उपयोग टेस्ला में हैक करने के लिए किया जा सकता है। टेकक्रंच की रिपोर्ट के अनुसार, कम से कम जहां तक शोधकताओं को पता है, इन कमजोरियों से सक्षम सबसे खराब स्थिति, एक ड्राइवर को परेशान करना और संभावित रूप से बाधित करना है। हालांकि, टेस्ला ने शोधकताओं से कहा कि वे कार को चालू और बंद नहीं कर सकते थे, या पहिया को चला सकते थे।



रिपोर्ट में कहा गया है कि लेकिन, शोधकताओं में से एक, एलोई बेनोइस्ट-वेंडरबेकन का मानना है कि यह संभव हो सकता है। वेंडरबेकन को यह कहते हुए सुना गया था, टेस्ला ने उल्लेख किया कि हम स्टीयरिंग व्हील को घुमाने, गति बढ़ाने या ब्रेक लगाने में सक्षम नहीं होंगे। लेकिन कार की वास्तुकला की हमारी समझ से हम निश्चित नहीं हैं कि यह सही है, लेकिन हमारे पास इसका प्रमाण नहीं है। उस समय शोधकताओं के पास टेस्ला तक पूरी पहुंच नहीं थी, लेकिन एक बार ऐसा करने के बाद वे कंपनी के बयानों की तथ्य-जांच करने के लिए तत्पर हैं। इसके अलावा, रिपोर्ट में उल्लेख किया गया है कि पहली भेद्यता ब्लूटूथ के माध्यम से शोषण योग्य थी, दूसरी भेद्यता ने शोधकताओं को अपने विशेषाधिकारों को बढ़ाने और जड़ बनने की अनुमति दी (सिस्टम एक्सेस के उच्चतम स्तर के लिए साइबर सुरक्षा शब्दावली- उन्हें इंफोटेनमेंट सिस्टम में कोड निष्पादित करने के लिए स्वतंत्र लगाम देना) और आखिरी वाले ने उन्हें सुरक्षा गेटवे का नियंत्रण दिया, एक पुर्जा जो कार को कुछ कमांड भेजता है। रिपोर्ट के अनुसार, इसके अलावा शोधकताओं ने उल्लेख किया कि टेस्ला इन कमजोरियों के लिए पैच पर काम कर रही है, जिसे जल्द ही कारों के लिए भेज दिया जाना चाहिए। पिछले महीने, टेस्ला ने यूएस और कनाडा में अपने फुल सेल्फ-ड्राइविंग (एफएसडी) बीटा सॉफ़्टवेयर के रिलीज को रोक दिया था, जब तक कि एक सुरक्षा रिकॉल को संबोधित करने के लिए फर्मवेयर अपडेट जारी नहीं किया जा सकता।

## संक्षेप

### भारत में डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के विकास को गति दे रहे हैं टियर 2 एवं 3 शहर

**नई दिल्ली।** भारत के टियर 2 और टियर 3 शहरों में मजबूत पकड़ बना रहे उद्योगों में डायरेक्ट सेलिंग अहम भूमिका निभा रही है। भारत में सबसे तेजी से बढ़ने वाले क्षेत्रों में शुमार होने के नाते डायरेक्ट सेलिंग ने छोटे शहरों को इस कतार में आगे लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। डायरेक्ट सेलिंग उद्योग के प्रयासों ने इन बाजारों में संभावनाओं के द्वार खोल दिए हैं, जिससे सभी के लिए, विशेष रूप से युवाओं और महिलाओं के लिए पर्याप्त रोजगार के अवसर सृजित हुए हैं। उद्योग ने जमीनी स्तर पर वित्तीय आजादी के बीज बोकर सरकार के आत्मनिर्भर भारत के दृष्टिकोण को मजबूत करने में भी सहायता की है। इस संदर्भ में वेस्टीज मार्केटिंग प्राइवेटलिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर गौतम बालीने कहा, भारत तेज आर्थिक विकास का साक्षी हैऔरटियर-2 व टियर-3 शहर इस विकास में सुनामी के रूप में उभरे हैं, जो भारत की आर्थिक यात्रा में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। देश की राजकोषीय वृद्धि उद्यमों के बढ़ने और सभी क्षेत्रों में कारोबार में समग्र सुधार से जुड़ी हुई है। मुख्य रूप से वेलनेस, न्यूट्रिशन और अन्य एफएमसीजी उत्पादों पर यह विकास टिका है। उपभोक्ता इम्यूनिटी बूस्टर, न्यूट्रिशनल सप्लीमेंट के साथ-साथ स्वच्छता से जुड़े उत्पादों के महत्व को समझ रहे हैं। महामारी से पहले की तुलना में अब इन कैटेगरीज में बिक्री सर्वोच्च स्तर पर चल रही है। वेस्टीज मार्केटिंग में, हम 'वेल्थ' या वेल्थ थ्रू वेलनेस पर फोकस करते हैं। अपने ग्राहकों के लिए विशिष्ट रूप से तैयार किए गए उत्पादों को पेश करना हमारा निरंतर प्रयास है और हमारा लक्ष्य उन सभी के जीवन को समृद्ध बनाना है जो हमारी कंपनी और उत्पादों में भरोसा रखते हैं।

### मोटोरोला ने लॉन्च किया मोटो जी13

**नई दिल्ली।** मोटोरोला ने अपनी 'जी' सीरीज की फ्रेंचाइजी में अपने नये स्मार्टफोन मोटो जी13 को लॉन्च करने की घोषणा की, जिसे बेहद किफायती कीमत पर बेजोड़ एक्सपीरियंस के साथ प्रीमियम और मॉडर्न डिजाइन देने के लिए डिजाइन किया गया है। मोटो जी13 में मोटोरोला की प्रॉपराइटरी बिजनेस ग्रेड सिक्योरिटी - थिंकशील्ड फॉर मोबाइल तथा चिंता मुक्त आईपी52 रेटेड, वाटर-रिपेलेंट डिजाइन के अलावा कई अन्य दिलचस्प फीचर्स भी हैं। उपभोक्ता अपनी पसंद के अनुरुप किसी भी लुक का चुनाव कर सकते हैं क्योंकि मोटो जी13 अब दो आकर्षक कलर्स - मैट चारकोल और लेवेंडर ब्लू में उपलब्ध है। स्मार्टफोन की बिक्री 5 अप्रैल 2023 से फ्लिपकार्ट, मोटोरोला.इन तथा लीडिंग रिटेल स्टोर्स पर शुरू होगी। स्मार्टफोन में ऐक्रेलिक ग्लास (पीएमएमए) की बॉडी तथा अल्ट्रा-थिन और प्रीमियम डिजाइन के फीचर्स मौजूद है। कैमरा हाउसिंग से शुरू करते हुए हर डिजाइन के डिटेल पर बड़ी ही बारीकी से ध्यान दिया गया है और बेहद सोच-समझकर तैयार किया गया है - एक्सपीरियंस करने को लेकर यह वाकई में बेहद आकर्षक है। इसकी स्लिम प्रोफाइल और लाइटवेट बॉडी इसे केरी करने में आसान बनाता है, साथ ही इसका वाइब्रेंट कलर भी इसे भीड़ से काफी अलग करता हैं। इसके अलावा, फि ंगरप्रिंट सेंसर को फोन के किनारे की तरफ पर रखा गया है जो कि इसे काफी एक्सेसिबल बनाने के साथ साथ इसे एक स्ट्रीमलाइन्ड लुक बनाए रखने में भी मदद करता है।

### एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस उतारा

**बरेली।** भारत की अग्रणी जीवन बीमा कंपनियों में से एक एचडीएफसी लाइफ ने स्मार्ट पेंशन प्लस लॉन्च किया है - एक ऐसी योजना जो ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद नियमित और गारंटीशुदा आय के रूप में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में सक्षम बनाती है। अनीश खन्ना, हेड, प्रोडक्ट्स एंड, सेगमेंट एचडीएफसी लाइफ ने कहा, भारत में रिटायरमेंट सेविंग गैप 2050 तक 85 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंचने का अनुमान है। बढ़ती महंगाई, बढ़ती स्वास्थ्य देखभाल लागत और उच्च जीवन प्रत्याशा के साथ, यह अनिवार्य है कि व्यक्ति अपनी कमाई के वर्षों से परे एक नियमित आय की योजना बनाएं। हमारी नवीनतम पेशकश, एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस एक अनूठी वार्षिकी योजना है जिसे सेवानिवृत्ति के बाद के जीवनकि विशिष्ट आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए अनुकूलित किया जा सकता है। यह योजना कई सही गारंटीकृत आय विकल्प प्रदान करती है और ग्राहकों को उनके सेवानिवृत्ति जीवन के लिए पर्याप्त बचत करने में सक्षम बनाती है। हमारा मानना है कि नियमित प्रीमियम का भुगतान करने और ज्वाइंट लाइफ कवर लेने का विकल्प हमारे देश की आबादी के एक बड़े वर्ग को अपने स्वर्णिम वर्षों के लिए पहले से योजना बनाने में सक्षम बनाएगा। एचडीएफसी लाइफ स्मार्ट पेंशन प्लस उन लोगों के लिए डिजाइन किया गया है जो बचत करना चाहते हैं और खुद के लिए एक वित्तीय सुरक्षा जाल बनाना चाहते हैं और अपने स्वर्णिम वर्षों में सेवानिवृत्ति के बाद अपनी वर्तमान जीवन शैली को जारी रखने में सक्षमबनाता हैं। सीधे शब्दों में कहें तो यह वार्षिकी उत्पाद ग्राहकों को सेवानिवृत्ति के बाद उनकी मनचाही जिंदगी जीने में सक्षम बना सकता है।

### वित्त वर्ष 2023-24 में घरों के दाम पांच प्रतिशत और बढ़ेंगे: इंडिया रेटिंग्स

**नई दिल्ली।** चालू वित्त वर्ष में घरों की कीमतें 8-10 प्रतिशत तक बढ़ी हैं और 2023-24 के दौरान इनमें और पांच प्रतिशत की वृद्धि हो सकती है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने मंगलवार को यह अनुमान लगाया है। रेटिंग एजेंसी ने 2023-24 के लिए आवासीय रियल एस्टेट क्षेत्र के परिदृश्य को संशोधित करते हुए सुधार से बदलकर तटस्थ कर दिया। उसने एक बयान में कहा, ऊंची निर्माण लागत, बढ़ती आवास ऋण दरें और घरेलू तथा वैश्विक स्तर पर मंदी के बावजूद आवासीय रियल एस्टेट बाजार में 2022-23 में तेजी बरकरार रही है। इसमें कहा गया कि मंदी और मुद्रास्फीति संबंधी दबावों से निकट भविष्य में मांग कुछ हद तक प्रभावित हो सकती है लेकिन ऐसी उम्मीद है कि बाजार दबाव को झेल लेगा। एजेंसी ने कहा कि मांग में वृद्धि भी हो सकती है। इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने कहा, 2022-23 में सालाना आधार पर संपत्ति के दामों में 8-10 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, 2023-24 में इसमें और पांच प्रतिशत की बढ़ोतरी हो सकती है। उसने कहा कि 2021-22 में आवास बिक्री के पीछे मुख्य वजह इनके कम दाम रहे हैं। हालांकि, मुद्रास्फीति बढ़ने और रेपो दरों में वृद्धि से किफायती श्रेणी के घरों में मांग 2022-23 में कुछ प्रभावित हुई।

### एनसीएलएटी ने गूगल से कहा- प्रतिस्पर्धा आयोग द्वारा लगाए गए 1,337 करोड़ जुमार्ने का भुगतान करें

**नई दिल्ली।** नेशनल कंपनी लॉ अपीलेट ट्रिब्यूनल (एनसीएलएटी) ने बुधवार को कहा कि गूगल को भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) द्वारा लगाए गए 1,337.76 करोड़ रुपये के जुमार्ने का भुगतान करना होगा।एनसीएलएटी की दो सदस्यीय पीठ ने गूगल को सीसीआई के आदेश का पालन करने और 30 दिनों में राशि जमा करने का निर्देश दिया। सीसीआई ने 30 अक्टूबर, 2022 को एंड्रॉईड मोबाइल उपकरणों के संबंध में प्रतिस्पर्धा-रोधी प्रथाओं के लिए गूगल पर 1,337.76 करोड़ रुपये का जुमार्ना लगाया था। प्रतियोगिता पर नजर रखने वाली संस्था ने इंटरनेट की दिग्गज कंपनी को विभिन्न अनुचित व्यावसायिक प्रथाओं में शामिल होने से बचने के लिए भी कहा था।

### ओडिशा: विश्व बैंक ने आपदा संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए 10 करोड़ डॉलर का दिया ऋण

**नई दिल्ली।** विश्व बैंक ने बुधवार को कहा कि उन्होंने ओडिशा को आपदा संबंधी समस्याओं से निपटने के लिए बेहतर सुविधा के वास्ते मदद के रूप में 10 करोड़ डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है। इस राशि के जरिये ओडिशा की डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से प्रारंभिक पूवार्नुमान प्रणाली को भी मजबूत बनाया जा सकेगा। बहुपक्षीय एजेंसी ने अपने एक बयान में कहा कि राज्य में औसतन हर 15 महीने में चक्रवात आते हैं, जिसके कारण यहां के लोग कई रोगों से ग्रस्त हो जाते हैं और अपना जीवनयापन करने में कई मुश्किलों का सामना भी करते हैं। एजेंसी ने बताया कि ओडिशा राज्य क्षमता और लचीला विकास कार्यक्रम एक बहु-जोखिम डिजिटल चेतावनी प्रणाली के माध्यम से प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान को कम करने में मदद करेगा।

# प्रभारी बीडीओ ने ग्राम प्रधानों संग की बैठक

**दिया निर्देश**

एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक होने वाले विशेष अभियान पर की गई चर्चा

जनसंदेश न्यूज



बैठक को सम्बोधित करते प्रभारी बीडीओ संजय श्रीवास्तव

**गौराबादशाहपुर।** विकासखण्ड धमार्पुर के शहीद हाल में बुधवार को प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव की अध्यक्षता में संचारी रोग अभियान को लेकर ग्राम प्रधानों के साथ की बैठक संपन्न हुई।

बैठक को संबोधित करते हुए प्रभारी खण्ड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव ने कहा की एक अप्रैल से तीस अप्रैल तक संचारी रोग अभियान और सत्रह अप्रैल से तीस अप्रैल तक दस्तक अभियान विकासखंड के प्रत्येक ग्राम पंचायत में चलाया जाएगा जिसके तहत ग्रामों में साफ सफाई और दवा का छिड़काव किया जाएगा तथा बैठकों व रैली के माध्यम लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने सफाई कर्मियों को चेतावनी देते हुए कहाकि संचारी रोग अभियान में ग्रामों में साफ सफाई में कोई शिकायत पाए जाने पर संबंधित सफाई कर्मचारी पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। सीएससी चोरसंड के अधीक्षक डॉ. मनोज कुमार गौतम ने लोगों को दूषित पानी और अस्वच्छता से होने वाले संचारी रोग और उससे बचाव के उपाय के बारे में जानकारी दी। बीएमसी यूनिसेफ शाहिद अली खान ने लोगों को रूटीन वैक्सिनेशन कराने का आह्वान करते हुए लोगों को स्वच्छता के बारे में जागरूक किया। एडीओ पंचायत लालजी राम ने प्रधानगण को संबोधित करते हुए कहा कि सभी ग्राम प्रधान अपने-अपने ग्रापं में जलजमाव वाले स्थान पर आवश्यकतानुसार सोख्ता गड्ढा और नाली का निर्माण करा दें। इस अवसर पर ज्वाइंट बीडीओ सुबास चंद्र, एडीओ पंचायत लालजी राम, हेल्थ सुपरवाइजर गौरव, सचिव धर्मेंद्र राय, सुनील कन्नौजिया, अनिल यादव फौजी, घनश्याम जायसवाल, अंगनु प्रसाद, कैलाश नाथ, नीलकमल, पुष्पा सहित समस्त सचिव, प्रधान, सफाई कर्मी और पंचायत सहायक मौजूद रहे।

# दर्शकों ने संगीत धारा में लगाई डुबकी

जनसंदेश न्यूज



दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते राज्यमंत्री गिरीश यादव

**जौनपुर।** नगर स्थित एक होटल के प्रांगण में लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान लखनऊ व संस्कार भारती जौनपुर द्वारा आयोजित नव वर्ष के 2080 के उपलक्ष्य में आयोजित भक्ति रस पर आधारित कार्यक्रम नवधा का शुभारंभ मंगलवार को मुख्य अतिथि गिरीश चंद्र यादव राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार, कार्यक्रम अध्यक्ष मुनीश सह प्रांत प्रचारक काशी प्रांत, विशिष्ट अतिथि विवेक सेठ मोनू, अतुल द्विवेदी, निदेशक लोक एवं जनजाति कला संस्थान ने दीप प्रज्वलन कर व मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्चन कर किया।

संस्था के सदस्यों द्वारा ध्येय गीत की प्रस्तुति हुई। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति स्थानीय गायक कलाकार गुलाब राही के द्वारा चैती और पचरा गाकर किया गया। इसके उपरांत प्रयागराज की कलाकार पूर्णिमा देव कुमार व उनके साथियों द्वारा ढेड़या नृत्य, पचरा नृत्य और राम अवध में आये भजन पर समूह नृत्य प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही प्रयागराज के गायक कलाकार डॉली चौरसिया और रौशन पाण्डे द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया गया। इस प्रस्तुति के उपरांत अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त व बनारस घराने के कलाकार कथक की महारानी कही जाने वाली सितारा देवी के पौत्र, साहित्य कला अकादमी पुरस्कार विजेता विशाल कृष्णा (पौत्र कथक साम्राज्ञी सितारा देवी) ने अपने कथक नृत्य के विभिन्न आयामों के साथ शिव शक्ति, दुर्गा रूप, राम जन्म एवं होली पर कथक के भाव नृत्य की प्रस्तुति की जिसको दर्शकों ने खूब सराहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि गिरीश चंद यादव ने कहाकि संस्कार भारती द्वारा आयोजित हमारी संस्कृति हमारी विरासत के परिपेक्ष में जो कार्यक्रम कर रही है इसकी निरंतरता बनी रहनी चाहिए। कार्यक्रम को अध्यक्ष काशी प्रान्त के सह प्रान्त प्रचारक मुनीश ने अपने उद्बोधन में कहा की भारतीय सभ्यता सनातन रही है हम सभी आज भी आधुनिक युग में अपने विभिन्न शुभ कार्य पंचांग पर आधारित तिथियों के द्वारा ही करते हैं। अतिथियों द्वारा सभी कलाकारों को माल्यार्पण, अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। डॉक्टर ज्योति दास ने आभार ज्ञापन किया। कार्यक्रम का संचालन विष्णु गौड़ एवं ऋषि श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक वंदे मातरम गान से हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, डॉ. क्षितिज शर्मा, राकेश कुमार श्रीवास्तव, अजय दुबे, सुजीत कुमार, डॉक्टर नरेंद्र पाठक, रविंद्र सिंह ज्योति, अमित श्रीवास्तव शशांक सिंह रानू आदि उपस्थित रहे।

# कर्बला के गुंबद पर अराजक तत्वों ने चढ़ाया दूसरा रंग

**राहत**

मौके पर पुलिस फोर्स माहौल बिगड़ने से बचा

**जौनपुर।** नेवढ़िया क्षेत्र के सहिजनी गांव के एक विशेष समुदाय के लोगों द्वारा बनवाये गए कर्बला के गुंबद को मंगलवार की रात में अराजक तत्वों ने पेंट कर भगवा रंग में रंग डाला। वहां लगे इस्लामिक झंडे को भी उठा ले गए। वहीं सुबह देखने के बाद ग्रामीणों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने तत्काल ग्राम प्रधान से संपर्क कर माहौल बिगड़ने से पहले ही उसे पहले वाले रंग में पेंट करा दिया। दोपहर बाद तक वहां पुलिस तैनात रही। बुधवार की सुबह जब गांव के लोगों की नजर गुंबद पर पड़ी तो एक दूसरे से चर्चा होने लगी। देखते देखते गांव के करीब-करीब सभी लोगों को मामले की जानकारी हो गई। ऐसे में वहीं से पुलिस को फोन किया गया और थाने में दी गई तहरीर में बताया गया कि कर्बला में जो गुंबज बनाया गया था उसे हरे और सफेद रंग में रंगा गया था। मंगलवार की रात में कुछ अराजक किस्म के लोगों ने गुंबज को भगवा रंग में रंग दिया। मौके पर पहुंचे थानाध्यक्ष विनय कुमार मिश्र ने ग्राम प्रधान व ग्रामीणों की मौजूदगी में गुंबज को फिर से हरे रंग का पेंट करवाकर मामले को शांत कर दिया। इस संबंध में थानाध्यक्ष नेवढ़िया ने बताया कि अराजक तत्वों द्वारा कर्बला के गुंबज को पेंट करके भगवा रंग कर दिया गया था। सूचना मिलने पर ग्रमीणों व ग्राम प्रधान की मौजूदगी में सुबह ही हरे रंग से गुंबज को दोबारा रंगवा दिया गया है। इस तरह का दुस्साहस करने वाले अराजकतत्वों की तलाश की जा रही है। कार्रवाई की जाएगी। गांव में स्थिति सामान्य है।

# महिलाओं के लिए कई योजनाएं क्रियान्वित कर रही सरकार

**आयोजन**

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस का समापन समारोह



**जौनपुर।** सरजू प्रसाद शैक्षिक सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था द्वारा विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवरात्रि के पावन पर्व पर नए छात्रों को प्रवेश व पुराने छात्रों की विदाई समारोह भी आयोजित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी विजय कुमार पांडेय ने कहा कि महिला सशक्तिकरण से संबंधित सरकार ने बहुत सी योजनाएं क्रियान्वित कर रही है। खासतौर से ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार, कौशल विकास, उद्यमिता विकास, पेंशन, आजीविका मिशन, मिशन शक्ति सुरक्षा संरक्षण पर विशेष ध्यान केंद्रित की है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रशिक्षक सोधई राम यादव ने कहा कि महिला सशक्तिकरण ग्रामीण महिला की रोजगार स्वालंबन एवं आत्मनिर्भरता हेतु संस्था क्षेत्र में पंजादरी कसीदाकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम डिजाइन वर्कशॉप और क्राफ्ट प्रदर्शनी का आयोजन कर रोजगार व स्वरोजगार कौशल विकास उद्यमिता विकास आजीविका एवं रोजगार से जोड़ा जा रहा है। विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी बरसठी रहे। बच्चों ने उक्त अवसर पर सांस्कृतिक मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उक्त अवसर पर प्रमोद प्रजापति होरी लाल यादव, जवाहर लाल यादव, ग्राम प्रधान शिवकुमार यादव, एआरपी संतलाल राजेश गिरी आदि उपस्थित थे। संचालन प्रधानाध्यापक सुभाष सरोज ने तथा धन्यवाद ज्ञापन संजय उपाध्याय ने किया।

# बैंक ग्राहकों को लेन देन के लिए किया जागरूक



ग्राहकों को जागरूक करते शाखा प्रबंधक

**दी जानकारी**

सिकरारा यूबीआई शाखा में संगोष्ठी का हुआ आयोजन

जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया की सिकरारा शाखा में बुधवार को ग्राहकों को संगोष्ठी के जरिये लेनदेन के लिए जागरूक किया गया। शाखा प्रबंधक प्रभात मिश्रा ने ग्राहकों को प्रधानमंत्री जनधन योजना, लोन के संदर्भ में खाता खोलने, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना, अटल पेंशन योजना, किसान क्रेडिट कार्ड के साथ साथ बैंक में लेन देन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी देते हुए ग्राहकों को किसी तरह के फ्राड से बचने के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंक ग्राहकों से कभी भी ओटीपी आदि के बारे में कॉल नही करता, साथ ही लोन पास कराने के लिए बिचौलिए के चक्कर में न पड़ने की बात कही। संगोष्ठी में उपशाखा प्रबंधक शम्भू सरोज, लोन ऑफिसर अंकित बाउसकर, कैशियर विजय यादव, धीरज उपाध्याय ने सम्बोधित किया। इस मौके पर राजबहादुर सिंह, राजेश यादव, अरविंद उमर वैश्य, सौरभ सिंह, सत्य प्रकाश यादव, लालमनि पाण्डेय, राजा यादव, सूरज सहित क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## संक्षेप

### मनबढ़ ग्राम प्रधान ने शिक्षक को मारकर किया घायल

**शाहगंज।** विकास क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय चक इमामअली मुड़ैला में बुधवार को ग्राम प्रधान द्वारा एमडीएम में छात्र संख्या बढ़वाने को लेकर प्रधानाध्यापक को गाली देते हुए चप्पल और लाठी डंडे से मार कर घायल कर दिया गया और मेज पर रखे सारे अभिलेख एवं सामान तोड़-फोड़ दिये गए। ग्राम प्रधान द्वारा पूर्व में भी एमडीएम में छात्र संख्या बढ़ाने का दबाव बनाया जाता रहा है। घटना की सूचना मिलने पर प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला संयुक्त मंत्री एवं ब्लॉक अध्यक्ष वीरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षक थाना सरायख्वाजा पहुंचे और थानाध्यक्ष को घटना से अवगत कराया, जिस पर थानाध्यक्ष द्वारा घटना की जांचकर मनबढ़ ग्राम प्रधान संतोष सोनकर के ऊपर एफआईआर दर्ज किया गया।

### वृद्ध रिटायर फौजी को चकमा देकर बीस हजार लेकर फरार

**मछलीशहर।** नगर के कृपाशंकर नगर मोहल्ला निवासी रिटायर्ड वृद्ध फौजी को एक उचक्के ने बातों में उलझा कर उनका बीस हजार रुपया लेकर भाग निकला। भुक्तभोगी रिटायर्ड फौजी ने बताया कि उसने बुधवार की दोपहर में भारतीय स्टेट बैंक की स्थानीय शाखा से बीस हजार रुपया अपने इलाज के लिए निकाला था। जब वह पैसा लेकर बैंक से बाहर निकले तभी एक उचक्का उनके पीछे लग गया और उनको दवा दिलाने की बात कहकर स्थानीय सीएससी तक ले आया जहां उन्हें बातों में उलझा कर उनका पूरा रुपया झोले सहित लेकर फरार हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी है।

### जहरखुरानों ने अधेड़ रेल यात्री को बनाया निशाना

**मीरगंज।** रेल यात्रा के दौरान किसी का कुछ भी न खाने की लाख हिदायतों के बावजूद बूढ़े हों या जवान जहरखुरानों के जाल में आखिर फंस कर साथ लिए अपनी मेहनत की गाढ़ी कमाई गवां ही बैठते हैं। जान जाने की जोखिम भी बनी रहती है। बुधवार को भी ऐसी ही एक घटना मछलीशहर गोनापार के 55 वर्षीय वृद्ध यात्री अशोक गुप्ता से 7 हजार रुपये नकद व बैग समेत सामान जहरखुरानों ने लेकर फरार हो गये। वे मुम्बई से जंघई ट्रेन से उतरने के बाद एक बस में सवार हो गए। बस के समस्त यात्री उतर जाने के बाद भी वे बस में ही बेहोश पड़े रहे। कंडक्टर के जगाने के बाद भी नही उठे तो किसी ने उन्हें पहचान कर परिजनों को सूचित किया।

### तीन वारंटी गिरफ्तार

**चंदवक।** स्थानीय पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर न्यायालय सीजेएम प्रथम के गिरफ्तारी अधिपत्र पर कार्रवाई करते हुए वारंटी महेश पुत्र लालजी, योगेंद्र पुत्र चिथरू व सुरेंद्र पुत्र खेदू निवासी बरौटी को गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

### बेटे ने पिता के जान की रक्षा के लिए पीएमओ से लगाई गुहार

**थानागद्दी।** बेटे ने अपने पिता के जान की रक्षा के लिए पीएमओ से गुहार लगाई है। बेटे ने दिल्ली में प्रधानमंत्री कार्यालय पहुंच कर प्रार्थना पत्र सौंपा। पीएमओ ने मामले में कार्रवाई का आश्वासन दिया है। केराकत कोतवाली थाना क्षेत्र के जखियां गांव निवासी स्नातकोत्तर के छात्र विकास सिंह के अनुसार उसके पिता बजरंग बहादुर सिंह भारतीय किसान संघ के अध्यक्ष हैं। इस नाते वे भूमाफियाओं से सरकारी जमीनों को कब्जा मुक्त कराने के लिए विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शिकायत पत्र और जन सूचना अधिनियम के तहत प्रार्थना पत्र डालते रहते हैं। विकास सिंह की शिकायत है कि इसी कारण कुछ लोग उसके पिता बजरंग बहादुर सिंह की जान के दुश्मन बन गए हैं। विकास के मुताबिक क्षेत्रीय पुलिस की मिलीभगत से कई बार भू माफियाओं ने उनके पिता की पिटाई भी की और मुकदमा तक दर्ज नहीं कराने दिया। बल्कि उल्टे उनके पिता के खिलाफ ही संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज करा दिया।

### जिला उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने दिये आवश्यक निर्देश

**जौनपुर।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा की अध्यक्षता में मंगलवार को देर सायं जिला उद्योग बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गयी। बैठक में मैसर्स रामा पॉलीमर्स प्राइवेट लिमिटेड त्रिलोचन महादेव द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि इकाई से जल की निकासी नहीं हो पा रही है जिससे इकाई एवं क्षेत्र के जनमानस को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। जिलाध्यक्ष द्वारा जिला पंचायत को बुधवार को प्रातः 10 बजे इकाई स्थलीय निरीक्षण कर तत्काल प्रभाव से निस्तारित कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा विद्युत की लोड के संबंध में समिति को अवगत कराया गया। बैठक में अधिशासी अभियंता विद्युत वितरण खंड मछलीशहर एवं कांट्रेक्टर द्वारा समिति को अवगत कराया गया। उनकी पावर हाउस सबस्टेशन का कार्य यथाशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा जिस पर जिलाधिकारी द्वारा अधिशासी अभियंता एवं संबंधित कांट्रेक्टर जल्द से जल्द कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। बैठक में सीडा उद्यमियों द्वारा अवगत कराया गया कि आवास विकास परिषद द्वारा बनायी जा रही सड़क एवं पुलिया से सम्बन्धित कार्य की प्रगति अत्यन्त धीमी है, रोड नं0-7 पर लगायी जा रही हयूम पाइप का कार्य अभी भी पूर्ण नहीं हुआ है।

## संक्षेप

### चैत्र नवरात्रि व श्री रामनवमी पर मन्दिरों में अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन

**ज्ञानपुर।** चैत नवरात्रि एवं श्री रामनवमी के शुभ अवसर पर शासन के निर्देश के क्रम में जिला प्रशासन द्वारा नवरात्रि के पहले दिन से जनपद के प्रमुख मन्दिरों, शक्तिपीठों पर विधि विधान से मॉ दुर्गा के नवस्वरूपों की पूजा के साथ मानव मूल्यों, सामाजिक मूल्यों व राष्ट्रीय मूल्यों के व्यापक प्रचार-प्रसार व जनमानस को इससे जोड़ते हुए अखण्ड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। जिला प्रशासन द्वारा गठित टीम के निर्देशन व क्रियान्वयन में शासन की मंशानुरूप जनपद के चयनित मन्दिरों में विशेष पूजा पाठ, दुर्गा, सप्तशती, देवी गायन, अखण्ड रामायण पाठ, सांस्कृतिक झांकी, बालिकाओं व महिलाओं के आधारित कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 28 से 30 मार्च तक चयनित 5 मन्दिर- मॉ दुर्गा मन्दिर घोपईला पुरानी बाजार ज्ञानपुर, मॉ शीतला धाम डेरवा, सीता समाहित स्थल सीतामढ़ी, माता कामाख्या शक्तिपीठ उचेठा, श्रीराम जानकी मन्दिर सुन्दरवन में भजन लोकगीत गायिका व कलाकार सीमा पाल, प्रियंका बागी, रिंकी साहनी, विन्ध्यवासिनी, काजल यादव द्वारा शानदार प्रस्तुति दी जा रही है। नवरात्रि के सप्तमी, अष्टमी, नवमी एवं श्रीराम नवमी के विशेष अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जनपद के उपर्युक्त चयनित मन्दिरों में अखण्ड रामायण पाठ, दुर्गा सप्तशती का पाठ, देवी गायन, देवी जागरण का विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

### अधर में लटका चिकान गली नाली निर्माण का काम रोजेदारों को हो रही परेशानी



इओ अमिता सिंह को पत्रक देकर वार्ता करते नगर पालिका परिषद गोपीगंज के जागरूक नागरिक

**गोपीगंज।** नगर पालिका परिषद के वार्ड नंबर 25 चिकान गली में चल रहे इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य को ठप कर दिए जाने के कारण जहां निवासियों में रोष व्याप्त है, वही पवित्र रमजान के महीने में लोगों को आवागमन में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि पालिका द्वारा उक्त गली में इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण कार्य कराया जा रहा था। गुणवत्ता पूर्ण कार्य न होने के कारण आधा निर्माण होने के बाद ही कार्य रोक दिया गया था। रमजान के महीने में वार्ड वासियों को आवागमन में जहां परेशानी हो रही है, वही निर्माण कार्य अधर में लटक जाने के कारण स्थानीय निवासियों में आक्रोश भी व्याप्त है। इस संबंध में वार्ड के दर्जनभर निवासियों ने बुधवार को पालिका की अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह को पत्रक देकर अविलंब नाली और सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की है। अधिशासी अधिकारी ने बताया की इस संबंध में जेई को बुलाया गया परंतु उनके न आने की वजह से भी कार्य में रुकावट आ रही है। इस संबंध में वार्ड के निवासी पत्रक देने वालों में गुड्डू चौधरी, मो. आरिफ राइन, नौशाद अली, मो. सलीम, मो. अकरम, मंसूर, आफताब आलम, रामजी जायसवाल, मंजूर आलम, मंसूर कुरैशी, लीडर नेता, आदि ने तत्काल प्रभाव से उच्चस्तरीय जांच कराने की मांग की है।

### मुझे बदनाम करने की हो रही साजिश: महबूब बेग

**भदोही।** समाजसेवी एवं एक पार्टी के नेता महबूब बेग ने कहा कि एक यूट्यूब न्यूज चैनल द्वारा मेरी छवि को धूमिल करने की नीयत से खबर बनाकर वायरल किया गया। ऐसे व्यक्ति के खिलाफ हमने अपने अधिवक्ता के माध्यम से लीगल नोटिस भेज दिया है। उसके बाद उस व्यक्ति के विरुद्ध मानहानि का मुकदमा किया जाएगा। उक्त बातें श्री बेग बुधवार को नगर के स्टेशन रोड पर स्थित एक व्यवसायिक प्रतिष्ठान में पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। उन्होंने कहा कि खबर में जिस मुकदमे की बात का जिक्र किया जा रहा है। वह मुकदमा न्यायालय में विचाराधीन है और उधर का गवाह मुकर गया। हालांकि उसमें हमने भी मुकदमा किया हुआ है। श्री बेग ने कहा कि इस फर्जी खबर के माध्यम से तथाकथित पत्रकार द्वारा शासन की मंशा के अनुरूप कार्य कर रहे जिले के अधिकारियों को भी बदनाम किया जा रहा है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# ट्रैक्टर व ऑटो के बीच टक्कर में तीन की मौत, दो घायल

**हादसा**

स्थानीय पुलिस द्वारा घायलों को इलाज हेतु भेजा गया अस्पताल

अपर पुलिस अधीक्षक सहित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा मौके पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को दिया सांत्वना

जनसंदेश न्यूज

**भदोही।** मंगलवार की देर शाम थाना ज्ञानपुर क्षेत्र अंतर्गत ज्ञानपुर-गोपीगंज मार्ग, सिंहपुर नहर पुलिया के पास ऑटो व ट्रैक्टर के बीच जोरदार टक्कर हो गई। उक्त सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल ऑटो सवार कुल 05 व्यक्तियों को ईलाज हेतु अस्पताल भेजने के दौरान रास्ते में तीन व्यक्तियों की मौत हो गयी।

देर शाम हुए इस हादसे में सुनील कुमार पाण्डेय पुत्र फूलचंद्र पाण्डेय निवासी सिंहपुर थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 35 वर्ष, मुरलीधर दुबे पुत्र राम अनुज दुबे निवासी वार्ड नंबर 5 कर्बला के सामने दुगार्गंज रोड थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 55 वर्ष व अनुज श्रीवास्तव पुत्र गोविंद बिहारी श्रीवास्तव निवासी पुरानी बाजार थाना ज्ञानपु उम्र करीब 42 वर्ष की मौत मौके पर ही हो गयी तथा शेष दो लोग दीपक गुप्ता पुत्र बसन्त गुप्ता निवासी पुरानी बाजार थाना ज्ञानपुर उम्र करीब 36 वर्ष व अनिल कुमार तिवारी पुत्र दया प्रसाद निवासी नैनी, प्रयागराज (राजस्व निरीक्षक तहसील ज्ञानपुर) उम्र करीब 40 वर्ष ईलाजरत हैं। स्थानीय पुलिस द्वारा मृतकों के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को सड़क मार्ग से हटवाकर यातायात सुचारू कर दिया गया। अपर पुलिस अधीक्षक सहित सम्बंधित प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शोक संतृप्त परिजनों को सांत्वना दिया साथ ही हर संभव कानूनी मदद हेतु आश्वस्त कराया गया।

### मालगाड़ी की चपेट में आने से युवक की मौत, जीआरपी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**गोपीगंज।** पूर्वोत्तर रेलवे के वाराणसी मंडल स्थित ज्ञानपुर रोड रेलवे स्टेशन कोतवाली क्षेत्र के केड़वरिया फाटक के पूर्वी छोर पर मालगाड़ी की चपेट में आ जाने से 35 वर्षीय युवक संतोष गौतम की मौत हो गई। घटना के बारे में बताया जाता है कि पूरे भिखारी गांव निवासी संतोष कुमार गौतम 35 पुत्र स्व. सरजू गौतम की मंगलवार की देर रात वाराणसी से प्रयागराज की तरफ जा रही मालगाड़ी की चपेट में आने से मौत हो गई। मौत की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची जी आर पी युवक की शिनाख्त कराते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के बारे में बताया जाता है कि उसके दो पुत्र है वह केडवरिया में अंडे की दुकान लगाकर घर परिवार का भरण पोषण किया करता था। ट्रेन की चपेट में मृतक कैसे आया यह चर्चा का विषय बना हुआ है।

# पुलिस लाइन में वुमेन वॉक थान प्रतियोगिता का किया गया आयोजन

**भदोही।** पुलिस परिवार के कल्याणार्थ वामा सारथी के तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रमों के क्रम में जनपद के वामा सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा दीप शिखा के मार्गदर्शन में बुधवार को पुलिस कर्मियों के स्वास्थ्यवर्धन हेतु वुमेन वॉक थान प्रतियोगिता का आयोजन पुलिस लाईन ज्ञानपुर स्थित परेड ग्राउंड में किया गया। उक्त प्रतियोगिता में पुलिस लाईन सहित समस्त थाना, शाखा में नियुक्त महिला पुलिस कर्मियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। निर्णायक टीम द्वारा आयोजित प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले तीन प्रतिभागियों पूजा यादव पुलिस लाईन ज्ञानपुर, चिंता सिंह यादव महिला थाना, चंद्रकला यादव थाना ज्ञानपुर का चयन कर उन्हें पुरस्कृत किया गया एवं शेष अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया गया। सारथी उत्तर प्रदेश पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्षा ने बताया कि आगे भी पुलिसकर्मियों के वेलफेयर हेतु इस तरह के आयोजन किए जाते रहेंगे।

# इओ ने दिए सार्वजनिक शौचालयों के उचित रखरखाव के लिए निर्देश

**लालानगर।** नगर पालिका गोपीगंज स्थित समस्त सामुदायिक सार्वजनिक शौचालयों को शासन के निर्देश पर मॉडल स्तर पर सुसज्जित किए जाने का कार्य गोपीगंज अधिशासी अधिकारी अमिता सिंह द्वारा प्रारंभ कर दिया गया है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि सार्वजनिक शौचालयों का कायाकल्प करने का दिशा निर्देश शासन से प्राप्त हो चुका है, जिसमें महिलाओं के लिए इंसुलेटर मशीन की सुविधा और शौचालयों की साफ सफाई की निगरानी हेतु फीडबैक मशीन लगाई जाएंगी, इसी के साथ दिव्यांग लोगों के लिए रैंप की सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी, साथ ही मुख्यमंत्री के महत्वकांक्षी योजना स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत नगर सीमा के अंतर्गत एसटीपी प्लांट का प्रस्ताव पास करा दिया गया है। जिसके लिए आसपास भूमि चिन्हित भी किया गया है, उन्होंने बताया कि आने वाले समय में गोपीगंज के समस्त सामुदायिक शौचालयों पर बेहतर साफ-सफाई उपलब्ध रहेगी।

# धूमधाम से मनायी गयी सम्राट अशोक की जयंती

**गोष्ठी**

सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी ने उनकी जीवनी पर डाला प्रकाश

जनसंदेश न्यूज



सम्राट अशोक मौर्य की जयंती पर उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष आरिफ सिद्दीकी

**भदोही।** मौर्य वंश के महान चक्रवर्ती सम्राट अशोक महान के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष मो. आरिफ सिद्दीकी के आवास पर

विचार विमर्श गोष्ठी आयोजित किया गया। इस अवसर पर महान सम्राट अशोक महान के चित्र पर पूष्प अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।

इस दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष ने कहा कि मौर्य बंश के महान चक्रवर्ती अशोक सम्राट प्राचीन भारत में मौर्य वंश के चक्रवर्ती राजा थे। उनका पूरा नाम अशोक बिंदुसार मौर्य था और उनकी निडरता और दृढ़ता के लिए उन्हें अशोक महान कहा जाता था। वे अपने वंश के तीसरे महान राजा थे। जिसने भारत के सभी महाद्वीपों पर शासन किया था। वे बचपन से ही बहुत मेधावी थे। उनकी गिनती विश्व के महानतम शासकों में की जाती है। उनका जन्म 304 ईसा पूर्व पाटलिपुत्र में हुआ था जो आज का पटना है। अशोक मौर्य मौर्य वंश के दूसरे राजा बिंदुसार और रानी धर्म के पुत्र थे। भगवान बुद्ध के विचारों को दुनिया के कई देशों में लोगों तक पहुंचाने और बौद्ध धर्म का जोर-शोर से प्रचार करने के कारण उनका नाम पूरी दुनिया में मशहूर है। विचार गोष्ठी को जय राम मौर्या, कन्हैया लाल मौर्य, मुन्ना यादव, महेश यादव, धर्मेन्द्र यादव, राम चंद्र मौर्य, अयोध्या मौर्य, दिनेश मौर्य, रामजीत मौर्य, रमेश चंद्र मौर्य, ऋषिकेश मौर्य, प्रमोद यादव, सन्दीप मौर्य, हरीशचंद्र पटेल, रमेश मौर्य, राजेश मौर्य, दीपक विश्वकार्मा, राज कुमार यादव, दिलीप मौर्य, घनश्याम पासी, भाई लाल मौर्य, प्रमोद कुमार सिंह, अशोक सिंह, ब्रिज बहादुर मौर्य आदि ने भी संबोधित किया।

### विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान प्रथम चरण 1 अप्रैल से शुरू होगा



विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान की बैठक करते सीडीओ और सीएमओ

**ज्ञानपुर।** जिले में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का प्रथम चरण 1 अप्रैल से शुरू होकर 30 अप्रैल तक चलेगा। इस संबंध में सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन स्थित सभागार में बैठक हुई। अभियान की शुरूआत नगर नगर पालिका से 1 अप्रैल को हरी झंडी दिखाकर किया जायेगा। 17 अप्रैल से 30 अप्रैल तक दस्तक अभियान चलेगा। अभियान के सफल आयोजन के लिए 10 विभागों की मदद ली जा रही है। यह जानकारी मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर सन्तोष कुमार चक ने दी। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी व नोडल अधिकारी डॉक्टर जेसी सरोज ने बताया कि चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग इस अभियान में विभिन्न विभागों के बीच समन्वय के लिए नोडल विभाग बनाया गया है। संक्रामक व संचारी रोग अभियान व दस्तक अभियान के इस प्रथम चरण को भी पूर्व चरणों की भाति बेहतर ढंग से चलाया जायेगा। इस मुहिम में अलग-अलग विभाग अपना अहम योगदान कर रहा है। जैसे शिक्षा विभाग विद्यालय में संचारी रोगों के बारे में बच्चों को आसान भाषा में समझाएगा। साथ ही पोस्टर, वाद विवाद व निबंध लेखन प्रतियोगिताओं से उन्हें जागरूक करेगा। बाल विकास विभाग व स्वस्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से डायरिया, दस्त व इस बार आशा कार्यकर्ता ओआरएस का पैकेट व क्लोरीन की टैबलेट वितरित करेगा। इसी प्रकार नगर विकास विभाग एवं पंचायती राज विभाग नगरीय क्षेत्रों में नियंत्रण एवं संवेदीकरण करेगा। जिला मलेरिया अधिकारी डॉक्टर राम आसरे पाल ने बताया कि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग व बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग 17 अप्रैल से 30 अप्रैल संयुक्त रूप से दस्तक अभियान चलाएगा।

### एक अप्रैल से एनएच 19 पर चलना होगा और मंहगा



टोलप्लाजा लालानगर

**गोपीगंज।** भदोही जनपद के राष्ट्रीय राजमार्ग के एनएच 19 पर स्तिथ लाला नगर टोल प्लाजा से अगर आप को 1 अप्रैल से गुजरना है तो अब आपको टोल पहले से अधिक देना पड़ेगा। हर वर्ष 1 अप्रैल से टोल फीस में बढ़ोत्तरी होती है। ऐसे में अब जहां 1 अप्रैल से एक तरफ की यात्रा के लिए कार व हल्के वाहन के लिए 220 रुपया टोल टैक्स चुकाना पड़ेगा वही लोकल पास की फीस में भी बढ़ोत्तरी होगी। लोकल पास 330 रुपये महीने की दर पर बनेगा। लाला नगर में स्थित नेशनल हाईवे 19 पर टोल प्लाजा से अब अगर आप एक अप्रैल से गुजरेंगे तो आपको पहले से ज्यादा टोल फीस देनी पड़ेगी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के वाराणसी में स्थित क्षेत्रीय कार्यालय ने इस बाबत नई रेट लिस्ट जारी कर दी है। इस रेट लिस्ट में सभी तरह के वाहनों पर शुल्क में बढ़ोत्तरी की गई है। कार जीप और हल्के वाहनों के लिए अभी तक 210 रुपये टोल एक तरफ की यात्रा के लिए लगता था अब वह 220 हो गया है। हल्के कमर्शियल वाहनों पर 340 की जगह 360, दो एक्सेल के बस और ट्रक का 715 की जगह 750, तीन एक्सेल के कमर्शियल वाहनों पर 780 की जगह 820, चार और छः एक्सेल के वाहनों का 1120 की जगह 1180 और 7 एक्सेल और उससे अधिक के वाहनों का 1365 की जगह 1435 रुपये एक तरफ की यात्रा का टोल देना होगा।

### दुर्गागंज व क्राइम ब्रांच की संयुक्त टीम ने पच्चीस हजार के इमामी को महाराष्ट्र से दबोचा

**ज्ञानपुर।** पुलिस अधीक्षक डॉ. अनिल कुमार के निर्देशन में भदोही पुलिस द्वारा शातिर व पेशेवर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत क्राइम ब्रांच व थाना दुगार्गंज की संयुक्त पुलिस टीम ने महाराष्ट्र से पच्चीस हजार रुपए के इनामी आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की हैं। पच्चीस हजार हजार रुपये का पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय आरोपी पंकज यादव पुत्र सत्यनारायण यादव निवासी ग्राम गद्दोपुर थाना जंसा जनपद वाराणसी को शिलफाटा चौराहा थाना पालघर, थाणे, महाराष्ट्र से गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त हुई है। पुलिस टीम ने गिरफ्तारशुदा आरोपी पंकज को ट्रांजिट रिमांड पर मुंबई से ले आकर जनपदीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया।





सख्त रुख

# हेट स्पीच पर सुप्रीम कोर्ट ने जताई नाराजगी



कहा- नेहरू- वाजपेयी को याद कीजिए लोग उन्हें सुनने दूर-दूर से आते थे

सुप्रीम कोर्ट ने हेट स्पीच को लेकर नेताओं को नसीहत दी है। कोर्ट ने बुधवार को हेट स्पीच देने वालों को पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और अटल बिहारी वाजपेयी की मिसाल दी। कोर्ट ने कहा- वाजपेयी और नेहरू को याद कीजिए, जिन्हें सुनने के लिए लोग दूर-दराज से इकट्ठा होते थे। जस्टिस केएम जोसेफ और बीवी नागरत्ना की बेंच ने कहा- दूसरों को बदनाम करने के लिए हर रोज टीवी और सार्वजनिक मंचों पर भाषण दिए जा रहे हैं। ऐसे लोग खुद को कंट्रोल नहीं कर सकते। जिस दिन राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे। नेता राजनीति में धर्म का उपयोग करना बंद कर देंगे, उसी दिन नफरत फैलाने वाले भाषण भी बंद हो जाएंगे।



जब राजनीति और धर्म अलग हो जाएंगे तब राजनीति में धर्म का प्रयोग बंद हो जाएगा

## कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता

पिछली सुनवाई में जस्टिस नागरत्ना ने कहा था कि हेट स्पीच को लेकर कोर्ट के आदेश के हर उल्लंघन पर सुप्रीम कोर्ट ध्यान नहीं दे सकता है। अगर हर छोटी अवमानना की याचिका पर सुनवाई होने लगे तो सुप्रीम कोर्ट देश भर से हजारों याचिकाओं से भर जाएगा। सुनवाई के दौरान जस्टिस केएम जोसेफ ने इस बात पर जोर दिया कि अवमानना याचिका की सुनवाई होनी चाहिए। जस्टिस केएम जोसफ ने कहा- यह 21वीं सदी है। हम धर्म के नाम पर कहां आ पहुंचे हैं? हमें एक धर्मनिरपेक्ष और सहिष्णु समाज होना चाहिए, लेकिन आज घृणा का माहौल है। सामाजिक तानाबाना बिखरा जा रहा है। हमने ईश्वर को कितना छोटा कर दिया है। उसके नाम पर विवाद हो रहे हैं। जस्टिस केएम जोसेफ और न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना की पीठ ने इस बात पर हैरानी जताते हुए कहा कि अदालतें कितने लोगों के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई शुरू कर सकती हैं। पीठ ने नफरत भरे भाषण देने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने में विफल रहने के लिए विभिन्न राज्य प्राधिकरणों के खिलाफ एक अवमानना याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि हर दिन अराजक तत्व टीवी और सार्वजनिक मंचों पर दूसरों को बदनाम करने के लिए भाषण दे रहे हैं। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने एक व्यक्ति की ओर से एक विशेष समुदाय के खिलाफ केरल में दिए गए अपमानजनक भाषण की ओर भी कोर्ट का ध्यान आकृष्ट किया। उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता शाहीन अब्दुल्ला ने देश में नफरत भरे भाषणों की घटनाओं को चुनिंदा रूप से इंगित किया है।



शाहीन अब्दुल्ला ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर करते हुए कहा था कि सुप्रीम कोर्ट राज्यों को कई बार हेट स्पीच पर लगाम लगाने के आदेश दे चुका है। इसके बावजूद हिंदू संगठनों की हेट स्पीच पर लगाम लगाने में महाराष्ट्र सरकार विफल रही है। याचिकाकर्ता ने मांग की थी कि महाराष्ट्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई की जाए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पिछली सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील निजामुद्दीन पाशा ने कोर्ट में कहा कि महाराष्ट्र पुलिस को एक हिंदू संगठन के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। संगठन पिछले चार महीने में 50 से अधिक रैलियां आयोजित कर चुका है।

## एक अन्य मामले में महाराष्ट्र सरकार से मांगा जवाब

वहीं, सुप्रीम कोर्ट ने महाराष्ट्र सरकार से शीर्ष अदालत के आदेशों के बावजूद हिंदू संगठनों द्वारा नफरत भरे भाषणों को नियंत्रित करने में विफल रहने के लिए उसके खिलाफ दायर एक अवमानना याचिका का जवाब देने को कहा है। सुप्रीम कोर्ट ने मामले की सुनवाई के लिए 28 अप्रैल की तारीख तय की है।

सात्विक आहार-विहार के साथ अपनायी गयीं आयुर्वेद दवाएं गंभीर बीमारियों को भी जड़ से खत्म करतीं हैं

# बदलते चिकित्सकीय परिवेश में आज भी आयुर्वेद पद्धति जीवंत



जड़ी बूटी को कूटने के लिए रखा गया अलग-अलग पत्थर




मोती, पुखराज, लौह भस्म के साथ सत्तर साल पुराने अर्क व अन्य दवाएं

### अलग-अलग पत्थरों पर जड़ियों को कूटने से उस औषधि की बढ़ती है गुणवत्ता

### देश भर से लोग विभिन्न रोग की दवा लेने आते हैं वैद्य डॉ. जीवन दास के पास

### अरब से मंगाये गये सीमाक पत्थर पर हीरा कूटकर बनाया जाता है हीरे का भस्म

आयुर्वेद दुनिया की सबसे पुरानी चिकित्सा पद्धतियों में से एक है। प्रकृति आधारित इस पुरातन चिकित्सा पद्धति में शारीरिक संरचनाओं, प्राकृतिक क्रियाओं और ब्रह्मांड के तत्वों के समन्वय के सिद्धांत पर इलाज का प्राविधान है। हिंदू धर्म के प्राचीन ग्रंथ यजुर्वेद, ऋग्वेद, सामवेद व अथर्ववेद में भी चिकित्सा प्रणाली का उल्लेख है। ऋग्वेद में 67 पौधों, जबकि अथर्ववेद और यजुर्वेद में क्रमशः 293 व 81 औषधीय पौधों का जिक्र है। आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति इन वेदों से प्राप्त ज्ञान पर आधारित है।



(वैद्य) डॉ. जीवन दास अग्रवाल

### पिता के मामा से मिली प्रेरणा

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि बड़ागांव में ब्रिटिश हुकुमत में वैद्य हुआ करते थे बलदेव दास जी जो उनके पिता के मामा थे, गर्मी के दिनों में वहां जाने के बाद घुमने फिरने के बदले उनके( पिता के मामा) साथ जड़ी बूटी को कूटने में सबसे ज्यादा आनंद की अनुभूति होती थी। इसमें मन देख नाना ने इस विधा को सीखने की सलाह दी और फिर बड़ागांव आयुर्वेद कॉलेज में तालीम ली और फिर लोगों की सेवा में लग गये।

खास मुलाकात

अश्वनी कुमार श्रीवास्तव

**वाराणसी**। राजा दरवाजा की तंग गलियों में वैद्य जी के नाम से प्रसिद्ध 90 वर्षीय (वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल अपने पूर्वजों के बनाये लगभग 100 साल पुराने भवन के निचले हिस्से में आयुर्वेद का दवाखाना चलाते हैं, दवाखाना भी ऐसा कि पहली बार मे कोई भी धोखा खा जाये, क्योंकि आज एक छोटा सा क्लीनिक चलाने वाले डॉक्टर भी अपनी डिग्री से ज्यादा उस क्लीनिक को सजाने का कार्य कर रहे हैं। जिस परिवेश में आयुर्वेद के ईलाज को लोग महंगा समझते हैं वहां उनके दवाखाना में पचास रुपये में भी रोग को जड़ से खत्म कर दिया जाता है। गरीबों के लिए निःशुल्क दवा देने में भी नहीं कतराते, व्यवसायिकरण से दूर साधारण रुप से लोगों के सेवार्थ इस दवाखाना को चलाने वाले (वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल से जनसंदेश टाइम्स की खास मुलाकात।

### अलग-अलग पत्थरों पर कूटते हैं औषधि

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि औषधियों को कूटने के लिए पत्थरों का विशेष महत्व होता है। जिससे औषधियों की गुणवत्ता और बढ़ जाती है। सीमाक पत्थर पर हीरे को कूटते हैं तब जाकर वह भस्म बनता है। बताते हैं कि सीमाक पत्थर अरब से मंगाया गया है जिसकी कीमत उन दिनों 30 हजार रुपये थी।

### सात प्रकार के नमक से बनती है औषधि

आम जन को सिर्फ एक या दो प्रकार के नमक की जानकारी है लेकिन आयुर्वेद दवा बनाने के लिए वह सात प्रकार के नमक को मंगाते हैं, जिससे विभिन्न प्रकार की औषधि तैयार की जाती है। जिसमें साधारण नमक, सेंधा नमक, समुद्री नमक, काला नमक, रोहतक नमक, सांभर नमक शामिल है।


### जड़ी मंगाकर खुद बनाते हैं दवा

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि वह जड़ियों को मंगाकर घर पर ही दवा बनाते हैं, चाहे वह लौह भस्म हो, स्वर्ण भस्म हो, पोखराज भस्म हो या फिर पारे का भस्म। उनके साथ अन्य लोग भी लगे रहते हैं, चुनार मध्य प्रदेश व अन्य स्थानों से जड़ियों को मंगाते हैं। शहद बरेली से मंगवाते हैं।

### टीबी, कैंसर का भी इलाज

(वैद्य) डॉ.जीवन दास अग्रवाल बताते हैं कि टीबी व कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों का भी ईलाज उनके पास है लेकिन उसके साथ आयुर्वेद के नियमों का पालन करना होगा। बताया कि कोरोना कोई गंभीर बीमारी नहीं थी बल्कि दमा का एक अंश था।





100 साल पुरानी आयुर्वेद की किताबों से जड़ियों के बारे में पढ़ते



घर पर ही जड़ी बूटी को कूटते दवाखाना के कारीगर

# रामनवमी पर एक साथ बन रहा 5 दुर्लभ संयोग



डा. शालिनी कृष्णा खरे

**उपयोगिता**

### पुनर्वसु नक्षत्र व कर्क लग्न में हुआ था भगवान राम का जन्म

### हिंदू धर्म में रामनवमी का बहुत बड़ा महत्वः डा. शालिनी कृष्णा खरे

**वाराणसी**। हिंदू धर्म में रामनवमी का बहुत बड़ा महत्व है, इस दिन नवरात्र का भी समापन होता है। चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की नवमी के दिन पुनर्वसु नक्षत्र में और कर्क लग्न में भगवान राम का जन्म हुआ था। इस बार यह तिथि 29 अप्रैल दिन गुरुवार को है। इस दिन भक्त उपवास रख कर राम नाम का जप करते हैं। डा. शालिनी कृष्णा खरे ने बताया कि इस बार रामनवमी पर कई विशेष संयोग बन रहे हैं। इन संयोग में उपवास रखकर मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बार रामनवमी पर ग्रह-नक्षत्रों का बहुत ही शुभ और दुर्लभ संयोग बनने जा रहा है। ज्योतिषीय गणना के अनुसार इस बार रामनवमी के पर्व पर एक साथ 5 दुर्लभ संयोग बन रहा है। राम नवमी पर अमृत सिद्धि योग, गुरु पुष्य योग, शुभ योग, सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग बन रहे हैं। इसके अलावा रामनवमी गुरुवार के दिन पड़ने से इसका महत्व काफी बढ़ गया है। इस वर्ष रामनवमी का पर्व 30 मार्च को मनाया जा रहा है।

### रामनवमी पर कैसे करें पूजा

डा. शालिनी कृष्णा खरे के मुताबिक रामनवमी के दिन ब्रह्म मुहूर्त में स्नान आदि से निवृत होकर भगवान राम का ध्यान करें और व्रत रखने का संकल्प लेना चाहिए। स्वच्छ वस्त्र धारण करके पूजा स्थल पर सभी प्रकार की पूजन सामग्री लेकर बैठें। पूजा की थाली में तुलसी और कमल पुष्प अवश्य रखें। इसके बाद रामदरबार की तस्वीर या मूर्ति की स्थापना करें और गंगाजल से छीटें देकर धूप-दीप से घर में घट स्थापना करें। रामलला की मूर्ति को माला और फूल से सजाकर पालने में झूलाएं। इसके बाद रामनवमी की पूजा षोडशोपचार करें और भगवान राम की आरती उतारें। आरती के बाद रामायण तथा राम रक्षास्त्रोत का पाठ करना उत्तम माना जाता है। इसके अलावा विष्णु सहस्रनाम का पाठ कर सकते हैं। भगवान राम को खीर, फल और अन्य प्रसाद चढ़ाएं। पूजा के बाद घर की सबसे छोटी कन्या के माथे पर तिलक लगाएं। इस व्रत के विषय में अगस्त्य संहिता में कहा गया हैः चैत्रशुक्ला तु नवमी, पुनर्वसुयुता यदि,सैव मध्याह्नयोगेन, महापुण्यतमा भवेद्। पुनर्वसुसमायुक्ता, सा तिथिः सवर्कामदा।।अर्थात चैत्र शुक्ल नवमी यदि पुनर्वसु नक्षत्र से युक्त हो और मध्याह्न में भी वही योग हो तो वह परम पुण्यप्रदान करने वाली होती है।

# भूटान के किस बयान से बढ़ेगी भारत की टेंशन

### अपनी सीमा के भीतर गांव बसाने की खबर का किया खंडन

### भारत के साथ अपनी सीमा संबंधी समझौते के उलट भूटान का यह है रुख



भूटान के प्रधानमंत्री लोटे छूंग ने बेल्जियम के अखबार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में जो कुछ कहा है, उससे भारत की टेंशन बढ़ सकती है। 2020 में ऐसी कई रिपोट्र्स आई थीं, जिनमें बताया गया था कि भूटान के बॉर्डर के भीतर चीन गाँव बना रहा है. लेकिन अब ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में लोटे छूंग ने कहा है कि चीन ने जो गाँव बनाए हैं, वे भूटान के भीतर नहीं हैं। भूटान के प्रधानमंत्री ने हाल ही में बेल्जियम का दौरा किया था और उन्होंने वहीं यह इंटरव्यू दिया था। फ्रेंच भाषा के अखबार ला लेब्रे को दिए इंटरव्यू में भूटानी प्रधानमंत्री ने कहा है, "हमने स्पष्ट रूप से कहा है कि कोई अतिक्रमण नहीं हुआ है। यह एक अंतरराष्ट्रीय सीमा है और मुझे पता है कि हमारा हिस्सा कहाँ तक है। भूटान में चीनी निर्माण को लेकर मीडिया में कई तरह की बातें कही जा रही हैं. हमें इससे कोई मतलब नहीं है क्योंकि यह भूटान में नहीं है। भूटानी प्रधानमंत्री के इस दावे को कई विशेषज्ञ सच नहीं मान रहे हैं और उनका कहना है कि उन्होंने चीन के दबाव में ऐसा बयान दिया है। रॉबर्ट बर्नेट तिब्बती इतिहास के विद्वान हैं और वह किंग्स कॉलेज लंदन में लाउ चाइना इंस्टिट्यूट से जुड़े हैं। उनका कहना है कि चीन ने जो गाँव बनाए हैं, वे भूटान में उत्तरी, पश्चिमी और उत्तर-पूर्वी सीमा के भीतर हैं। रॉबर्ट बर्नेट ने लिखा है कि चीन ने तीन गाँव भूटान की उत्तरी सीमा के मिड-सेक्टर में बनाए हैं। दो गाँव भूटान के लुहेंत्से इलाके उत्तर-पूर्व में हैं और बाकी के पाँच गाँव पश्चिमी सीमा के भीतर हैं. बर्नेट का कहना है कि वे यह बात अंतरराष्ट्रीय, चीनी और भूटानी नक़्शे के आधार पर कह रहे हैं। बेल्जियम के अखबार को दिए इंटरव्यू में भूटानी प्रधानमंत्री ने यह भी कहा है कि डोकलाम मुद्दा केवल उनका नहीं है बल्कि इसमें चीन और भारत भी जुड़े हैं। इसी साल जनवरी महीने के दूसरे हफ़्ते में भूटानी और चीनी अधिकारी चीन के दक्षिणी-पश्चिमी शहर कुनमिंग में सीमा विवाद पर बातचीत के लिए मिले थे। सीमा विवाद को सुलझाने के लिए दोनों पक्षों के बीच थ्री स्टेप रोडमैप पर बात हुई थी। इस बैठक के बाद भूटान और चीन की ओर से संयुक्त बयान जारी किया गया था। इस बयान में कहा गया था, "दोनों पक्षों के बीच सीमा विवाद पर गंभीरता से बात हुई। इसके तहत थ्री स्टेप रोडमैप से जुड़े एमओयू को लागू करने पर भी बात हुई है. इस दौरान दोनों पक्ष सकारात्मक सहमति पर पहुँचे हैं. दोनों पक्ष थ्री स्टेप रोडमैप लागू करने पर सहमत हैं। दोनों पक्ष इस बात पर भी सहमत हैं कि दोनों देशों के बीच विशेषज्ञ समूहों के बीच बैठकें बढ़नी चाहिए। दोनों देशों के बीच 25वीं सीमा वार्ता पारस्परिक सहमति की तारीख पर होगी। बर्नेट का कहना है कि भूटानी पीएम को लग रहा है कि चीन ने अपने इलाके में गाँव बनाए हैं तो अंतरराष्ट्रीय, चीनी और भूटानी नक़्शे जो लंबे समय से प्रचलन में हैं, वे गलत हैं. बर्नेट का कहना है कि या फिर ये हो सकता है कि भूटान ने मान लिया है कि जिन इलाकों में चीन ने गाँव बनाए हैं, वे उनके नहीं थे। कहा जा रहा है कि भूटानी पीएम की इस घोषणा से भारत के लिए स्थिति और जटिल हो गई है। 2017 में डोकलाम में चीन और भारतीय सैनिक आमने-सामने थे। तब भूटान ने डोकलाम में चीन की ओर से सीमा पर अवैध निर्माण की शिकायत की थी। इसके अलावा भूटान भारत की सुरक्षा चिंताओं को लेकर संधि से बंधा हुआ है. भूटान भारत की सहमति के बिना किसी तीसरे देश से सीमा को लेकर समझौता नहीं कर सकता है। बेल्जियम के अखबार को दिए इंटरव्यू में भूटानी पीएम ने डोकलाम को लेकर कहा है, "डोकलाम भारत, चीन और भूटान के बीच ट्राइजंक्शन है. यह मुद्दा केवल भूटान के लिए नहीं है. इसमें हम तीन हैं। बर्नेट ने लिखा था, "चीन को भूटान में जमीन की जरूरत नहीं है. चीन भूटान को मजबूर कर रहा है कि वह जहाँ चाहे वहाँ उसे जमीन मिल जाए ताकि भारत से टकराव की स्थिति में उसे सामरिक बढ़त मिले। चीन भारत से लगी सीमाओं पर भी यथास्थिति बदल रहा है. चीन ने 1962 में भारत पर हमला किया था। इसके अलावा 1967 और 1987 में दोनों देशों के बीच सैन्य संघर्ष हो चुका है। 2020 में पूर्वी लद्दाख के गलवान में भारत और चीन के 24 सैनिक आपसी झड़प में मारे गए थे। बर्नेट ने लिखा था, "चीन ने पहले भी भूटान से होते हुए रोड बनाने की कोशिश की थी लेकिन यह मुख्य रूप से पश्चिमी इलाके में था और इसमें सीमित सफलता ही मिली थी।